दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023, सावन शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-96 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पंजाब में धड़ाधड़ मोबाइल बिक रहे हैं। मुफ्त बिजली के कारण जो पैसे बच रहे हैं, उससे लोग अपने बच्चों को मोबाइल खरीद कर दे रहे हैं, ताकि वे मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई कर सके। पंजाब सरकार खबरिया चैनलों पर ऐसा विज्ञापन देकर पंजाब में शिक्षा का नया मॉडल पेश कर रही है। लगता है वहां सब स्कूल बंद किए जाएंगे और कोरोना काल की तरह बच्चे घर बैठकर मोबाइल के जरिए पढ़ाई करेंगे। यह ठीक है कि दिल्ली की तरह पंजाब सरकार के पास भी कारू का खजाना है लेकिन उसे किसी ढंग के विज्ञापन पर लुटाओ भैय्या।

//-- सुविचार --//

लोग चाहते हैं कि आप बेहतर करें, लेकिन ये भी तो सत्य है कि वो कभी नहीं चाहते कि आप उनसे बेहतर करें!!

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:14 प्रात:
अस्त : 06:37 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.0	24.0
जमशेदपुर	34.0	26.0
हजारीबाग	33.0	29.0
डालटनगंज	35.0	28.0

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली अध्यादेश पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के सेवा अध्यादेश को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका को पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेज दिया है। अब जल्द ही संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई शुरू करेगी। डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- क्या आप दोनों एक जज को नहीं चुन सकते? दिल्ली सरकार और एलजी ने जवाब दिया कि वे आम सहमति बनाने में विफ ल रहे हैं। केंद्र सरकार ने दिल्ली अध्यादेश के जरिए अफ सरों के ट्रांसफ र-पोस्टिंग के अधिकार उपराज्यपाल को दे दिए थे। दिल्ली सरकार इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा- हम यह मामला पांच जजों के संविधान पीठ को भेजना चाहते हैं। फि र संविधान पीठ तय करेगा कि क्या केंद्र इस तरह संशोधन कर सकता है या नहीं? केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफ नामा दायर करते हुए कहा कि संविधान का आर्टिकल 246(4) संसद को भारत के किसी भी हिस्से के लिए और किसी भी मामले के संबंध में कानून बनाने का अधिकार देता है जो किसी राज्य में शामिल नहीं है।

आतंकी फंडिंग मामले में पत्रकार गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी फंडिंग मामले में एक पत्रकार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्रकार की पहचान मुजम्मिल जहूर मलिक निवासी बारामूला इंदरगाम पट्टन के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारी ने गुरूवार को कहा कि आरोपी मुजम्मिल जहूर मलिक को श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपित से फर्जी दस्तावेज और फर्जी पहचान पर बने बैंक खाते में आतंकी धन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पत्रकार मुजामिल जहूर मलिक ने जाली दस्तावेजों, फर्जी पहचान पर बने अपने बैंक खाते में आतंकी धन जमा करके रखा था। उन्होंने कहा कि आरोपी सोशल मीडिया पर एक न्यूज पेज चला रहा था। उन्होंने कहा कि नौगाम पुलिस थाना की धारा 13,18, 40 और आईपीसी की धारा 120बी, 121, 124, 124, के तहत 5 आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किए जा चुका हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, दिए निर्देश

प्रमंडलों में 24X7 हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करें

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : राज्य में स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यहां के अस्पतालों में जांच और इलाज की बेहतर और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी संसाधन की जरूरत होगी, सरकार उसे मुहैया कराएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रमंडल के सदर अस्पतालों में इलाज और जांच की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 24 गुणा 7 हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करने का निर्देश दिया। इसकी शुरुआत दुमका से होगी। 300 बिस्तर की क्षमता वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जांच- इलाज के सभी अत्याधुनिक संसाधन होंगे। सर्विसेजहोगी। यहां सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाए, ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

चिकित्सकों की नियुक्ति में तेजी लायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए चिकित्सकों और अन्य पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया । उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकतानुसार अनुबंध पर भी चिकित्सकों को नियुक्त करें ताकि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित नहीं हो।

पंचायत दवा दुकान के लाइसेंस में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की पंचायत स्तर दवा दुकान की योजना के तहत जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा पंचायतों में दवा दुकान खोलने की प्रक्रिया तेज हो। उन्होंने कहा कि जो भी पारा मेडिकल में प्रशिक्षित है, उन्हें भी इस योजना संचालन से जोड़ने की पहल करें। इस मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पंचायत स्तर दवा दुकान के लिए अब तक 24 सौ आवेदन मिल चुके हैं, जिनमें से 663 आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है।

आयुष्मान भारत के मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत मरीजों के इलाज में अस्पतालों द्वारा कोताही बरतने की बात लगातार सामने आ रही है। यह कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत अस्पतालों के लंबित राशि का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों के इलाज में अस्पताल कोताही नहीं बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज की पात्रता के लिए आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड अगर किसी के पास नहीं है तो 8 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वालों को भी इस श्रेणी में शामिल किया जाए।

मेडिकल कॉलेजों में चल रहे निर्माण कार्य में अब और विलंब बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में कई वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है, इसमें पहले ही से काफी विलंब हो चुका है और विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो डेडलाइन तय किए गए हैं, उसके अंदर सभी निर्माण पूरे हो जाने चाहिए। उन्होंने पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज तथा रिम्स में छात्रावास का निर्माण करा रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी को 0 टर्मिनेट करने का भी निर्देश दिया।

एंबुलेंस का परिचालन सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में 206 एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया था। लेकिन, कुछ कारणों से कई एंबुलेंस के नहीं चलने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी 206 एंबुलेंस का नियमित और सुचारू परिचालन अविलंब सुनिश्चित करें।

सर्पदंश से मौत के मामले चिंताजनक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के शुरू होते ही सर्पदंश की कई मामले सामने आ रहे हैं। मैंने पहले ही सभी अस्पतालों में सर्प दंश के मरीजों के इलाज और दवा की पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। लेकिन, फिर भी अब तक 45 से ज्यादा सर्पदंश से मौत की बातें सामने आ चुकी है। यह चिंताजनक है। उन्होंने विभाग को कहा कि जहां सर्प दंश से मौतें हुई है, वहां के संबंधित चिकित्सकों को शो-कॉज जारी किया जाए।

बैठक में ये रहे उपस्थित

उच्च स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री सुनील कुमार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक श्री आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर अभियान निदेशक श्री विद्यानंद शर्मा पंकज , अपर सचिव श्री जय किशोर प्रसाद, अपर सचिव शशि प्रकाश झा, संयुक्त सचिव मेधा भारद्वाज, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह , रिम्स रांची के निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, रिनपास के निदेशक डॉ जयंती शिमले, आयुष निदेशक डॉ फजलूस शमी और निदेशक ड्रग्स श्रीमती रितु सहाय समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

पहले दिन मणिपुर पर हंगामे की भेंट चढ़ी लोस-रास की कार्यवाही

नई दिल्ली : मणिपुर में जातीय हिंसा मई के बाद रुकने का नाम नहीं ले रही है, इस बीच महिलाओं से जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद देश अपना गुस्सा जाहिर कर रहा है। हालांकि मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने इस घटना की निंदा की, लेकिन विपक्ष ने मणिपुर को लेकर खूब हंगामा किया जिसके कारण मानसून सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में कोई कामकाज नहीं हुआ। विपक्ष की मांग है कि पीएम मोदी मणिपुर पर संसद में बयान दें। संसद का मानसून सत्र गुरुवार से शुरू हो गया।

पीएम मणिपुर पर संसद में बयान दें : विपक्ष

हाल ही में 26 दलों के विपक्ष के नए गठबंधन इंडिया का गठन हुआ है, इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मानसून सत्र के लिए रणनीति बनाने के लिए गुरुवार को संसद परिसर में मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में मुलाकात की और इसके बाद विपक्ष ने दोनों सदनों में मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग की।

खरगे बोले- हिंसा के 80 दिन बाद भी मणिपुर नहीं गए पीएम

मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामले पर स्थगन नोटिस भी दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा भड़के लगभग 80 दिन हो गए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न तो राज्य का दौरा किया है और न ही वहां की स्थिति पर एक शब्द भी बोला है। साथ ही खड़गे ने ट्विटर पर यह भी कहा कि मणिपुर जल रहा है। महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है, उन्हें नग्न घुमाया जा रहा है और भयानक हिंसा हो रही है। लेकिन प्रधानमंत्री इतने लंबे समय से चुप हैं। खरगे ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे को राज्यसभा में भी उठाया और मांग की कि प्रधानमंत्री मोदी के इस मामले पर बयान देने के साथ ही मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की जाए। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री के पास फ्रांस, अमेरिका का दौरा करने का समय है। उनके पास 38 पार्टियों (एनडीए बैठक) को बुलाने का समय है, लेकिन उनके पास मणिपुर जाने का समय नहीं है, जबकि उनके पास सभी संसाधन हैं। मोदी सरकार और भाजपा ने राज्य के नाजुक सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करके लोकतंत्र और कानून के शासन को भीड़तंत्र में बदल दिया है।

मेरा दिल गुस्से से भर गया है : मोदी

पीएम मोदी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत में कहा कि इस भयावह वीडियो को देखकर उनका दिल दुख से भर गया है। मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। मैं लोकतंत्र के इस मंदिर के सामने खड़ा हूं, मेरा दिल दर्द और गुस्से से भर गया है। मणिपुर की घटना किसी भी सभ्य राष्ट्र के लिए शर्मनाक है। पूरा देश शर्मसार हुआ है।

मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना पर भड़के चीफ जस्टिस, बोले-

सरकार तुरंत कार्रवाई करें, वर्ना हम करेंगे

नई दिल्ली : मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जो हुआ वह पूरा तरह अस्वीकार्य है। सरकार इस पर तुरंत कार्रवाई करे। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार इस पर कार्रवाई नहीं करती है तो हम करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सांप्रदायिक टकराव के क्षेत्र में महिलाओं को किसी चीज की तरह इस्तेमाल करना संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि घटना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह काफी परेशान करने वाला है। सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि हम सरकार को थोड़ा समय दे रहे हैं। अगर आगे जमीन पर कुछ नहीं होता है तो हम खुद कार्रवाई करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि इस घटना के जिम्मेदारों के खिलाफ जो भी कार्रवाई हो, उसके बारे में कोर्ट को पूरी जानकारी दी जाए। मीडिया में जो भी इस घटना के बारे में दिखाया गया और इस हिंसा के बीच महिलाओं का इस्तेमाल संवैधानिक लोकतंत्र की भावनाओं के खिलाफ है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार इस बारे में सभी कदमों की जानकारी दे। सीजेआई ने इस मामले की सुनवाई अगले शुक्रवार तक टाल दी।

बृजभूषण को शर्तों के साथ रेगुलर बेल मिली

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को नियमित जमानत दे दी है। कोर्ट ने कुश्ती महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर सिंह को भी नियमित जमानत दे दी। कोर्ट ने दोनों को 25-25 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी है। कागजातों की जांच के लिए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की गई है। बृजभूषण पर 6 बालिग महिला पहलवानों के यौन शोषण का केस चल रहा है। इस केस में पुलिस चार्जशीट पेश कर चुकी है। कोर्ट ने बृजभूषण को जमानत देते हुए कई शर्तें लगाईं। कोर्ट ने कहा कि आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिकायतकर्ताओं या गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे। कोर्ट की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे। सुनवाई के दौरान पीड़ितों के वकील ने जमानत दिए जाने को लेकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि सांसद राजनीतिक रूप से ताकतवर हैं और वह गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं लिहाजा उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

सर्पदंश के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य में सर्पदंश के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने एडवाइजरी जारी की है। बताया गया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में एंटी स्नेक वेनम की 9532 डोज उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने रिम्स निदेशक समेत सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्राचार करते हुए सर्पदंश से होने वाली आकस्मिक घटनाओं के बचाव, रोकथाम और उपचार से संबंधित मार्गदर्शिका का अनुपालन करने का निर्देश दिया है।

विभाग की एडवाइजरी में कहा गया है कि सर्पदंश से लोगों की मौत का मुख्य कारण इलाज में देरी और समुदाय में जागरुकता की कमी है। राज्य में पाए जाने वाले सांप की 250 से अधिक प्रजाति में केवल 25 प्रतिशत ही जहरीली है। रसेल वाइपर सबसे ज्यादा खेतों में मिलता है, जिसके काटने पर खून पतला हो जाता है और ब्लीडिंग शुरू हो जाती है जबकि करैत काले रंग का होता है और सफेद रंग की रिंग जैसी बैंड बने होते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामले के बढ़ने की आशंका को देखते हुए अपने-अपने संस्थानों में एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि सर्पदंश से सावधानी और इलाज के प्रति लोगों को जागरूक कराने पर ध्यान दें, ताकि उन्हें नजदीकी अस्पताल में ससमय इलाज मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके।

यह भी निर्देश

- सीएचसी व पीएचसी में चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्यकर्मियों का नेशनल स्नेक बाइट मैनेजमेंट प्रोटोकॉल संबंधित प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित किया जाए।
- सभी सर्पदंश से पीड़ित व्यक्तियों की रिपोर्ट आईडीएसपी आईएचआईपी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें।
- सर्पदंश होने पर प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें।

इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- जिस स्थान पर सांप ने काटा है, वहां किसी चीज जैसे रस्सी या रूमाल से हल्का बांधें, जोर से न बांधे।
- किसी भी स्थिति में जहां स्नेक वाइट है, वहां नहीं काटें, काटने से जहर फैलता है।
- सांप के बाइट की जगह काटना, चूसना, दबाना बिल्कुल न करें।
- जहां सांप ने काटा है, वहां तेज धारा से पानी मारें, ताकि विष निकल जाए। पीड़ित को तसल्ली देकर शांत रखने का प्रयास करें, जिससे बीपी नियंत्रित रहे। जितना बीपी बढ़ेगा, शरीर में जहर उतनी ही तेजी से फैलेगा।
- कोशिश करनी चाहिए कि सर्पदंश से पीड़ित को एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन जल्द से जल्द लग जाए। मरीज को डरने नहीं दें। उसे आश्वस्त करें कि दवा देने से वह ठीक हो जाएगा।

रांची को मिले गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री को भेंट की

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में गुरुवार को राज्य के विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अरुण कुमार सिंह ने मुलाकात कर विश्व यक्ष्मा दिवस 2023 के अवसर पर वाराणसी में हुए कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन को लेकर श्रेष्ठ कार्य करने के लिए रांची जिले को मिले गोल्ड मेडल तथा प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री को सप्रेम भेंट की। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि विश्व यक्ष्मा दिवस के उपलक्ष्य में मार्च में टीबी उन्मूलन से संबंधित एक कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में वाराणसी में आयोजित की गई थी, जहां टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित राज्यों एवं जिलों को सम्मानित किया गया था। इसी क्रम में झारखंड में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिए रांची जिला का चयन हुआ था। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने टीबी उन्मूलन को लेकर रांची जिला द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रंजीत प्रसाद उपस्थित थे।

एक नजर

यौन शोषण मामले में प्रदीप यादव पर चल रही कार्यवाही पर हाई कोर्ट की रोक जारी

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में गुरुवार को महिला अधिवक्ता के साथ यौन शोषण करने के आरोपित कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। प्रदीप यादव ने दुमका कोर्ट में उनके खिलाफ यौन शोषण के केस में हुए चार्जफ्रेम की प्रक्रिया को चुनौती दी है। इस केस में फिलहाल वह बेल पर हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा और अनिल वास्तवडे ईडी कोर्ट में पेश

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपित गुरुवार को ईडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अदालत में आज ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था लेकिन गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख पांच अगस्त को निर्धारित की है। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई और ईडी ने की है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बंधु तिर्की और हरिनारायण राय को कोर्ट सजा सुना चुका है। कई लोग अभी भी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

झारखंड आतंकियों और घुसपैठियों की शरणस्थली बना : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को लोहरदगा जिला के सादर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रोड में एनआईए द्वारा गिरफ्तार आईएसआईएस के आतंकी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में विगत तीन वर्षों में राष्ट्र विरोधी आतंकी शक्तियों का मनोबल बढ़ा है। राज्य में लोहरदगा, धनबाद, जमशेदपुर सहित संथाल परगना क्षेत्र के जिले ऐसे आतंकवादी संगठनों, घुसपैठियों की शरणस्थली बन गए हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में विगत दिनों प्रायोजित दंगों के द्वारा माहौल को बिगाड़ने और अशांत करने की कोशिश की गई लेकिन राज्य सरकार तुष्टिकरण में लिप्त है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में स्लीपर सेल की रिपोर्ट देने वाले पुलिस अधिकारी पर ही यह सरकार कार्रवाई करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के कारण राज्य के मूलवासी, आदिवासी समाज का जीवनस्तर, संस्कृति प्रभावित हो रही है। राज्य की डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव हो रहे जो राज्य के लिए खतरनाक और भयावह है। मरांडी ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर एनआरसी लागू होगी।

कोराना में जान गंवाने वाले कर्मियों के आश्रितों को मिलेगा बीमा का लाभ

रांची। कोरोना में सेवा के दौरान जिन कर्मियों की मौत हुई, उनके परिजन अब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) के तहत बीमा के दावे के लिए 31 जुलाई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार) ने इस संबंध में 12 जुलाई को ही पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अंतर्गत बीमा के दावे का निष्पादन की तारीख को बढ़ाकर 31 जुलाई 2023 तक कर दी गई है। पहले आवेदन की समय सीमा 15 जनवरी 2023 ही तय की गई थी। इस बाबत झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने बताया कि बीमा के दावे से संबंधित आवेदन चेक लिस्ट के अनुसार सभी दस्तावेज और उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संबंधित जिले के सिविल सर्जन के माध्यम से अविलंब उपलब्ध कराएं, ताकि द न्यू एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को भेजा जा सके।

झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 जुलाई को

रांची। राज्य मंत्री परिषद की बैठक 25 जुलाई को आहूत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए सभी विभागों से कैबिनेट के लिए प्रस्ताव मांगा है।

रांची में पेड़ गिरने से युवक-युवती घायल

रांची। शहर के सूचना भवन के समीप गुरुवार को एक पेड़ गिरने से बाइक से जा रहे युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि युवक-युवती दूरदर्शन की ओर से आ रहे थे। इस बीच पेड़ गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इस मामले की जानकारी दोनों के परिजनों को दे दी गयी है।

हाई कोर्ट में पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रदीप कुमार समेत तीन की याचिका पर सुनवाई चार अगस्त को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित तीन आरोपितों की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई चार अगस्त को होगी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की आग्रह किया गया। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आग्रह को मंजूर कर लिया। दवा घोटाला मामले में आरोपित डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है। दवा एवं अन्य सामान की खरीद के लिए उन्होंने केवल स्वीकृति प्रदान की थी। पैसे का कोई लेन-देन का मामला नहीं बनता है।

भाजपा के लोगों को देश की जनता 2024 में जवाब देगी: सुप्रियो भट्टाचार्य

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मणिपुर से सामने आये एक वीडियो क्लिप ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस घटना की देशभर में निंदा की जा रही। पत्रकारों से बातचीत में सुप्रियो ने गुरुवार को कहा कि मणिपुर की घटना से पूरा देश शर्मसार है। उन्होंने कहा कि देश में कोई सुरक्षित नहीं है सबकी अस्मत लूटी जा रही है। भाजपा के लोगों को देश की जनता 2024 में जवाब देगी।

भट्टाचार्य ने कहा कि मणिपुर में डबल इंजन की सरकार है। देश का एक हिस्सा पिछले 77 दिनों से जल रहा है जबकि राज्य के मुख्यमंत्री इस्तीफा देने का नाटक करने के बावजूद आज तक कुर्सी पर बैठे हुए हैं। उन्होंने भाजपा की महिला मोर्चा और बाबूलाल मरांडी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस वक्त जब मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे तब भाजपा महिला मोर्चा कहां हैं? बाबूलाल मरांडी चुप क्यों हैं?

उन्होंने कहा कि क्या मणिपुर इस देश का हिस्सा है। हाउस में इस पर चर्चा क्यों नहीं हो रहा है। उन्होंने अविलम्ब मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने और वहां के मुख्यमंत्री के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है।

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह को हाई कोर्ट से मिली राहत बरकरार



रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई के आदेश को बरकरार रखा है। कोर्ट में महगामा विधायक दीपिका द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि तय की है। साथ ही अदालत ने 23 अगस्त तक पूर्व के आदेश को विस्तार देते हुए अगली सुनवाई तक विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कांग्रेस की महगामा विधायक दीपिका पांडेय ने उनके खिलाफ गोड्डा जिले के ठाकुर गांघी थाने में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

गिरिडीह में मुख्यमंत्री का पोस्टर फाड़ने वाले पांच आरोपित भेजे गए जेल

गिरिडीह। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पोस्टर फाड़ने के आरोप में गिरिडीह के डुमरी थाना पुलिस ने पांच आरोपितों को गुरुवार को जेल भेज दिया है। आरोपितों में डुमरी थाना क्षेत्र के करिहारी गांव निवासी गजेन्द्र महतो, पंकज भाई पटेल, दिलीप महतो और बोकारो के भतुआ बस्ती निवासी विजय महतो और राजेश कुमार शामिल हैं। पुलिस ने बुधवार को ही इन पांच आरोपितों को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया था और जब आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, तो इन सभी की पहचान पुख्ता हुई। इसके बाद गुरुवार को इन सभी को जेल भेजा गया। मंगलवार देर रात इन आरोपितों ने डुमरी-बेरमो रोड में प्रशासन द्वारा लगाए गए मुख्यमंत्री के स्वागत पोस्टर को फाड़ दिया था। वैसे पुलिस मान रही है कि इन आरोपितों का कनेक्शन युवा नेता जयराम महतो से भी है। क्योंकि बुधवार को केबी हाई स्कूल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम निर्धारित था, तो जयराम महतो भी डुमरी में जनसभा करना चाहते थे। लेकिन प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति नहीं दिया। इसलिए पोस्टर फाड़ा गया होगा।

ऊर्जा विभाग जल्द अडाणी ग्रुप को भेजेगा पत्र, 400 मेगावाट बिजली की होगी मांग

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। गोड्डा में स्थित अडाणी ग्रुप को ऊर्जा विभाग जल्द एक पत्र भेजेगा। इस पत्र में झारखंड सरकार के पूर्व में हुए एमओयू के अनुसार 400 मेगावाट बिजली की मांग की जाएगी।

इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के एमडी राजेश अडानी ने मुलाकात की थी। इसमें मुख्यमंत्री ने एमडी से शर्तों के तहत 400 मेगावाट बिजली सस्ती दर पर उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया था। इसके बाद ही विभाग अडाणी को पत्र भेजेगा। इतना नहीं जल्द ही अडाणी ग्रुप के अधिकारी और झारखंड बिजली वितरण निगम के अधिकारी बैठक कर इस मुदे का समाधान निकालेंगे।

अदानी पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। उत्पादित बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है। झारखंड का प्लांट से उत्पादित बिजली फिलहाल नहीं मिल रही है। पिछले कुछ समय से उर्जा विभाग, जेबीवीएनएल और अदानी पावर प्लांट के अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर लगातार बैठक हो रही है। अब उर्जा विभाग की ओर से अदानी समूह को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है, जहां राज्य के लिये 400 मेगावाट बिजली की मांग की जायेगी।

पत्राचार के बाद इस मामले में बैठक कर समाधान निकाला जायेगा। पावर परचेस एग्रीमेंट के तहत किसी भी राज्य में पावर प्लांट लगाने पर 25 फीसदी बिजली उस राज्य को देने का प्रावधान है। अदानी पावर प्लांट के साथ पूर्व सरकार ने एग्रीमेंट तो किया लेकिन अदानी पावर प्लांट के गोड्डा स्थित प्लांट से बिजली दी जायेगी या कहीं और से इस पर स्पष्ट एग्रीमेंट नहीं किया। इसके बाद से ही प्लांट से उत्पादित बिजली से अटकलें शुरू हो गयी। ऐसे में राज्य उर्जा विभाग की ओर से इस पर आपसी सहमति की बात बनी है।

अदानी पावर प्लांट में दो यूनिट है. दोनों से 800-800 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे 1450 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रही है। पावर प्लांट इस साल अप्रैल से शुरू है लेकिन इससे उत्पादित बिजली बांग्लादेश जा रही है। भारत और बांग्लादेश सरकार के बीच 2017 में हुए एमओयू के अनुसार, अदानी पावर प्लांट गोड्डा के पावर प्लांट से 1600 मेगावाट बिजली देता रहेगा। ऐसे में अदानी पावर प्लांट अब किसी अन्य राज्य से बिजली झारखंड को उपलब्ध करायेगा।

एकलव्य स्कूल के मामले को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने दूसरी डबल बेंच में किया ट्रांसफर

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की, जिसमें कहा गया है कोर्ट ने पुरानी चयनित जगह पर ही एकलव्य विद्यालय बनाने का जो आदेश दिया है, उसे संशोधित किया जाये, जिससे दूसरी जगह पर बिना बाधा के एकलव्य स्कूल बन सके। दरअसल कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि मांडर में एकलव्य विद्यालय के लिए जो सबसे पहले जगह चयनित हुई है, उसी जगह पर स्कूल बनाया जाये। उसके बाद मामले को दूसरी बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया।

मांडर जिला के चान्हो में एकलव्य स्कूल बनाने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन दी थी। इसके लिए केंद्र सरकार से फंड भी आवंटित हो गया है लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उस स्कूल की लोकेशन को चेंज करने के लिए हंगामा किया गया था, जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ क्या- क्या एक्शन लिया गया ।

भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त

रांची। उत्पाद विभाग ने रांची में एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त किया है। यह मामला रातु थाना इलाके कि तिगरा बसाईर टोली का है। सहायक आयुक्त उत्पाद डॉ राकेश कुमार के निर्देश पर विभाग ने छापेमारी की। विभाग ने करीब 1.50 लाख के 28 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त किया है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान आरोपित भागने में सफल रहा।

जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 302880 (Fish)23-24*D

स्थानीय-नियोजन नीति तय किये बगैर युवाओं को धोखा दे रही हेमंत सरकार : भानू प्रताप शाही

नवप्रदेश संवाददाता



रांची। भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा शिक्षकों के 26001 पदों के लिए जारी विज्ञापन पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य सरकार युवाओं से ठगी करने में लगी है। जारी विज्ञापन में कौन सी स्थानीय नीति और नियोजन नीति का पालन होना है, इसका पता नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन या सरकारी विभागों के सक्षम पदाधिकारी बतायें कि आखिर किस नियम से नियुक्तियां होनी हैं। 60:40 के आधार पर अगर नियुक्ति है तो इससे स्थानीयों की हकमारी होगी। 1932 के खतियान पर या 2016 की स्थानीय नीति का पालन होना है या कोई और इसे सरकार स्पष्ट करे। भानु प्रताप शाही ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस जैसे दलों ने 2019 में चुनावी घोषणा पत्र में पारा शिक्षकों को नियमित किये जाने की बात की थी। उनके लिए सम्मानजनक वेतन निर्धारण का आश्वासन दिया था लेकिन सरकार वोट लेकर सब भूल गयी औ? वादाखिलाफी कर रही। केवल नाम बदलकर सहायक शिक्षक कर दिया है। जेएसएससी द्वारा जारी विज्ञापनों में उनके हिसाब से कोई सुविधा नहीं है।

भानु के मुताबिक पिछले दिनों सीएम हेमंत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि 1932 का खतियान उनके लिए एक मुद्दा है। भाजपा के लिए ऐसे विषय केवल सियासी मुद्दे नहीं होते। भाजपा ने राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। कश्मीर से धारा 370 हटाने का लिया था। सभी संकल्पों को पूरा कर दिखाया।

सरकार ने शिक्षकों के लिए जारी विज्ञापन में एक शर्त लगायी है कि केवल टेट पास ही इसमें बैठेंगे। 2019 में ऐसा नियम राज्य में बना कि हर साल टेट परीक्षा हो लेकिन ऐसा हो नहीं हो रहा। 2016 से अब तक (जून 2023) टेट परीक्षा हुई ही नहीं। आठ लाख स्टूडेंट्स बीएड, डीएलएड किए बैठे हैं पर टेट पास नहीं होने से उन्हें शिक्षक नियुक्ति में मौका नहीं मिलेगा। ऊपर से उम्र सीमा पार होने से उनके सामने अलग चुनौती है।

भानु प्रताप ने कहा कि जारी विज्ञापनों को देखें तो हर साल पांच लाख युवाओं को नौकरी देने वाली सरकार ने महज 25 हजार पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। उसमें भी पूर्व में जारी विज्ञापनों की तुलना में पे ग्रेड भी 4200 से 2400 कर दिया है। जब कोर्ट में स्थानीय, नियोजन नीति संबंधी केस में सरकार पस्त होती तो राज्य सरकार कहती है कि भाजपा और गवर्नर इसके पीछे लगे हैं। वास्तव में सरकार का विधि विभाग खुद ही आपत्ति जताता रहा है। इस मौके पर विधायक केदार हाजरा और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी भी उपस्थित थे।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY (JUIDCO) LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail Id - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com, CIN: U45200JH2013SGC001752

Tender Notice

NIT No.: JUIDCO/NIT/IA (2023-24)/2023/553 Date: 19/07/2023

1.	Name of the work	Selection of CA/CS/CMA Firms for appointment as Internal Auditors for the Financial Year 2023-2024
2.	Mode of Bid Submission	On-Line Tendering
3.	Tender Cost	Rs 2000/- (Demand Draft in Favour of Managing Director, JUIDCO Ltd, Payable at Ranchi)
5.	Date / Time of Start of Submission of Bids	[illegible]
6.	Last Date / Time of Bid Submission	[illegible]
7.	Last Date / Time for submission of Tender Fee	[illegible]
8.	Date of Bid Opening	[illegible]
9.	Venue for Submission of Tender Cost	Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, Procurement Cell, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand, PIN-834001
10.	Helpline No. of Procurement Cell	[illegible]

Note : Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd. Ranchi.

PR 302831 Urban Development and Housing(23-24).D

एटीएस ने अमन साहू गिरोह के शूटर बॉबी साव व राजन को भेजा जेल

अर्द्धस्वचालित पिस्टल, गोली और मोबाईल जब्त

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: एटीएस ने रामगढ़ एवं लोहरदगा पुलिस के सक्रिय सहयोग से गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के शूटर सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी साव (टेरपा, आजाद टोला, थाना पतरातू जिला रामगढ़) को लोहरदगा के भण्डरा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भौरों से गिरफ्तार किया है। एटीएस ने उक्त अभियुक्त के पास से दो मोबाईल फोन बरामद की है। वहीं गिरफ्त में आये सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी साव की निशानदेही पर राजन कुमार(टेरपा आजाद टोला, थाना पतरातू जिला रामगढ़) को रामगढ़ के पतरातू थाना क्षेत्र के ग्राम टेरपा, आजाद टोला बजरंगबली के मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्त के पास से अर्द्धस्वचालित 7.65 एमएम का एक पिस्टल , 7.65 एम0एम0 का गोली और मोबाईल जब्त की गई है।

उपरोक्त दोनों अपराधकर्मी गैंगस्टर अमन साहू के नाम पर कोल कंपनियों के अधिकारी तथा अन्य व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी के रूप में उनसे मोटी रकम वसूलने का काम करते थे। गिरफ्त में आये सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी साव अरगोड़ा क्षेत्र में फायरिंग व 17 जुलाई 2023 को रामगढ़ जिला अन्तर्गत पतरातू थाना क्षेत्र के पालू- दाढ़ीडीह - महुआमोड़ पर एटीएस के पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार एवं पुअनि सोनू कुमार साहू को फायरिंग की घटना में जख्मी करने का आरोपी है। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

गौरतलब है कि पुलिस मुख्यालय के द्वारा एटीएस को संगठित अपराधिक गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्त्रोतों अपराध से अर्जित किए हुये संपति का पता लगाने व इन गिरोहों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई करने के संदर्भ में आदेश दी गई है।

हाजी चौक स्थित गोलीकांड का खुलासा

टीएसपीसी एरिया कमांडर ने मांगी 50 लाख रुपये की रंगदारी, तीन गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: रातु थाना की पुलिस ने हाजी चौक के समीप बाइक सवार अपराधियों द्वारा गोली फायरिंग की घटना में शामिल तीन अपराधी मो ताज(अलकमर कॉलोनी, थाना रातु जिला राँची), इम्तियाज अंसारी (मक्का, थाना बुढ़मू जिला रांची) और वसीम खान उर्फ राजा खान (राय थाना खलारी, जिला रांची) को गिरफ्तार की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से सेल्टोस कार, फॉड इको स्पोर्ट कार और तीन मोबाईल जब्त की है।

इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि उक्त गोलीकांड में वादी कमरुल हक (फुटकलटोली,रातु) के द्वारा आवेदन में बताया गया कि इनके मोबाइल पर वाट्सएप कॉल करके टीएसपीसी एरिया कमाण्डर मुरारी जी एवं

आलोक जी के द्वारा 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गयी है। जिसके बाद हाजी चौक के पास आपराधियों द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमे दो व्यक्ति घायल हो गये थे। इस गोलीकांड को गंभीरता से लेते हुये में घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय -2) के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर मो ताज ,इम्तियाज अंसारी और वसीम खान उर्फ राजा खान को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आये अभियुक्तों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से तीन मोबाईल फोन और दो छोटी वाहन जब्त किया गया है। पुलिस टीम में प्रवीण कुमार सिंह (पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय- द्वितीय), पुनि सपन कुमार महथा (थाना प्रभारी रातु),पुअनि शेखर कुमार सिंह, पुअनि रोहित कुमार ,सअनि धमेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

एक नजर

श्री महावीर मंडल डोरंडा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम गुप्ता का आकस्मिक निधन

रांची: श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रेम गुप्ता के आकस्मिक निधन पर श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। प्रेम गुप्ता डोरंडा के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। डोरंडा की यह प्रसिद्ध व्यवसायी भी हैं, यह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ईश्वर इनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में बजरंग प्रसाद गुप्ता, संजय पोद्दार, पप्पू वमा, सुरेश प्रसाद, राकेश पाल, बीके विजय, अशोक सर्राफ अंकित सिंह, रोहित ठाकुर, दीपू वर्मा ,मनोज नायक, सनी, मनोज वर्मा, मुकेश गुप्ता, शम्मी गुप्ता शामिल है।

भाजमो की आम सभा 23 को, तैयारियां जोरों पर

रांची: भारतीय जनतंत्र मोर्चा 23 जुलाई को आम सभा का आयोजन कर रहा है। यह आम सभा पूर्वाह्न 11 बजे से गाला बैंक्वेट हॉल, पुरानी विधानसभा के समीप होने जा रही है। इस आम सभा में केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति, राज्यस्तरीय कार्यकारिणी समिति और जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति के सभी पदाधिकारी शिरकत करेंगे। इस संबंध में तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि 23 जुलाई की बैठक में इस बात पर गहन मंत्रणा होगी कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में मोर्चा किन-किन सीटों पर प्रत्याशी खड़ा करेगा। इसके साथ ही भाजमो का झारखण्ड समेत दूसरे राज्यों में विस्तार किये जाने पर भी मंथन होगा। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय आम सभा की सफलता के लिए कई समितियां गटित की गई हैं, जिनमे स्वागत समिति का संयोजक शिवानी लता को बनाया गया है। इसके अलावा निबंधन संयोजक की जिम्मेदारी अविनाश कुमार, शिवशंकर ठाकुर, शैलेश पांडे और बॉबी सिंह को दी गई है। जबकि वीरेन्द्र सिंह व्यवस्था संयोजक रहेंगे। उनके साथ अशोक ठाकुर भी होंगे। मंच संयोजक के रूप में आशीष शीतल मुण्डा रहेंगे । वहीं प्रचार-प्रसार संयोजक मनोज कुमार सिंह को बनाया गया है।

मणिपुर और महंगाई के मुद्दे पर रांची में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

रांची। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता गुरुवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव, राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता डिसूजा का झारखंड आगमन, संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर चर्चा की गई। इसके बाद मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना एवं महंगाई पर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कांग्रेस की पदाधिकारी कांग्रेस भवन से पैदल मार्च करते हुए अलबर्ट एक्का चौक गयीं और महंगाई पर हल्ला बोला। इस दौरान महिलाओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर थाली बजा कर, खाली गैस सिलेंडर एवं टमाटर, प्याज, मिर्चा का प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप माला पहन कर प्रदर्शन किया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना से पूरे देश को शर्मसार होना पड़ा है। मणिपुर नहीं देश जल रहा है। आज देश में उस नफरत की आग में जल रहा है कि देश की बेटियों को भुगतना पड़ रहा है। मोदी सरकार में हम महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ बेटियों की इज्जत-आबरू में भी खतरा हो गया है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

अवैध वसूली, चोरी व आर्म्स मामले में चार अपराधी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: लोअर बाजार थाना की पुलिस ने विभिन्न आपराधिक कांड में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि रंगदारी ,चोरी और आर्म्स एक्ट में कुल चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार की है। कर्बला चौक से बहू बाजार के बीच अवैध रूप से आम फुटपाथ दुकानदारों से पैसे की वसूली करने के आरोप में फैयाज अली (मो सेराज, चर्च रोड विक्रांत चौक के पास, थाना- लोअर बाजार, जिला-रांची) और जावेद

अली उर्फ बन्टी (स्व खुर्शीद अली, हिंदपीढ़ी साउथ स्ट्रीट नियर कुर्बान चौक, थाना-हिंदपीढ़ीजिला-रांची) को पुलिस ने गिरफ्तार की है। गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों के पास से वसूली किया हुआ पैसा कुल 5690.00 रुपया और एक पुर्जा जिसमें कोड वर्ड में वसूली के पैसे का हिसाब जब्त किया गया है। वहीं पुलिस ने चोरी का मोबाईल रखने के आरोप में हर्ष कुमार राम (दीपक राम पता सुभाष चौक रामगढ थाना जिला रामगढ़) वर्तमान पता इमारत सरिया रोड डोमटोली (नानी का घर) थाना लोअर बाजार रॉची को गिरफ्तार की है। अभियुक्त के पास से दो स्मार्ट फोन बरामद की गई है। इसके साथ ही बुधवार को कर्बला चौक रात्रि गश्ती के कम में अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली रखने के आरोप में मो कासीम अंसारी (मो शमीम अंसारी पता कर्बला चौक हवारी मस्जिद के सामने थाना लोअर बाजार जिला रॉची) को पुलिस ने गिरफ्तार की है। अभियुक्त के पास से एक देशी पिस्टल और गोली बरामद की गई है। पुलिस टीम में पुनि सह थाना प्रभारी लोअर बाजार दयानन्द कुमार,पुअनि उतम कुमार राय, सअनि श्यामजी शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

राजकीयकृत मध्य विद्यालय, मधुकम में बाल संसद का गठन

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: राजकीयकृत मध्य विद्यालय, जतरा मैदान के निकट, मधुकम में गुरुवार को छात्र , छात्राओं के बीच बाल संसद का गठन विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व में किया गया है। जिसमें बाल संसद की कार्यकारिणी समिति में प्रधानमंत्री - काजल कुमारी,(वर्ग 08), स्वास्थ्य मंत्री वर्षा कुमारी शर्मा,(वर्ग 08), स्वास्थ्य उप मंत्री चंदन कुमार,(वर्ग 07), स्वच्छता मंत्री कुंदन कुमार, (वर्ग 07) , स्वच्छता उप मंत्री - शुभम कुमार,(06), सुरक्षा एवं न्याय मंत्री - अक्षय कुमार, (वर्ग 08), सुरक्षा एवं न्याय उप मंत्री रीतेश कुमार (वर्ग 07), पोषण मंत्री नीतू कुमारी, (वर्ग 07),. पोषण उप मंत्री - अमिषा कुमारी, (वर्ग 06), उपस्थिति मंत्री अनिशा कुमारी, (वर्ग 07), उपस्थिति उप मंत्री रोशनी कुमारी,(वर्ग 06), कौशल विकास मंत्री प्रियंका कुमारी, (वर्ग 08), कौशल विकास उप मंत्री रागिनी कुमारी, (वर्ग 07), शिक्षा मंत्री सरस्वती कुमारी, (वर्ग 07), शिक्षा उप मंत्री चंचल कुमारी, (वर्ग 07),पर्यावरण मंत्री विभा कुमारी, (वर्ग 08), पर्यावरण उप मंत्री अंकित कुमार,(वर्ग 07) , खेलकूद एवं सांस्कृतिक मंत्री पवन कुमार, (वर्ग 08) , खेलकूद एवं सांस्कृतिक उप मंत्री विशाल कुमार, (वर्ग 07), संचार एवं सम्पर्क मंत्री रौनक कुमार, (वर्ग 07), संचार एवं सम्पर्क उप मंत्री रोशन लोहरा ,अनुशासन मंत्री सपना कुमारी, (वर्ग 08), अनुशासन उप मंत्री पवन तुरी, (वर्ग 08) को चयनित किया गया है। बाल संसद के गठन के पश्चात नवनिर्वाचित बाल संसद के सदस्यों का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। सदस्यों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की शिक्षिका कंचन के द्वारा जानकारी दी गयी। सभी सदस्यों को शिक्षकों के द्वारा शपथ दिलाया गया। कार्यकारिणी के गठन में प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी गुप्ता, रेखा बाखला, आशा कुमारी, संजु कुमारी , ओम प्रकाश उपाध्याय एवं सभी शिक्षाकर्मी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री काजल कुमारी ने नयी कार्यकारिणी के साथ बैठक की और अगले कार्य दिवस से ही अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहने के साथ विद्यालय के अनुशासन, खेलकूद एवं अनुशासन की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने का अनुरोध किया।

विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित किये जाने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त 2023) के अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आयुक्त अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड लोकेश मिश्रा, अपर सचिव अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण अजयनाथ झा, निदेशक, जनजातीय शोध संस्थान रणेन्द्र कुमार, जिला

परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी वीरेन्द्र चौबे, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला खेल पदाधिकारी एवं इवेंट मैनेजर उपस्थित थे।

बैठक के दौरान 09-10 अगस्त 2023 को आयोजित किये जानेवाले कार्यक्रम की रुपरेखा एवं सफल संचालन को लेकर विस्तार से आला अधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। पीपीटी के माध्यम से आयोजन स्थल पर पिछले वर्ष के अनुभवों के साथ और बेहतर तैयारी किस प्रकार हो इस पर मंथन किया गया। पदाधिकारियों द्वारा इवेंट मैनेजर को कई बिन्दुओं पर बेहतर व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव में अन्य राज्यों की जनजातीय संस्कृति, संगीत, नृत्य, साहित्य, इतिहास, कला एवं हुनर, उनकी अलग-अलग आर्थिक क्रिया, खेलकूद आदि क्षेत्र की विशेषताओं के समायोजन पर भी चर्चा की गयी।

केन्द्रीय टीम ने मलूटी के मंदिरों का किया निरीक्षण

रांची/दुमका। भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ पर्सनल, पब्लिक ग्रीवांसेस से अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को दुमका के शिकारीपाड़ा प्रखण्ड स्थित मंदिरों के गांव मलूटी पहुंची। पहले उन्होंने माँ मौलिक्षा के मंदिर में पूजा अर्चना की बाद में मलूटी गांव के अंदर जो टेराकोटा पद्धति से बने कई देवी देवताओं के मंदिर है उसका निरीक्षण किया। मौके पर शिकारीपाड़ा जे बीडीओ संतोष कुमार चौधरी और अंचलाधिकारी राजूकमल भी मौजूद थे। इन मंदिरों का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद विभाग के अवर सचिव चेतन दास ने बताया कि काफी प्राचीन सदियों पहले निर्मित इन मंदिरों का संरक्षण काफी आवश्यक है इसे अगर सुरक्षित नहीं किया जाए तो हमारे ये ऐतिहासिक धरोहर समाप्त हो जायेंगे। इनके बारे में पूरे विश्व को पता होना चाहिए। इन मंदिरों को संरक्षित करने के दिशा में हमारी ओर से पहल की जाएगी।

मिशनरीज ऑफ चैरिटी से जुड़े सभी संस्थानों को प्रतिवादी बनाएं : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने गुरुवार को रांची के निर्मल हृदय संस्था से बच्चा बेचे जाने के मामले को गंभीर बताते हुए मिशनरीज ऑफ चैरिटी से जुड़े झारखंड के सभी संस्थानों को प्रतिवादी बनाया है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार को दो सप्ताह के अंदर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया है। इस संबंध में अनुरंजन अशोक ने जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि वर्ष 2018 में निर्मल हृदय संस्था से बच्चों की चोरी का मामला उजागर हुआ था। यहां अविवाहित मां के बच्चों को रखा जाता है। राज्य सरकार ने इस मामले की सीआईडी से जांच करायी थी। सीआईडी ने सरकार को जो रिपोर्ट दी थी, इसमें कई गंभीर बातें हैं। राज्य सरकार ने अब तक इस रिपोर्ट पर काम नहीं किया है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– DWSD/KH-04/2023-24 (1st Call), Dt.-05.06.2023 P.R.No.–299222(Drinking Water & Sanitation) 22-23.D के द्वारा प्रकाशित एवं प्रसारित निविदा (Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility Khunti and Arki Block under J.J.M.) को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है।

(ह० सुरेन्द्र कुमार दिवाकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी।

PR.NO.302835 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

उपायुक्त की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन से संबंधित बैठक आयोजित

बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर विशेष जोर

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक कांके विधानसभा, समरी लाल व सांसद, विधायक के प्रतिनिधिगण, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अवर विद्यालय निरीक्षक, राँची, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राँची जिला के सभी वार्डन एवं अन्य संबंधित

पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने शैक्षणिक सत्र-2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रखण्ड स्तरीय समिति से अनुसंसित बालिकाओं के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक में 6 वीं कक्षा में कुल-891 बालिकाओं तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कुल-247 एवं अन्य-99 कुल योग-1237 बालिकाओं का चयन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए बिरहोर बालिकाओं के नामांकन के लिए इन प्रखंडो- खलारी, बुंडू, अनगढ़ा एवं कांके पर विशेष जोर दिया गया।

उपायुक्त, ने शैक्षणिक सत्र-2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामंकन में प्रतीक्षा सूची में रखी गई बालिकाओं का चयन किसी बालिका के नामंकन नही लेने की स्थिती में कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।

वहीं उपायुक्त ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी का शिफ्टिंग से पहले चारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया एवं संबंधित वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा। इसके साथ ही उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र -2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में चयनित होने पर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं उन्हें बेहतर शिक्षा लेते हुए भविष्य में अपना एवं राँची जिला झारखंड का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी।

ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2 धुर्वा, रांची

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं०- Energy/EWD/Ranchi/27/2023-24 दिनांक- 20/07/2023

1	कार्य का नाम	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
I	[illegible] (Make- Ashok Leyland) [illegible]	19,63,830-00	5,000-00	40,000-00	[illegible] दिन
II	[illegible] A1, A2 एवं B2 [illegible]	28,31,653-00	5,000-00	57,000-00	[illegible] दिन
III	[illegible] D1, D2 एवं C1 [illegible]	28,75,254-00	5,000-00	58,000-00	[illegible] दिन
2	[illegible]	28.07.2023			
3	[illegible]	[illegible]			
4	[illegible]	[illegible]			
5	[illegible]	विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रांची।			
6	[illegible]	विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रांची।			
7	[illegible]	[illegible]			

नोट – [illegible] http://jharkhandtenders.gov.in [illegible]

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रांची।

PR.NO.302819 Energy(23-24):D

उपायुक्त की अध्यक्षता में टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित समीक्षा बैठक

डीएमएफटी योजना, वाटर सप्लाई, लघु सिंचाई एवं अन्य सभी योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश यादव, जिला योजना प्रभारी पदाधिकारी सह जिला विकास शाखा पदाधिकारी, विनय कुमार, कार्यपालक अभियंता, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण, कार्यपालक अभियंता स्वर्ण रेखा वितरण प्रमंडल राँची, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी राँची एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक में सभी अभियंताओं के विभागवार कार्यो की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से पर्यटन खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, पथ निर्माण, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जिला परिषद, एनङ्गआरङ्गईङ्गपीङ्ग द्वारा किये जा रहें कार्य की समीक्षा करते हुए सभी विभागों के अभियंता को निर्देश दिया गया कि भविष्य में योजनाओं के कार्यान्वयन में यदि कोई समस्या उत्पन्न होती हैं, तो इसकी सूचना अविलंब जिला प्रशासन को दे, ताकि योजना के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की समस्या ना हो। सभी योजना तय सीमा पर पूरा कराने के लिए सभी को अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा गया।

उपायुक्त, राँची ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को यह निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी योजना के क्रियान्वयन में भूमि संबंधी समस्या अथवा अन्य समस्या उत्पन होने पर इसकी सूचना अविलंब लिखित रूप में जिला प्रशासन को इसकी सूचना देना सुनिश्चित करेंगे ताकि उसका निराकरण अविलंब कराया जा सकें एवं योजना कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जा सकें। योजना के कार्यान्वयन में भूमि से संबंधित अथवा भूमि उपलब्धता में कठिनाई के संबंध में प्रतिवेदन जल्द से जल्द अपर समाहर्त्ता राँची को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त, राँची ने बैठक में सभी अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व विभागीय निदेशानुसार निश्चित रूप से योजनाओं का शिलान्यास जन प्रतिनिधि से कराना सुनिश्चित करेंगे। जिससे जन प्रतिनिधियों को जिला प्रशासन के ऊपर आस्था बनी रहेगी। जिससे उनकी और जिला प्रशासन की सहभागिता बनी रहेगी। ताकि योजना जमीनी स्तर पर सफल होगी।

उपायुक्त, राँची ने जिला परिषद कार्यालय के पीएल खाता में विभिन्न विभागों की जमा राशि के खर्च संबंध में संबंधित अधिकारी से चर्चा करते हुए कहा कि यहाँ जमा पीएल खाता की राशि जो राज्य संपोषित व्यय के लिए खर्च किये जाते हैं, जो अब तक खर्च नही हुऐ हैं। जो राशि खर्च नही हुई है, वह राशि राज्य सरकार के खजाने में होनी चाहिए। सबसे ज्यादा राशि जिला पर्यटन विभाग में है। जो खर्च नही हुई हैं एवं अन्य विभागों में भी यह राशि खर्च नही हुई है। जिसपर क्रमवार चर्चा करते हुए उपायुक्त, राँची द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि सचिव, जिला परिषद के पीएल खाता में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की राशि व्ययगत होने से बचाने के लिए पुस्तातंरित की गई हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में निदेशित किया गया कि जो भी राशि उनके पीएल खाता में पुस्तातंरित की गई है, उस राशि का योजनावार/वर्षवार आवंटन एवं व्यय तथा अवशेष राशि का अघतन प्रतिवेदन तैयार कर जिला परिषद को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया, की जिस राशि की आवश्यकता अब नही रह गई है, उस राशि को अविलंब सरकारी खजाने में जमा कराने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त, राँची ने मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना/प्रखंड सह अंचल कार्यालय, डीएमएफटी मद/पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग/जिला अनाबद्ध निधि/ सीएसआर एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना की समीक्षा करते हुए इसके निर्माण में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि ये सारी योजना ससमय पूर्ण हो इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त, राँची ने सभी संबंधित अधिकारियों को कहा कि राँची शहर में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के चलते सड़क खराब होने के कारण कई जगह सड़क जर्जर एवं गड्ढे युक्त हो गई हैं। जिससे आये दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसका सामना आम लोगों से लेकर खास लोग कर रहें हैं। जो एक गंभीर समस्या बन गया है। सभी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं, इसे नकारा नही जा सकता हैं। लेकिन आम लोगों की सहूलियतों का ध्यान रखना भी जिला प्रशासन की जिम्मेदारी हैं। इसलिए इससे संबंधित सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें, की सड़क में बने गड्ढे जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही हैं, उसकी मरम्मति अतिआवश्यक हैं। सड़क निर्माण के दौरान अप्रोच रोड़ भी बनाये, ताकि जाम से बहुत हद तक छुटकारा मिलें। साथ ही उपायुक्त, राँची सभी अधिकारियों को विशेष रूप से कहा कि किसी योजना में ली गई भूमि का अधिग्रहण ससमय हो, साथ शहर में चल रहें सभी निर्माण कार्य पर विशेष ध्यान देते हुए। कार्य में प्रगति लाये।

उपायुक्त, राँची में विद्यालयों में जो छोटे-छोटे मरम्मति के कार्य चल रहें हैं, वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, वहाँ टेबल टेंडर निकाल कर कार्य पूरा कराये। ये सभी कार्य पक्के बिल के रूप से पूरा कराये।

उपायुक्त राँची, ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा हैं, की मैकलुस्कीगंज में पर्यटन विकास के लिए कई कार्य होना हैं, जैसे- डेगाड़ेगी नदी के पास सड़क निर्माण, पर्यटकों के बैठने के लिए शेड, नकटा पहाड़ी को टूरिज्म के लिए विकसित करने के लिए इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने को कहा गया एवं यहाँ जो रेलवे क्रोसिंग हैं, वहाँ आरओबी हेतु प्रस्ताव बना कर देने को कहा गया। ताकि इसका निर्माण हो सकें।

उपायुक्त राँची, ने सभी संबंधित विभागों के संबंधित अधिकारियों से यह जोर देकर कहा कि सभी बैठक से संबंधित अधिकारी,पदाधिकारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। प्रायः देखा जाता हैं, की संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल नही रहते हैं, जिसके कारण संबंधित समीक्षा पर चर्चा नही हो पाती हैं। उपायुक्त राँची ने इसपर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी संबंधित बैठक में उससे संबंधित सभी अधिकारीव पदाधिकारी को मौजूद रहने के लिए कहा एवं नही आने पर संबंधित अधिकारी,पदाधिकारी को शो-काऊज करने का निर्देश दिया।

एक नजर

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 34 सब-इंस्पेक्टर और 17 असिस्टेंट इंस्पेक्टर के तबादले

रांची। राज्य सरकार के उत्पाद विभाग ने रेवेन्यू में लगातार कमी और एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने की मिल रही शिकायत के बाद गुरुवार को 51 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसमें कई अधिकारी लंबे समय से एक ही जगह पदस्थापित थे। आमलोगों से लगातार शिकायत मिलने के बाद विभाग ने रिव्यू किया। इसमें कई बातें सामने आयीं। इसके बाद विभाग ने 34 अवर निरीक्षक उत्पाद व 17 सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद का ट्रांसफर कर दिया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार रांची जिले के पांच अवर निरीक्षक का स्थानांतरण हुआ है। इसमें अमित कुमार गुप्ता को साहिबगंज, अभिषेक आनंद को लोहरदगा, निलेश कुमार सिन्हा को गोड्डा, पंकज कुमार को पश्चिमी सिंहभूम और दिलीप कुमार शर्मा को सिमडेगा भेजा गया है। सहायक अवर निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय को चतरा भेजा गया है। अपने नोटिफकेशन में विभाग ने इस ट्रांसफर को राजस्वहित और प्रशासनिक हित में निर्णय लिया गया, बताया है।

इनका हुआ ट्रांसफर : अमित कुमार गुप्ता साहिबगंज, अभिषेक आनंद लोहरदगा, निलेश कुमार सिन्हा गोड्डा, पंकज कुमार, पश्चिमी सिंहभूम, दिलीप कुमार शर्मा सिमडेगा, प्रदीप कुमार करमाली हजारीबाग, सुभाष बेसरा कोडरमा, झमन कुजूर धनबाद, संदीप कुमार नाग धनबाद,अतिरिक्त प्रभार मेसर्स अंकुर बायोकेम प्राइवेट लिमिटेड, निरसा, निरज कुमार हजारीबाग, कृष्णा कुमार प्रजापति बोकारो, निर्भय कुमार सिन्हा रांची, सुप्रभात दत्ता पूर्वी सिंहभूम, अभिषेक कुमार रांची, कुलदीप कुमार धनबाद, प्रकाश मिश्र रांची, राजीव नयन खूंटी, निर्मल मरांडी गढ़वा, मोहम्मद गुफरान बोकारो, ओम प्रकाश पूर्वी सिंहभूम, सन्नी विवेक तिर्की पाकुड़,दीपिका कुमारी बोकारो, भुवनेश्वर नायक हजारीबाग, कुमार राहुल दुमका मणिकांत कुमार रांची, श्वेता कुमारी धनबाद, त्रिपुरारी कुमार सरायकेला-खरसांवा, सुमितेश कुमार हजारीबाग, विक्रम कुमार साह जामताड़ा,मनोज कुमार देवघर, मनोज कुमार देवघर, कुमार सत्येंद्र पूर्वी सिंहभूम, कांगरेस कुमार रामगढ़, रूपेश कुमार रांची, सोनू साहू लातेहार, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद, आशीष कुमार पांडेय चतरा, मिथिलेश कुमार देवघर, कुमार महेंद्र देवगम गिरिडीह, अमित कुमार सिंह हजारीबाग ,अमित मड़की रामगढ़, जितेंद्र कुमार पूर्वी सिंहभूम, अनुप प्रकाश पलामू, लखन मुंडारी धनबाद, अमित किशोर प्रसाद पश्चिमी सिंहभूम, शिव सागर महतो कोडरमा, किशोर कुमार देवघर, मंजूर आलम अंसारी गुमला, रामदेव पासवान पूर्वी सिंहभूम, प्रेम रंजन कुमार दुमका, वर्षा सिन्हा रांची अतिरिक्त प्रभार मुख्यालय, स्नेहाशीष कुमार सेन रांची, अतिरिक्त प्रभार प्रयोगशाला सहायक, विकास कुमार निराला गढ़वा।

बीसा में गवांदेवती मंदिर का होगा निर्माण

अनगड़ा। बीसा पंचायत के छोटकी गोड़ांग में आदिवासियों की पूर्वजों की गवांदेवती मंदिर निर्माण के लिए गुरुवार को एक बैठक हुई । मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा आदिवासियों की गवांदेवती मां आदिकाल से हमारे गांव व समाज की रक्षा करती आई है। हमें अपनी रीति-रिवाज और संस्कृति को जिंदा रखने के लिए मंदिर निर्माण करने की जरूरत है। इससे समाज के लोगों का उत्थान होगा। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष दिलेश्वर उरांव,सचिव जीवधन बेदिया,कोषाध्यक्ष जेठू भोगता,योगेन्द्र महतो,मानेश्वर महतो,दुखु पाहन,सनीचरवा उरांव, हर्षनाथ भोगता,रंथु भोगता,मनीराम भोगता, महेश बेदिया,नारायण भोगता,सहीराम बेदिया,जेठू बेदिया,बिरसा उरांव आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें राष्ट्रपति : नायक

रांची : पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में 56 दिनों के बाद भी हिंसक घटनाओं को रोकने में विफल रहे राज्य के मुख्यमंत्री एन वीरेन सिंह को अविलंब राष्ट्रपति धारा 356 का शक्ति का उपयोग करते हुए बर्खास्त करें और तुरंत वहां राष्ट्रपति शासन लागू करें। उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मणिपुर में दो महिलाओं को नंगा कर निर्वस्त्र कर के जुलूस के शक्ल में घुमाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही। उन्होंने इस घटना मानवता को शर्मसार करने वाला कलंक बताते हुए कहा कि मणिपुर 56 दिनों से हिंसा की आग में जल रहा है। अब तक 120 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। तीन हजार से ज्यादा लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। करीब 50 हजार लोग अपना घर-बार छोड़कर रिलीफ कैम्प में रहने को मजबूर हैं। मणिपुर में विधि व्यवस्था फेल हो चुकी है वहां पर कानून का राज समाप्त हो चुका है ऐसे में एक ही विकल्प मणिपुर को शांत करने के लिए अमन चैन बहाली करने के लिए जन जीवन को सामान्य करने के लिए वहां पर राष्ट्रपति व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू कर पूर्वोत्तर राज्य को सेना के हवाले किया जाना चाहिए ताकी वहां अमन-चैन और शांति बहाल हो सके और हिंसक घटनाओं पर रोक लगाया जा सके।

घर में घुसकर युवती पर ताबड़तोड़ चाकू से किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर, रिम्स रेफर।

बेड़ो: बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया नहरटोली गांव में एक युवक ने घर में घुसकर युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना गुरुवार की शाम करीब चार बजे की है। वहीं इस संदर्भ में घायल युवती की मां दिनिया खाखा ने आरोपी युवक के विरुद्ध बेड़ो थाना में एक नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को धर दबोचा और गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटनास्थल से खून से सना चाकू बरामद किया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि आरोपी युवक उक्त घायल युवती पर शादी का दबाव बना रहा था। वहीं युवती शादी की बात को मानने से इनकार कर रही थी। इधर घटना के कारणों का पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लड़की के पिता सुरेश खाखा ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ साप्ताहिक बेड़ो बाजार में दुकान लगाते हैं। गुरुवार की शाम को लगभग चार बजे घर पर उसकी 19 वर्षीया बेटी खुशबू खाखा घर पर अकेली थी। इस दौरान थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव निवासी सह आरोपी युवक अर्जुन उरांव उनके घर में घुस आया। साथ ही उसकी बेटी पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गई। वहीं खुशबू के द्वारा शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले सोमरा मिंज अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीरावस्था में घायल युवती को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वही घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम सदल बल सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। इधर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

कर्रा की दो जीवित आदिवासी महिलाओं को मृत बताकर पेंशन भुगतान को किया बंद

खूंटी। जिले के कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ खिजुरटोली गांव के दो वृद्ध महिलाओं को जिंदा रहते मृत घोषित कर देने का एक चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। इन वृद्ध महिलाओं को मृत घोषित कर देने से उन्हें तीन वर्षों से पेंशन भी नहीं मिल रही है। इस संबंध में ग्राम सभा द्वारा स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के नाम लिखे पत्र सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार को मिलने पर वे बुधवार को गांव में पहुंचे और पीड़ित महिलाएं और अन्य ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि गांव की बुधन होरो (70) एवं बुधनी मुंडाइन (68) को वर्ष 2018 में वृद्धा पेंशन मिलना प्रारंभ हुआ था। दो वर्षों तक लगातार पेंशन मिलने के बाद 2020 जनवरी के बाद से उन्हें पेंशन राशि मिलना बंद हो गया। पेंशन राशि के लिए लगातार ये वृद्ध महिलाएं प्रखंड कार्यालयों का चक्कर काटती रहीं, लेकिन प्रखंड कार्यालय से उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में जब कुछ सामाजिक कार्यकताओं ने इन वृद्ध महिलाओं की जांच जिला के संबंधित कार्यालय में करायी, तो पता चला कि दोनों महिलाओं को जनवरी 2020 में मृत घोषित कर दिया गया है। इस कारण उन्हें पेंशन नहीं मिल रही है। इन वृद्ध महिलाओं में एक महिला दिव्यांग है। सांसद प्रतिनिधि ने इस मामले की जानकारी उपायुक्त शशि रंजन को देते हुए कहा है कि पूरे मामले की जांच कर एक सप्ताह के अंदर इन लाचार महिलाओं की पेंशन पुनः बहाल की जाए और पेंशन राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाए। साथ ही मृत घोषित करने वाले अधिकारी कर्मी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

जमीन विवाद को लेकर पांच महिलाओं को पिटा

अनगड़ा। राजाडेरा पंचायत क्षेत्र के चमघाटी में गुरूवार को जमीन विवाद को लेकर पांच महिलाओं की पिटाई की गई। आरोप है कि यहां एक भूखंड पर कब्जा करने को लेकर शमशेर अंसारी, सिद्दीक अंसारी, बबलू अंसारी सहित अन्य ने सालो देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी व छोटी देवी की पिटाई कर दी। उन्हें गंदी गालियां दी गई और उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। अपशब्द बोलकर जमीन से खदेड़ कर भगा दिया गया।सालो देवी ने अनगड़ा थाना में आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस ने सभी महिलाओं का प्राथमिक उपचार अनगड़ा सीएचसी में करवाया। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

बाल संरक्षण आयोग के केंद्रीय सदस्य पहुंचे हुंडरू फॉल

अनगड़ा। बाल संरक्षण आयोग के केंद्रीय सदस्य रेशमी दयाल एंव अंजना पवार गुरुवार को हुण्डरु फॉल घूमने पहुंची। दोनों अधिकारियों ने हुंडर फॉल का लुत्फ उठाया और कहा कि झारखंड को प्रकृति ने खुबसूरत वादियों से नवाजा है। इसे सहेज कर रखने की जरुरत है। सुरक्षा व्यवस्था में सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, कनीय अभियंता गौतम कुमार, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी सन्तोष कुमार, ग्राम सेवक मुचीराम महतो, रोजगार सेवक अशोक मुण्डा, बालेश्वर बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, भुवनेश्वर बेदिया आदि उपस्थित थे।

ऑटो व कार में आमने सामने की टक्कर, ऑटो चालक की मौत

आटो में पत्नी व ससुर को लेकर रांची जा रहा था

नव प्रदेश संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के रातू -बुढमु सडक पर हुरहुरी चौरा के पास गुरुवार दिन के 11 बजे के करीब एक कार जेएच 01ईएस 5997 और एक सवारी आटो जेएच 01ईवाइ 7234 के बीच सीधी टक्कर हो गई। जिसमें आटो चालक सरफराज आलम 50 वर्ष की मौत हो गई। जबकि आटो में सवार दो लोग घायल हो गए। घायलो की पहचान कांके चंदवे भिट्ठा निवासी जमिला खातून व जाहिद अंसारी के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरफराज अंसारी अपने आटो से अपनी पत्नी जमिला खातुन व ससुर जाहिद अंसारी को लेकर रांची जा रहा था। इसी बीच हुरहुरी चौरा के पास विपरीत दिशा से आ रहे कार से सीधी टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार कार व आटो दोनो काफी तेज गति से चल रहे थे। इसी बीच नियंत्रण खोने के कारण घटना हुई। दुर्घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। वही स्थानीय लोगो ने घायलो को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल सरफराज को हर्षित अस्पताल में चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलो का ईलाज कमलेश मेमोरियल अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना की जानकारी होने पर पहुंची रातू पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाईक को जब्त कर थाना लाया गया है।

बेड़ो में ऑटो व बाइक की टक्कर में सात घायल, दो रिम्स रेफर

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो थाना क्षेत्र के दिघीया मिशन चौक के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े दस बजे बाइक व सवारी ऑटो की टक्कर में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार मां व बेटा ईंटा नरकोपी निवासी 20 वर्षीय सुनील लकड़ा व 60 वर्षीय मां पुशिया उराईन पति स्व शनि उरांव घायल हो गए। वहीं सवारी ऑटो सवार 59 वर्षीय पंचु उरांव,55 वर्षीय भीखराम उरांव,48 वर्षीय ऑटो चालक शनिचर उरांव,32 वर्षीय मुन्नी उराईन पति बबलू उरांव व 22 वर्षीय प्यारी कुमारी पति चामू उरांव पांचों अमलिया भरनो गुमला निवासी हैं। जिन्हें ग्रामीणों व स्वजनों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत व डा राजीव कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पंचु उरांव व भीखराम उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल ऑटो चालक ने बताया कि वे सभी सवारी ऑटो से अमलिया से शौका डोला बेड़ो जा रहे थे। इसी दौरान कुदारखो की ओर से आ रही बाइक सवार के साथ ऑटो की टक्कर हो गई। वहीं ऑटो के पलट जाने से ऑटो में सवार पांच लोग घायल हो गए।

रिश्वत मांगने का आरोप बेबुनियाद व निराधार: इंस्पेक्टर

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः चतरा जिले के हंटरगंज डाकघर के पोस्टल विभाग के इंस्पेक्टर रोहित वर्मा ने रिश्वत मांगने के आरोप को बेबुनियाद और निराधार बताया है। उन्होंने कहा है कि सौरव कुमार सिंह आउटसाईडर है। डाकघर में किसी भी प्रकार की वैकल्पिक डाकपाल का अरेंजमेंट नही है। वहीं मेरे पास कोई फाईनेंशियल पावर भी नही है कि किसी के मानदेय पर रोक लगा पाये। सौरव कुमार उपडाकपाल हंटरगंज से डेली वाउचर के रुप में फरवरी 2023 से 06 जून 2023 तक 350 रुपये प्राप्त किये है, वह भी बिना मेरी जानकारी और उच्छ अधिकारियों के आदेश का। सौरव कुमार के द्वारा लगाया जा रहा रिश्वत मांगने का आरोप निराधार है। इस तरह के आरोप से मेरी छवि धुमिल की जा रही है।



सौरव कुमार सिंह ने कहा है कि पिछले 6 वर्षों से वैकल्पिक डाकपाल के रूप में काम कर रहा था। पोस्टल विभाग के नए इंस्पेक्टर रोहित वर्मा ने मोटी रकम रिश्वत की मांग के बाद मानदेय भुगतान का आश्वासन दिया । जिसमें मानदेय पिछले सात महीना से रुका हुआ है।

रांची गुमला व लोहरदगा रोड से हटाया गया अतिक्रमण

सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने एवं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा रोड के दोनों ओर की सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकानदारी करने वाले दुकानों को हटाया गया। साथ ही अब से सड़क का अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई। वही अभियान के क्रम में कई दुकानों के सामान को जब्त किया गया। साथ ही एंगल,बांस-बल्ली आदि को हटवाया गया। इससे जहां अब सड़क की चौड़ाई अधिक दिख रही है। वहीं कई फुटपाथी दुकानदारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उनका कहना है कि फुटपाथ पर दुकान लगाने से ही उनकी आजीविका चलती है। अब दुकान नहीं लगेगी, तो कमाई का कोई जरिया नहीं रह गया है। इधर सीओ ने कहा कि सड़क को अवरूद्ध कर बेतरतीब तरीके से दुकानें लगा दी जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। इसलिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी मार्गो पर सड़क को कवर कर दुकान लगाने वालों की दुकानें हटाई जाएगी। दुकान के सामने पड़े समान व निशान लगाए गए स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर अंचल निरीक्षक भीखम कुमार अमीन तुलसी दास,फिरोज खान,बोनिपास कच्छप व अनूप कच्छप विश्वनाथ गोप सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

मतदाता सूची को लेकर घर-घर सत्यापन अभियान 21 जुलाई से 21 अगस्त तक

खूंटी(हि.स.)। लोकसभा चुनाव होने में भले ही कई महीने बाकी हों, पर जिला प्रशासन ने चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विशेष रूप से घर-घर सत्यापन को लेकर विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई और त्रुटि मुक्त एवं समावेशी मतदाता सूची बनाने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान में एक अक्टूबर 2023



को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं का पंजीकरण. मतदाता सूची, फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निराकरण, मतदाता सूची में अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो का संयोजन, नवविवाहित महिला मतदाताओं का नाम और नये पते का अद्यतनीकरण, दिवंगत मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपन आदि कार्य किये जायेंगे।

बैठक में पीडब्ल्यूडी मतदाताओं का निबंधन और उन्हें चिह्नित करना, मतदाता केंद्र का नाम-स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव, पीजीटी समुदायों के सुयोग्य आम नागरिकों का निबंधन कराना, लो वोटर टर्नआउट, ईपी रेशियो तथा जीपी रेशियो, बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति, एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, पन्ना वेरिफिकेशन और प्रपत्र 6बी आधार ऑथेंटिकेशन, रिकॉर्ड कीपिंग व अन्य कार्यों के संचालन संबंधी निर्देश दिए गए। बैठक में डीसी ने प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति, ई-राल मैनेजमेंट, गरुड़ एप, ई-पिक डाउनलोड, ई-पिक, हेल्प डेस्क, टॉल फ्री नंबर 1950 सहित अन्य समीक्षा की। इसके मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों के वेरिफिकेशन का कार्य सौंपा गया है।

इसमें पेयजल की उपलब्धता शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिले में चुनाव पाठशाला के अंतर्गत इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मतदाता जागरुकता गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी और मताधिकार का उपयोग करने की जानकारी दी जाएगी।

चांसलर सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को हाई कोर्ट ने बनाया प्रतिवादी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की कोर्ट में गुरुवार को सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में अनुबंध पर नियुक्त कर्मियों को हटाये जाने के मामले में सुनवाई की।

कोर्ट ने मामले में चांसलर सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को मामले में प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने चांसलर, सभी कुलपतियों, राज्य सरकार व जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 10 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अपराजिता भारद्वाज ने पैरवी की। पूर्व में कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को प्रतिवादी बनाया था।

साथ ही उससे पूछा था कि क्या असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए सरकार की ओर से अधियाचना भेजी गई है। याचिकाकर्ता प्रसिला सोरेन सहित एवं सात अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि है वे सिद्धू कानू मुर्मू यूनिवर्सिटी में अनुबंध पर शिक्षक पद पर कार्य कर रहे थे, लेकिन उन्हें यह कहते भी हटा दिया गया कि अब स्थाई नियुक्ति होगी। लेकिन इसके बाद अनुबंध पर कार्यरत अन्य शिक्षकों को नहीं हटाया गया।

राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ित परिवारों का है: श्रवण कुमार

नवप्रदेश प्रतिनिधि नालंदा। प्रखंड कार्यालय में बिहारशरीफ प्रखंड के पचौरी पंचायत के मजिदपुर गांव निवासी स्व श्रवण रविदास की मृत्यु सर्पदंश से हो जाने के पश्चात उनकी आश्रित पत्नी सीता देवी को विजवनपर निवासी स्व रामदहिन गोप की मृत्यु मवेशी चराने के क्रम में विद्युत स्पशार्घात से हो जाने के पश्चात उनके आश्रित पत्नी मारो देवी को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता राशि का चेक बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार के द्वारा प्रदान किया गया।इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ित परिवारों का है। आपदा पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद के लिए सरकार हमेशा तत्पर रहती है इस प्रकार के सहयोग से मृतक के आश्रितों को सहायता मिलती है। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को ढांढस बढ़ाया सांत्वना दी धैर्य और हिम्मत से काम लेने की बात कही।मेरी पूरी संवेदना मृतक के परिवार के साथ है हम सभी ईश्वर से मृतक के आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं। ईश्वर उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करें। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजन दत्ता अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित जदयू के मुख्य प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव प्रखंड अध्यक्ष जदयू संजय कुशवाहा प्रदीप मुखिया लक्ष्मी मुखिया सकलदीप प्रसाद ललन कुशवाहा जितन चौहान मनोज यादव शैलेंद्र कुमार विनोद कुशवाहा मुन्ना पासवान अकाश कुमार काजल सोनू रविदास उपेंद्र कुमार दिलवाला धर्मवीर प्रसाद सत्येंद्र पासवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मोटे अनाज फसलों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। कृषि विज्ञान केन्द्र बिक्रमगंज में मोटे अनाज फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रोफेसर एवं प्रधान डॉ शोभारानी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण और मशीनीकृत कृषि के कारण अधिक उपज वाले बीज आ गए है। जिसके बाद लोगों का रुझान चावल और गेहूं के उत्पादन के प्रति बढ़ गया है। परिणामस्वरूप मोटे अनाज की खपत और खेती दोनों सीमित हो गई। परंतु वर्तमान समय और बदलती जलवायु परिस्थितियों के मद्देनजर किसानों को मोटे अनाजों का उत्पादन करने की जरूरत है। मोटे अनाज की फसल में अन्य समान फसल की तुलना में कम जल और कृषि साधनों (इनपुट) की जरूरत होती है। इन अनाजों में प्रमुख रूप से मडवा, चीना पुटकी, बाजरा, कोदो सावां, एवं कंगनी इत्यादि फसलें आती हैं। इन्हें न्यूट्री-सीरियल्स के रूप में जाना जाता है, क्योंकि ये मानव शरीर के लिए आवश्यक अधिकांश पोषक तत्व प्रदान करते हैं। मोटे अनाज में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है और यह मधुमेह की रोकथाम में भी मददगार होते हैं। ये आयरन, जिंक और कैल्शियम जैसे खनिजों का अच्छा स्त्रोत हैं। मोटे अनाज वजन कम करने और उच्च रक्तचाप में मददगार होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर रामाकांत सिंह ने मोटे अनाजों की खेती की जानकारी उपस्थित महिला कृषकों को प्रदान की। उन्होंने बताया की सभी तरह के मोटे अनाजों की खेती रोहतास जिले में की जा सकती है। विशेषकर डेहरी, तिलौथू, रोहतास, चेनारी इत्यादि प्रखंडों में इसकी खेती व्यापक पैमाने पर संभव है। जिले में कुछ किसान इसकी खेती कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। चुकी आमतौर पर मोटे अनाज गेहूं एवं चावल से अधिक कीमत पर बाजार में बिकते हैं। मत्स्य वैज्ञानिक आर के जलज ने बताया कि बदलते जलवायु में पानी की कमी के कारण मोटे अनाज वर्गीय फसल को उपजाना ज्यादा अच्छा है। इसको खाने में प्रयोग करने से स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल है। आजकल मोटे अनाज के आटे द्वारा बिस्कुट, लड्डू, केक एवं चॉकलेट इत्यादि बनाकर बाजार में बेचे जा सकते हैं।

0-5 आयु वर्ग का एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटे नहीं, इसका रखें विशेष ध्यान : जिलाधिकारी

सघन मिशन इंद्रधनुष 5 अभियान को सफलतापूर्वक कराएं सम्पन्न

अभियान का लगातार अनुश्रवण एवं निरीक्षण कराने का निर्देश



नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कहा कि सघन मिशन इंद्रधनुष 5 अभियान अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान को तीन चरणों 07-12 अगस्त 2023, 11-17 सितम्बर 2023 एवं 09-14 अक्टूबर 2023 में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आशा/आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के माध्यम से 0-5 वर्ष के बच्चों तथा सभी गर्भवती महिलाओं का सर्वे कराया जाना है तथा टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों को शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि आशा/आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के माध्यम से हाउस टू हाउस सर्वे कराते हुए 0-5 वर्ष तक के किसी भी टीका से वंचित लाभार्थियों के साथ-साथ टीडी वैक्सीन से वंचित गर्भवती महिलाओं को भी इस अभियान से लाभान्वित करना हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सबकी सहभागिता आवश्यक है। 0-5 आयुवर्ग के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराया जाय। एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 07 अगस्त से प्रारंभ होकर तीन चरण में समाप्त होने वाले इस सघन अभियान अंतर्गत गुणवतापूर्ण तरीके से सर्वे का कार्य घर-घर जाकर करना है। इसके आधार पर ड्यू लिस्ट तैयार करते हुए माइक्रोप्लान तैयार कर शत-प्रतिशत बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित किया जाय। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक है। सिविल सर्जन स्वयं इस कार्य का लगातार अनुश्रवण एवं निरीक्षण करेंगे। प्रखंडस्तर के संबंधित पदाधिकारी प्रतिदिन संध्या बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा मिशन इन्द्रधनुष को सफल बनाने में तत्परतापूर्वक कार्य करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इस अभियान की सफलता के लिए आमजनों को जागरूक एवं प्रेरित किया जाय। टीकाकरण से इंकार करने वाले क्षेत्रों में आशा, आंगबाड़ी सेविका-सहायिका, जीविका तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जनसमूह की बैठक करेंगे।

जिला स्तरीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। पांचवी पश्चिमी चम्पारण जिला स्तरीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता 2023 का आयोजन महाराजा स्टेडियम में किया गया।इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉक्टर एस के सिंह, विशिष्ट मुख्य अतिथि रामबालक यादव जिला कबड्डी संघ के महासचिव आलोक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि वरिष्ठ खेल शिक्षक रामबालक यादव के द्वारा फीता काट कर आयोजन की शुरूआत किया गया। वही कबड्डी कोर्ट का भूमि पूजन डॉक्टर एस के सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के द्वारा सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले की प्रखंडों से 60 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया है।कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मैच सुपर 7 एव विवेकानंद अकादमी चनपटिया से हुआ जिसमे सुपर 7 क्लब 4 अंको से विजई हुए। वही दूसरा मैच सेना कब्बडी क्लब एव मझौलिया क्लब के बीच खेला गया जिसमें सेना कब्बडी क्लब 17 अंको से विजयी हुई। वही सेमी फाइनल मैच बगहा एवं सुपर 7 के बीच हुआ जिसमे बगहा 25 अंको से विजयी हुई। और फाइनल बगहा एव सेना कब्बडी क्लब के बीच हुआ, फाइनल का मुकाबला बहुत ही टक्कर का था जिसमे सेना कब्बडी क्लब 3 अंको से विजेता घोषित हुआ।

सहार बीडीओ के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

नवप्रदेश प्रतिनिधि भोजपुर। सहार प्रखंड मुख्यालय पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सहार बीडीओ चंदा कुमारी को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता एवं संचालन प्रधान लिपिक प्रकाश कुमार द्वारा किया गया। सहार में बीडीओ चंदा कुमारी 12 अगस्त 2020 से पदस्थापित होकर उन्होने अपना लगभग दो वर्ष ग्यारह महीने का कार्यकाल पूरा किया है। विदाई सह सम्मान समारोह के अवसर पर जुटे पदाधिकारियों और नेताओं ने बुके,गुलदस्ता,शाल देकर सम्मानित कर विदाई दिया। विदाई सह सम्मान समारोह में शामिल मुख्य लोगों में प्रखंड प्रमुख अनिल राय, उप प्रमुख राम बिनय पासवान, सीओ दया शंकर झा, पूर्व राजद जिलाध्यक्ष अदीब रिजवी, बीपीआरओ सुमन कुमार, सहार थाना अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, पूर्व प्रमुख मदन सिंह, मुखिया बसंत कुमार, वरीय शिक्षक अनवर हसन जमाली, सहित अन्य प्रखंड और अंचल के कर्मचारी उपस्थित थे।

रेफरल अस्पताल में नही है अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था, निजी क्लिनिक का लेना पड़ता है सहारा

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। स्थानीय नगर पंचायत स्थित पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नही होने से गरीब महिलाओं को जांच के लिए निजी जांच केंद्र में जाकर मनमानी कीमत देनी पड़ती है। सभी गर्भवती महिला की जांच के लिए प्रत्येक महीने के नौ तारीख को विशेष जांच की जाती है। डॉक्टर एवं प्रशिक्षित एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। गर्भवती महिला को आयरन की गोली, कैल्शियम सहित कई तरह की दवा भी निशुल्क दी जाती है। महिला की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड व ईसीजी मशीन जरूरी माना जाता है। बच्चे की स्थिति व उसके विकास को देखने के लिए अल्ट्रासाउंड जरूरी है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व विशेष जांच के लिए प्रधानमंत्री कोष द्वारा अलग से राशि मुहैया कराई गई है। लेकिन नासरीगंज पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नही है। रेफरल अस्पताल में हर महीने सैकड़ों महिलाओं की अंदाज पर जांच करके उन्हें दवा दी जाती है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन इससे अनभिज्ञ है। यदि यह कहा जाए कि नासरीगंज रेफरल अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रहा है तो अतिश्योक्ति नही होनी चाहिए। वहीं नासरीगंज प्रखण्ड क्षेत्र में बिना लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से निजी अल्ट्रासाउंड चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करता है। जिससे निजी अल्ट्रासाउंड वाले नजराना देकर खुलेआम गरीब महिलाओं से मोटी रकम लेकर अल्ट्रासाउंड करते हैं।

स्थानीय लोग क्या कहते हैं

समाजिक कार्यकर्ता मोहित कुमार, ओमकार प्रसाद, अमन कुमार, अमित चंद्रवंशी आदि ने कहा कि पीएचसी अस्पताल में महिला चिकित्सक तो हैं लेकिन अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नही होने से गरीबों को निजी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में ज्यादा रुपया देकर जांच कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की जल्द व्यवस्था किया जाना चाहिए। पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को काफी परेशानी होती है। जिससे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मजबूर होकर अस्पताल के बाहर जाकर निजी जांच घरों में हजारों रुपये खर्च कर अल्ट्रासाउंट कराना पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाओं को और ज्यादा परेशानी होती है। क्योंकि सबसे अधिक गर्भवती महिलाओं को ही चिकित्सक अल्ट्रासाउंड करने के लिए पर्ची लिखते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के लिए सरकार ध्यान नहीं दे रही है। अगर सरकार चाहे तो लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। सरकार व स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों को लोगों की इस समस्या पर प्राथमिकता से ध्यान देने की जरूरत है। निश्चित तौर पर अल्ट्रासाउंड के अभाव में लोगों की परेशानी बढ़ गई है। गरीब घर के मरीजों को बाहर में मोटी रकम देकर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है जिससे उन्हें बहुत दिक्कत होती है।

क्या कहते हैं पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एन के आर्या ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों के द्वारा सुरक्षित मातृत्व के लिए महिलाओं की कई तरह की जांच की जाती है। पीएचसी में अल्ट्रासाउंड की कोई व्यवस्था नही है। इसके लिए हमने जिला से मांग की है। अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलोजिस्ट चिकित्सक भी चाहिए। प्रखण्ड में तीन ही वैध अल्ट्रासाउंड क्लिनिक है। जिसमें चांदनी अल्ट्रासाउंड, नेशनल अल्ट्रासाउंड और गया नर्सिंग होम इटिम्हा शामिल है। शेष जो भी अल्ट्रासाउंड चल रहे हैं वो अवैध हैं। जिसकी समय-समय पर जांच कर करवाई भी की जाती है। अल्ट्रासाउंड के लिए स्वास्थ्य भी को लिखा गया है। फिलहाल अनुमंडल स्तर पर अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था है।

25 जुलाई को निकलेगी संकल्प रथ यात्रा : ई. विवेक कुशवाहा

नवप्रदेश प्रतिनिधि सासाराम। विकासशील इंसान पार्टी की जिला स्तरीय बैठक कुशवाहा सभा भवन सासाराम में जिला अध्यक्ष इंजीनियर विवेक कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई जिसका संचालन प्रधान महासचिव अंबिका बिंद ने किया बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो मुकेश साहनी ने आह्वान किया है कि 25 जुलाई को वीरांगना फूलन देवी की शहादत दिवस पटना कृष्ण मेमोरियल हॉल में मनाने के बाद बिहार उत्तर प्रदेश एवं झारखंड राज्य के लिए संकल्प रथ यात्रा 100 दिनों तक भ्रमण करेगी कुशवाहा ने बताया कि संकल्प रथ यात्रा हमारे जिला रोहतास में 18 अगस्त को आएगी जिसे सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष को युद्ध स्तर पर तैयारी करनी होगी तब जाकर रथ यात्रा सफल होगी।

एमडीए अभियान में एनसीसी कैडेट एवं नेहरु युवा केंद्र के सदस्य करेंगे सहयोग

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। जिला सहित राज्य के 14 जिलों में 10 अगस्त से एमडीए अभियान संचालित किया जायेगा. अभियान के दौरान ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर घर-घर जाकर लक्षित आबादी को डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की दवा सेवन कराएंगी. अभियान के दौरान 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति को छोड़कर सभी लोगों को दवा खिलायी जाएगी. फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एमडीए अभियान की भूमिका अहम् मानी जाती है. अभियान का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को दवा का सेवन करवाकर उन्हें फाइलेरिया के संक्रमण से सुरक्षित रखना है. इसके लिए अन्य विभागों के सहयोग को सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं. इसी क्रम में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कमांडर एनसीसी, जिला युवा अधिकारी, नेहरु युवा केंद्र अधिकारी पटना रीजन एवं जिला अंतर्गत सभी थाना प्रभारी को आगामी एमडीए अभियान अपना सहयोग करने का निवेदन किया है.

सभी विभागों का सहयोग एवं सहभागिता आवश्यक

जारी पत्र में बताया गया है कि अक्सर जानकारी तथा जागरूकता के अभाव में सभी पात्र व्यक्ति दवा का सेवन नहीं कर पाते हैं। इसके कारण फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्ति में बाधा आ रही है. राज्य सरकार फाइलेरिया उन्मूलन के लिए संकल्पित है और इसके लिए प्रभावी कार्य योजना बनायी गयी है. फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए सभी विभागों का सहयोग एवं सहभागिता आवश्यक है ताकि उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। जारी पत्र में बताया गया है कि सिफार संस्था इस प्रयोजन पर काम कर रही है. सहयोग एवं सहभागिता के लिए सिफार के पदाधिकारी आपसे संपर्क करेंगे। जारी पत्र में अनुरोध किया गया है कि कमांडर एनसीसी, जिला युवा अधिकारी, नेहरु युवा केंद्र अधिकारी पटना रीजन एवं जिला अंतर्गत सभी थाना प्रभारी इसमें अपना अपेक्षित सहयोग करेंगे.

दवा सेवन ही फाइलेरिया संक्रमण से है सुरक्षा का मार्ग

डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि फाइलेरिया यानी हाथीपांव एक ऐसी बीमारी है जो व्यक्ति को जीवन भर के लिये दिव्यांग बना देता है. मच्छर काटने से होने वाले इस रोग के लक्षण काफी देर से दिखते हैं। ये शरीर के लसिका तंत्र लिम्फैटिक सिस्टम को सीधे प्रभावित करता है. इसका कोई कारगर इलाज नहीं है. इसलिये बचाव में ही सुरक्षा निहित है। फाइलेरिया उन्मूलन के लिये सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम फाइलेरिया से सुरक्षा प्रदान करने का सबसे सशक्त माध्यम है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर आईसीडीएस महिला पर्यवेक्षक एवं कोऑर्डिनेटर के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण किया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को आईसीडीएस के महिला पर्यवेक्षक एवं प्रखंड कोऑर्डिनेटर के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण किया गया।आईसीडीएस के कोऑर्डिनेटर गौतम कुमार एवं महिला पर्यवेक्षक अमीता कुमारी ने बताया कि आईसीडीएस के द्वारा प्रत्येक वर्ष दो बार आंगनबाड़ी केंद्रों का सामाजिक अंकेक्षण किया जाता है जिसके तहत विगत है 20 जून को होने वाले सामाजिक अंकेक्षण भीषण गर्मी के कारण जिलाधिकारी के निर्देश पर अगले आदेश तक रोक दिया गया था जिसे आज 20 जुलाई को प्रखंड क्षेत्र के सूर्यपुरा बिजली गली आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के साथ हैं प्रखंड क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया गया।

सिचाई करहा को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु किसानो ने दिया आवेदन

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। प्रखंड के बहुआरा गांव के दर्जनों किसान प्रखंड मुख्यालय पहुंच सिचाई करहा को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सीओ को आवेदन दिया। ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन में कहा है कि वैना राजबाहा से बहुआरा मौजा के लगभग 400 बिघे खेत के सिचाई हेतु एकमात्र करहा में अतिक्रमण के कारण धान की रोपनी बाधित है.वर्षों से उक्त करहा से खेतों की सिचाई होती आ रही है। परंतु कुछ लोगों ने विधायक फंड से करहा में गार्ड वाल बनवा दिया। साथ ही गार्ड वाल का निव काटकर शेष करहा को भी मिट्टी से भर दिया है.जिसके कारण करहा में पानी नहीं जा रहा है, जिससे खेतों में पानी नहीं जा रहा है.खेत सुखे पड़े हैं। धान की रोपनी नहीं हो रही है, किसान परेशान हैं.यदि करहा से मिट्टी का अतिक्रमण नहीं हटवाया गया तो चार सौ बिघे खेत में धान की रोपनी नहीं हो पायेगी.जिससे किसान के समक्ष भुखमरी की समस्या खड़ी हो जाएगा।

एक नजर

मारपीट में एक महिला सहित एक अन्य घायल

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। थाना क्षेत्र के छुलकार गांव में एक जमीन पर अपने अपने मालिकाना हक को लेकर, दो परिवारों के बीच हुई मारपीट में एक महिला सहित एक अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. उपचार कर रहे डॉक्टर ने स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए सासाराम रेफर कर दिया. मारपीट में घायल दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे की खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है. थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि एक पक्ष से मनोज कुमार ने रवि रंजन उर्फ बीआईपी, अनुरंजन कुमार, चितरंजन कुमार, शांति देवी सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. वहीं घायल कांति देवी ने मनोज कुमार, सुनील कुमार, लक्ष्मण सिंह, सुमित्रा देवी सहित 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. थाना अध्यक्ष की मानें तो मामला दर्ज कर गहन जांच-पड़ताल की जा रही है जो भी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार



नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। गाड़ी संख्या 22911 डाउन से देसी शराब लेकर आ रही एक महिला रिंकू कुंवर, पति स्वर्गीय भिखारी राम, ग्राम सुभाष नगर वार्ड नंबर 14, वर्तमान ग्राम त्रिलोकी नगर वार्ड नंबर 10 थाना डालमियानगर रोहतास बिहार को 8180/ झ रुपए के 110 अदद ब्लू लाइम देसी शराब के साथ रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन के प्लेटफार्म संख्या 3 से आरपीएफ के उप निरीक्षक अशोक कुमार मीणा, सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, प्रधान आरक्षी अनिल कुमार सिंह, आरक्षी अनिल प्रसाद एवं स्थानीय थाना डालमियानगर के इंचार्ज खुशी राज तथा स्टाफ के द्वारा पकड़ा गया जिससे कानूनी कार्रवाई हेतु स्थानीय थाना डालमियानगर को सुपुर्द कर दिया गया है। यह जानकारी आरपीएफ डेहरी के मनोज कुमार चौधरी ने दी।

बिहार होमियो रत्न से सम्मानित होंगे डॉ घनश्याम

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया (प.च)। नगर के युवा होम्योपैथिक चिकित्सक सह आगेर्नाइजेशन फॉर होमियो मिशन के जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम को बिहार होमियो रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।होम्योपैथिक की प्रसिद्ध दवा कंपनी डॉ अरविंद रिसर्च लेबोरेट्री के तत्वावधान में एक अगस्त को हाजीपुर में आयोजित स्टेट होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस में डॉ घनश्याम को बिहार होमियो रत्न से सम्मानित किया जाएगा।आपको बता दें कि डॉ घनश्याम नगर के छावनी चौक पर स्तिथ सविता होमियो रिसर्च सेंटर के निदेशक है।

ट्रैक्टर से दबकर किसान की मौत

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना क्षेत्र के अंधार गांव में बुधवार की रात्रि ट्रैक्टर पलटने से दब कर किसान मजदूर 42 वर्षीय बिनोद चौधरी की मौत से मृतक की पत्नी गुड़िया देवी एवं उसके तीन बेटी तथा एक बेटा का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है। वहीं मृतक की पत्नी का चीत्कार सुन कर परिजनों एवं पड़ोसियों का कलेजा फटा जा रहा है.मृतक के घर पर आए रिश्तेदारों ने बताया कि मृतक के तीन बेटी है, जिसमें बड़ी बेटी पूजा देवी की विगत फरवरी महीने में शादी हो गयी है, जबकि दूसरी बेटी बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा धन्नू कुमारी, तीसरी बेटी बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा मधु कुमारी एवं सबसे छोटा बेटा इस साल इंटरमीडिएट पास किया है. जिनका लालन-पालन एवं पढ़ाई कैसे पूरी होगी. मजदूर किसान अपने घर का एकलौता कमाने वाला व्यक्ति की ट्रैक्टर से दब कर मृत्यु हो जाने से उसके बीबी -बच्चों की परवरिश कौन करेगा. यह एक विकट समस्या विधवा हो चुकी मृतक की पत्नी गुड़िया देवी के सामने उत्पन्न हो गयी है.वहीं मृतक के घर रुदन क्रंदन से समूचे पड़ोसियों के घरों का चूल्हा-चौका बंद रहा। जबकि गांव भर में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

मोबाइल चोरी कर भाग रहे दो गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिध डेहरी। 13347 पलामू एक्सप्रेस डेहरी स्टेशन रुकते ही दो व्यक्ति मोबाइल चोरी कर भाग रहे थे। जिसे आरपीएफ डेहरी ऑन सोन के सहायक उपनिरीक्षक चिंतामणि, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास, प्रधान आरक्षी असदुउल्ला खान एवं जीआरपी डेहरी ऑन सोन के सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र प्रसाद ने दोनों अपराधियों अक्षय कुमार उम्र 20 वर्ष एवं प्रदीप कुमार उम्र 20 वर्ष दोनों ग्राम पाली रोड सुभाष नगर वार्ड नंबर 14 थाना नगर देहरी जिला रोहतास (बिहार)का पीछा करते हुए डालमियानगर के पास खदेड़ कर पकड़ लिया । यह जानकारी देते हुए डेहरी जीआरपी प्रभारी ने बताया कि रेल पीपी डेहरी ऑन सोन मैं संबंधित धाराओं में केस पंजीकृत किया गया है।

बिजली चोरी मामले में सात लोगों पर जुर्माना सहित प्राथमिकी

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। बिजली चोरी कर मील चलाने के मामले में एसटीएफ की टीम ने उसरी निवासी नंदजी सिंह पर चार लाख 43 हजार पांच सौ 20 रुपये, जुमार्ना के साथ कनिय अभियंता राज कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं कटैल बाल गांव में बजली चोरी के मामले में विनोद कुमार पर 25 हजार आठ सौ 48 रुपये, सत्येंद्र भारती पर 25 हजार पांच सौ 76 रुपये, शिव शंकर सिंह पर 21 हजार छः सौ 50 रुपये, उमाशंकर भारती पर 18 हजार तीन सौ नौ रुपये, इंद्र महतो 16 हजार तीन सौ 38 रुपये व सरोज महतो पर 66 हजार तीन सौ 37 रुपये जुमार्ना लगाते हुए कनिय अभियंता कौशलेंद्र कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है।

विकास मित्र प्रेम रंजन राम 3 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना क्षेत्र के रतन पट्टी गांव से पुलिस ने 3 लीटर शराब के साथ एक के विकास मित्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में कोर्ट में पेश किया। थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना के ए एस आई महादेव प्रसाद एवं पुलिस बल के जवानों के द्वारा बुधवार की रात्रि संध्या गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के रतन पट्टी गांव से नीमा गांव के रहने वाले विकास मित्र प्रेमरंजन राम को 3 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिसे गुरुवार को कोविड 19 का जांच कराने के बाद मद्य निषेध धाराओं के अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में कोर्ट में पेश किया गया।

जमीनी विवाद में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या, पुलिस कार्रवाई में जुटी

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। में जमीनी विवाद गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया। पाटीदार ने जमीनी विवाद में गोली मारकर पाटीदार की हत्या कर दी। गोली का आवाज सुनकर गांव में फैली सनसनी। मृतक की पहचान ओलहा मेहता टोला के जगरनाथ सिंह के रूप में की गई है। पुलिस घटना स्थल पर पहुच कार्रवाई में जुटी है। घटना हरसिद्धि थाना क्षेत्र के ओलहा मेहता टोला की बतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि हरसिद्धि थाना क्षेत्र के ओलहा मेहता टोला में मदन सिंह और जगरनाथ सिंह में पूर्व से भूमि विवाद चल रहा था। इसी बीच गुरुवार को एक पक्ष द्वारा एक पक्ष की फसल नुकसान किया जाने लगा। जिसको लेकर दोनों पाटीदार में जमकर मारपीट हुआ। इसी में एक पक्ष द्वारा गोली चला दिया गया। जिसमें जगरनाथ सिंह को गोली लग गयी। सूचना पर पुलिस पहुचकर जख्मी को सदर अस्ताल भेजा जहा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस शव की बरामद कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी है। वहीं हत्या की घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

संपादकीय

इंडिया शब्द पर बहस

विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन को इंडिया नाम दिया। उसके बाद कुछ लोग इस पर विवाद शुरू कर चुके हैं। एक व्यक्ति ने भारत के आधिकारिक नाम का दुरुपयोग बताते हुए दिल्ली के बाराखंबा थाने में 26 विपक्षी दलों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। हालांकि कानूनविदों की राय है कि चूंकि इंडिया शब्द को किसी संस्था या राजनीतिक दल के आधिकारिक नाम के तौर पर उपयोग नहीं किया गया है, इससे कोई आर्थिक लाभ लेने की कोशिश नहीं की गयी है, और इसका कहीं रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया जाना है, सर्वोच्च न्यायालय या चुनाव आयोग में इसे गैर कानूनी नहीं ठहराया जा सकता। इंडिया शब्द पर बहस सिर्फ राजनीतिक है, जो स्वाभाविक भी है। ज्यादा विवाद की स्थिति में इंडिया शब्द किसी संस्था (यहां भारत देश) के नाम का उपयोग कर लोगों को भ्रम में डालने का मामला बन सकता है। इस कारण भारतीय दंड संहिता के आधार पर यह गैरकानूनी और दंडात्मक है और इस मामले में इन राजनीतिक दलों पर कार्रवाई की जा सकती है। वैसे देखा जाये, तो विपक्षी दलों के द्वारा इंडिया शब्द का उपयोग किसी भी तरह गैरकानूनी नहीं है। इस नाम का न तो कहीं रजिस्ट्रेशन कराया गया है, और न ही इससे कोई आर्थिक लाभ लेने की कोशिश की गई है, ऐसे में इसे अपराध नहीं कहा जा सकता। कई लोग अपना या अपनी संस्था का नाम भारत या हिंदुस्तानी रख लेते हैं। जानकार यह कह रहे हैं कि भारतीय दंड संहिता में किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था का नाम का छद्म रूप से उपयोग करना दंडनीय अपराध है। इससे लोगों को भ्रम हो सकता है और वे किसी बहकावे में आ सकते हैं। ऐसे में इसे अपराध माना गया है। लेकिन इन 26 राजनीतिक दलों ने इंडिया की हर स्पेलिंग के बाद पूर्ण विराम का उपयोग किया है, इसे पूरी तरह इंडिया के नाम का दुरुपयोग नहीं कहा जा सकता। इसका एक संस्था या राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत न कराना भी इसके बचाव का एक कारण हो सकता है। इस देश में जीवित व्यक्तियों के अलावा कंपनी, ट्रस्ट और सोसाइटी आदि कानून के दायरे में आते हैं और वे इंडिया और भारत जैसे शब्दों का दुरुपयोग नहीं कर सकते। इसके बावजूद अनेक अखबार, टीवी चैनल और कई कंपनियां इंडिया या भारत नाम का इस्तेमाल कर रही हैं। भारत में राजनीतिक दलों के सभी गठबंधन, वो चाहे एनडीए हों या यूपीए, इंडिया जैसे शब्दों का उपयोग करते रहे हैं। इनका सियासी महत्व भले ही हो, लेकिन कानून की दृष्टि में इसका विशेष महत्त्व नहीं है। अंग्रेजों के समय से ही देश के नाम के अनुचित उपयोग को लेकर कानूनी प्रावधान थे। जब देश स्वतंत्र हुआ, तब भी इसके नाम के अनुचित उपयोग को लेकर हमारे संविधान निर्माता बेहद सजग थे। देश और उसके कुछ मान्य प्रतीकों के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए ही एंब्लेम एक्ट 1950 बनाया गया था। बाद में समय-समय पर इसे संशोधित किया गया। बहरहाल, बहस कहां तक पहुंचती है, इसके लिए इंतजार करना होगा, लेकिन इंडिया नामक 26 दलों के गठबंधन ने देश में अपनी अच्छी उपस्थिति जरूर दर्ज करायी है।

सामयिकी

सफल महिला के तलाक में प्रॉब्लम क्या है

नमिता जोशी

अगर लड़की घरेलू है, नौकरी नहीं करती है या बहुत ऐवरेज किस्म की जॉब करती है तो कोई टेंशन नहीं। समाज को प्रॉब्लम तब हो रही है जब लड़की ने कुछ हासिल कर लिया है और वह अपने पति से अलग होने का फैसला कर रही है। हम कितने ही जेंडर की बराबरी के लेख लिख लें और कितने ही सेमिनार कर लें, लेकिन पैट्रियार्की अब भी कुछ लोगों की रगों में खून बनकर धड़क रही है और हाल ही में दो मामले ऐसे हुए जिनमें लड़कियों के चरित्र का जमकर हनन किया गया, क्योंकि उन्होंने अपनी खुशी या दिमागी शांति के लिए अपनी लाइफ का फैसला खुद कर लिया। पहला तूफान उठा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कमीडियन और ऐक्ट्रेस कुशा कपिला के अपने पति से अलग होने के ऐलान के साथ। तीन मिलियन यानी तीस लाख के करीब फॉलोअर्स वाली कुशा अब तक अपनी रील्स के जरिए लोगों को हंसाने वाली कमीडियन थीं, लेकिन जिस दिन उन्होंने तलाक का पोस्ट डाला, उस दिन से वह विलन बन गईं। तलाक लेना हमारे समाज में बहुत बड़ा टैबू है और घरवाले हमेशा इसके खिलाफ रहते हैं। कुशा और उनके पति के तलाक पर पहले तो किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए, लेकिन अगर किसी को हक है भी तो वह उनके परिवारों को है जो उनके इस फैसले से दुखी होते। लेकिन इंस्टाग्राम की जनता कुशा पर ऐसे टूट पड़ी जैसे कुशा के खर्चे पानी का बोझ अब उन पर आने वाला हो। एक यूजर का कहना था कि जैसे ही कुशा ने कामयाबी का स्वाद चखा, वैसे ही पति को धोखा दे दिया। कुशा को कोसने वालों के मुंह पर तमाचा लगाने का काम उनके पति जोरावर ने ही किया। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि कुशा के चरित्र पर उंगली उठाने वालों को शर्म आनी चाहिए। मैं उनके खिलाफ होने वाली बातों को सुनकर बहुत दुखी और निराश हूं। हैरान करने वाली बात ये है कि जो ट्रोलिंग कुशा की हो रही है, वह हर उस खबर के बाद होती है, जिसमें कोई भी जोड़ा अलग होने का ऐलान करता है। गलती अक्सर महिलाओं की ही ठहराई जाती है इसलिए मलाइका अरोड़ा से लेकर सुजैन खान और सामंथा रुथ प्रभु तक लोगों ने किसी का मजाक उड़ाने में कसर नहीं छोड़ी है। दूसरा केस यूपी की एक प्रशासनिक अधिकारी का है जिन पर उनके पति ने आरोप लगाया है कि वह कामयाब होने के बाद उनसे तलाक लेना चाहती हैं। पति का कहना है कि मैंने पैसों के अभाव में किसी तरह पत्नी की कोचिंग का खर्च उठाया और अब जब वह अधिकारी बन गई हैं तो तलाक लेना चाहती हैं, क्योंकि वह अब किसी और अफसर से प्यार करती हैं। पत्नी के कामयाब होने के बाद तलाक लेने की बात हमारे उसी समाज को भला कैसे पच जाती जो अभी अभी कुशा को गाली देकर फुर्सत में बैठे थे। उनका मानना है कि महिला को पति ने ही इस लायक बनाया तो अब उनकी जुर्रत कैसे हो रही है तलाक लेने की। सवाल ये है कि अब तक न जाने कितने अफसर, नेता, अभिनेता और आम आदमी तक इस तरह कामयाब होने के बाद तलाक लेने की घटनाएं नहीं हुईं? हुई हैं तो क्या उन पर इस तरह की राष्ट्रीय बहसें हुई हैं? सलमान खान के पिता सलीम खान हों या धर्मेंद्र, दोनों ही कामयाब होने से पहले शादी शुदा थे और बाद में दूसरी शादियां कीं। इसी तरह आमिर खान, सैफ अली खान, जावेद अख्तर से लेकर न जाने कितने सफल पुरुषों की लंबी लिस्ट है, जिन्होंने पहली पत्नी से तलाक लेकर दूसरी शादी की। लेकिन कभी भी ये देश की चिंता का विषय नहीं बना। तलाक लेने की वजहें दो लोगों के आपसी रिलेशनशिप में आयी कड़वाहट से उपजी होती हैं, उसमें महिला की कामयाबी या पुरुष की कामयाबी को मसला बनाकर उन्हें जज करना छोड़ना होगा। और पढ़ाओ इन्हें कहकर महिलाओं की कामयाबी को कोसने वालों को भी समझना चाहिए कि बेगानी शादी में तो क्या बेगाने तलाक में आपको दीवाना बनने की जरूरत नहीं है।

चंद्र मिशन के बाद इसरो का सूर्य मिशन

शशांक द्विवेदी

> आदित्य सूर्य के कोरोना की गर्मी और उससे होने वाले उत्सर्जन के रहस्य को भी सुलझाने में मदद करेगा। सूर्य कोरोना का टेंपरेचर लाखों डिग्री है। पृथ्वी से कोरोना सिर्फ पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ही दिखाई देता है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की इस तरह की पहली कोशिश होगी। कोरोना के अध्ययन से सोलर एक्टिविटी कंडीशन के बारे में अहम जानकारियां मिल सकेंगी।

चंद्रयान 3 की सफलता के बाद इसरो के वैज्ञानिक अब सन मिशन की तैयारी कर रहे हैं। सूर्य कोरोना का अध्ययन एवं धरती पर इलेक्ट्रॉनिक संचार में व्यवधान पैदा करने वाली सौर-लपटों की जानकारी हासिल करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जल्दी ही आदित्य-1 उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। इसरो के लिए 2023 अंतरग्रहीय मिशन का साल कहा जा सकता है। इसरो अगस्त के अंत में सौर वातावरण का अध्ययन करने के लिए ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) रॉकेट पर अपना कोरोनोग्राफी उपग्रह आदित्य एल1 भेजेगा।

इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के पहले लैग्रेंज पॉइंट (एल1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। छ1 बिंदु के आसपास उपग्रह बिना किसी बाधा के लगातार सूर्य को देखने देख सकेगा। सूर्य के केंद्र से पृथ्वी के केंद्र तक एक सरल रेखा खींचने पर जहां सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल बराबर होते हैं, वह लैग्रेंज बिंदु कहलाता है। सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी की तुलना में काफी अधिक है इसलिए अगर कोई वस्तु इस रेखा के बीचों-बीच रखी जाए तो वह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से उसमें समा जाएगी।

गुरुत्वाकर्षण बल

लैग्रेंज बिंदु पर सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल समान रूप से लगने से दोनों का प्रभाव बराबर हो जाता है। इस स्थिति में वस्तु को न तो सूर्य अपनी ओर खींच पाएगा, न पृथ्वी अपनी ओर खींच सकेगी और वस्तु अधर में लटकी रहेगी। लग्रांज बिंदु को एल-1, एल-2, एल-3, एल-4 और एल-5 से निरूपित किया जाता है। इसरो एल-1 लैग्रेंज बिंदु के आसपास आदित्य-1 को स्थापित करना चाहता है। आदित्य-1 उपग्रह की मदद से सूर्य के सबसे भारी भाग का अध्यन करेगा। इससे कॉस्मिक किरणों, सौर आंधी, और विकिरण के अध्ययन में मदद मिलेगी। अभी तक वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना का अध्यन केवल सूर्यग्रहण के समय में ही कर पाते थे।

इस मिशन की मदद से सौर वालाओं और सौर हवाओं के अध्ययन में जानकारी मिलेगी कि ये किस तरह से धरती पर इलेक्ट्रिक प्रणालियों और संचार नेटवर्क पर असर डालती है। इससे सूर्य के कोरोना से धरती के भू चुम्बकीय क्षेत्र में होने वाले बदलावों के बारे में घटनाओं को समझा जा सकेगा। इस सोलर मिशन की मदद से तीव्र और मानव निर्मित उपग्रहों और अन्तरिक्षयानों को बचाने के उपायों के बारे में पता लगाया जा सकेगा।

कई गुणों का होगा अध्ययन

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अनुसार वह इसरो के अगले इंटरप्लेनेटरी मिशन - सौर मिशन आदित्य एल1 के लिए ट्रैकिंग सहायता प्रदान करेगी। आदित्य-एल1 का नाम हिंदू सूर्य देवता और अंतरिक्ष यान के भविष्य के घर के नाम पर रखा गया है। वहीं एल1 - पृथ्वी-सूर्य प्रणाली का पहला लैग्रेंज बिंदु है। ईएसए ने कहा, यह कई गुणों का अध्ययन करेगा, जैसे कि कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता और उत्पत्ति।

सौर हवाओं की गति

आदित्य-1 देश का पहला सौर कॅरोनोग्राफ उपग्रह होगा। यह उपग्रह सौर कोरोना के अत्यधिक गर्म होने, सौर हवाओं की गति बढ़ने तथा कॅरोनल मास इंजेक्शंस (सीएमईएस) से जुड़ी भौतिक प्रक्रियाओं को समझने में मदद करेगा। यह उपग्रह सौर लपटों के कारण धरती के मौसम पर पड़ने वाले प्रभावों और इलेक्ट्रॉनिक संचार में पड़ने वाली बाधाओं का भी अध्ययन करेगा। आदित्य-1 से प्राप्त आंकड़ों और अध्ययनों से इसरो भविष्य में सौर लपटों से अपने उपग्रहों की रक्षा कर सकेगा।

इसरो ने इसके लिए कुछ उपकरणों का चयन भी किया है जो आदित्य-1 के पे-लोड होंगे। इनमें विजिबल एमिशन लाइन कॅरोनोग्राफ (वीईएलसी), सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलिस्कोप, प्लाजमा एनालाइजर पैकेज, आदित्य सोलर विंड एक्सपेरिमेंट, सोलर एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर शामिल हैं। सूर्य के बारे में अभी हमारी जानकारियां आधी अधूरी है। सूर्य के बारे में बहुत कुछ जानना बाकी है। अभी सोलर कोर्निया के बारे में वैज्ञानिक ज्यादा नहीं जानते हैं, ज्वालाएं कब आएंगी इसका हमें आइडिया भी नहीं है। इस मिशन से सूर्य के बारे में काफी जानकारी मिल जाएगी।

उत्सर्जन का रहस्य

आदित्य सूर्य के कोरोना की गर्मी और उससे होने वाले उत्सर्जन के रहस्य को भी सुलझाने में मदद करेगा। सूर्य कोरोना का टेंपरेचर लाखों डिग्री है। पृथ्वी से कोरोना सिर्फ पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ही दिखाई देता है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की इस तरह की पहली कोशिश होगी। कोरोना के अध्ययन से सोलर एक्टिविटी कंडीशन के बारे में अहम जानकारियां मिल सकेंगी। इसरो के इस सन मिशन से सूर्य की सतह और सूर्य के आसपास हो रही गतिविधियों और सौर विस्फोटकों के बारे में जान सकेंगे।

अब तक हम धरती से अलग-अलग स्थानों से 12-12 घंटे ही सूर्य पर होने वाली ग्रहीय गतिविधियों का अध्ययन कर पाते थे। अब आदित्य एल-1 को अंतरिक्ष में ऐसी जगह स्थापित किया जाएगा, जहां से सूर्य पर होने वाली घटनाओं पर 24 घंटे अध्ययन किया जा सकेगा। आदित्य एल-1 की कक्षा पृथ्वी और सूर्य से दूरी की तुलना में पृथ्वी से यदि 1 प्रतिशत रहेगी तो सूर्य से 99 प्रतिशत होगी।

संभावनाओं के नए द्वार

'आदित्य' के प्रक्षेपण के बाद निसंदेह अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की दखल और बढ़ जाएगी। सूर्य मिशन बहुत महत्वपूर्ण है और वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी तरह का एक विशिष्ट मिशन है इसलिए इसरो के वैज्ञानिकों को इस मिशन से भारी उम्मीदें हैं। अब तक सिर्फ अमेरिका, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और जापान ने सूरज के अध्ययन की लिए स्पेसक्राफ्ट भेजे हैं। इस मिशन की सफलता इसरो के लिए संभावनाओं के नए दरवाजे खोल देगी।

परीक्षा घोटाला होने पर उस केन्द्र पर ही पुनर्परीक्षा



रामकिशोर उपाध्याय

> जिस परीक्षा केंद्र पर आरोप लगे हैं और जो सच भी जान पड़ते हैं, क्योंकि एक ही केंद्र से टॉप टेन में सात लोगों का आना संदेह तो उत्पन्न करता ही है। वहां महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इस सरकार को इस बात का पता भी लगाना चाहिए कि अंततः ऑनलाइन परीक्षा में सेंध लगाने के लिए क्या किया गया?

मध्य प्रदेश पटवारी भर्ती परीक्षा को लेकर तमाम तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं। पटवारी भर्ती के लिए लगभग बारह लाख परीक्षार्थियों ने आवेदन भरे थे। इनमें से लगभग नौ लाख परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा परिणामों में आठ हजार छः सौ अभ्यर्थी चयनित सूची में आए। किन्तु 13 जिलों के 78 केंद्रों में से एक सेंटर पर हुए कथित घोटाले या कहें कि सामूहिक नकल के आरोपों के कारण पूरी भर्ती प्रक्रिया पर ही उँगली उठाई जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसे चुनावी मुद्दा बनाने के लिए पूरे प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन कर रही है। विपक्षी दल होने के कारण सरकार की किसी भी चूक पर विरोध करना उसका कर्तव्य है किंतु क्या इस विरोध से पीड़ित छात्रों को न्याय मिल पाएगा?

यहां प्रश्न यह भी है कि पीड़ित कौन है? वे एक सौ चौदह संभावित विद्यार्थी, जिनका अधिकार इन कथित नकलचियों ने पैसे देकर छीन लिया या फिर पूरी भर्ती प्रक्रिया के लटक जाने से नौकरी से वंचित हो जाने वाले साढ़े आठ हजार योग्य, परिश्रमी और पूरी ईमानदारी से परीक्षा पास करने वाले युवा मूल समस्या क्या है? ऐसे मामले सामने आने पर उनका स्थायी समाधान होना चाहिए। पर इसकी बजाय चुनावी मौसम में जिसे देखो वही अपनी सुविधा और लाभ के लिए विरोध या समर्थन का झंडा उठाए घूम रहा है।

आज पूरे देश में ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में परीक्षा घोटाला होना आम बात है जबकि वतार्मान समय में यह सही नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में अपवादों को छोड़कर पूरे प्रदेश में निर्विघ्न परीक्षाएं संपन्न होती आ रही हैं। राजनीति अपनी जगह है सच्चाई अपनी जगह। कुछ नकलचियों के पाप की सजा ईमानदारी से परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को क्यों मिले? हमारा संविधान भी यही कहता है कि किसी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए।

अभी पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में राज्य सेवा परीक्षा में हुए कथित घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध वहां के विपक्षी दलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। परिणाम क्या हुआ, जांच बैठा दी गई और रिपोर्ट मिलने की अंतहीन प्रतीक्षा शुरू है। ठीक इसी प्रकार राजस्थान में रीट परीक्षा में पेपर लीक होने पर विपक्षी दलों ने वहां की सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध प्रदर्शन किया, परिणाम क्या हुआ? जांच बैठा दी गई और रिपोर्ट का अता-पता नहीं है । मध्य प्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा में एक केंद्र पर कथित घोटाले का आरोप लगा तो यहाँ क्या हुआ? यहां भी जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

चूंकि मध्य प्रदेश में नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिए कांग्रेस इसे चुनावी मुद्दा बनाकर अपने कार्यकताओं को सड़कों पर उतार रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने स्वयं ट्वीट करके मोर्चा खोल दिया है। राजनीति ऐसे ही चला करती है इसलिए यह कोई विशेष बात नहीं। विशेष बात यह है कि इस शोर-शराबे में परीक्षा व्यवस्था में सुधार पर कोई बहस होती नहीं दीखती। निःसंदेह यह बहुत बड़ा अपराध है इसकी जांच भी होनी चाहिए और दोषियों को सजा भी मिलनी ही चाहिए। किन्तु क्या इस प्रकार की घटनाएं, नकल या पेपर लीक पूरी तरह रोके जा सकते हैं? इसका एक ही उत्तर हो सकता है, हां। किन्तु अपवादस्वरूप ऐसी घटनाएं होती रह सकती हैं। यदि पचास या सौ केन्द्रों में से किसी एक केंद्र पर कोई गड़बड़ी होने पर यदि पूरी परीक्षा निरस्त होने की परम्परा चल निकली तो देश में परीक्षाएं कराना असंभव हो जाएगा।

परीक्षा में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली अपनायी गयी। जिस परीक्षा केंद्र पर आरोप लगे हैं और जो सच भी जान पड़ते हैं क्योंकि एक ही केंद्र से टॉप टेन में सात लोगों का आना संदेह तो उत्पन्न करता ही है। वहां महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इस सरकार को इस बात का पता भी लगाना चाहिए कि अंततः ऑनलाइन परीक्षा में सेंध लगाने के लिए क्या किया गया? क्या सर्वर हैक किया गया या बिजली की आपूर्ति बाधित करके पुनः पेपर हल कराया गया या कोई अन्य विधि अपनाई गई। निष्पक्ष और विस्तृत जांच से दोषियों को सजा देने का मार्ग तो खुलेगा ही, ऑनलाइन परीक्षा एजेंसियों को इसमें सुधार के लिए भी बाध्य किया जा सकेगा। लेकिन कुछ घटनाओं के कारण इस प्रणाली को ही अविश्वसनीय घोषित कर दिया गया तो मामला ई.वी.एम. जैसा हो जाएगा। हम जीते तो ठीक अन्यथा मशीन ने हरा दिया जैसा। ई.वी.एम. से याद आया, चुनाव आयोग कई चरणों में कई महीनों में चुनाव कराता है। परीक्षा भी कई दिनों या महीनों में संपन्न हो पाती है। किसी एक या कुछ मतदान केन्द्रों पर कुछ भी अनुचित होने पर पूरा चुनाव रद्द नहीं होता अपितु पुर्न मतदान होता है। ठीक वैसे ही किसी एक या कुछ परीक्षा केन्द्रों पर गड़बड़ी होने पर पूरी परीक्षा को निरस्त करने की क्या आवश्यकता है? उस परीक्षा केंद्र की जाँच करा के दोषियों को जेल भेजकर उस केंद्र के विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित की जाए।

दिल्ली की बाढ़ : हंगामा है क्यों बरपा



डॉ शिव सिंह रावत

> दिल्ली में केवल भारी बारिश के कारण बाढ़ नहीं आयी है, बल्कि राजनैतिक दलों द्वारा प्रायोजित माफियाओं और निजी माफियाओं द्वारा बाढ़ क्षेत्रों में भूमि कब्जा, बड़े पैमाने पर मूल पथ पर अतिक्रमण और अवैध खनन के कारण भी बाढ़ आयी है।

पिछले दिनों हथनीकुंड बैराज (एचकेबी) से निकलने वाली दो नहरों में पानी न छोड़ने, एचकेबी बैराज पर यमुना नदी के पानी का भंडारण नहीं करने और जानबूझकर यमुना का सारा पानी दिल्ली की ओर भेजकर बाढ़ की स्थिति पैदा करने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से निहित समूहों द्वारा हरियाणा को दोषी ठहराने का भ्रम फैलाया गया। नदी-नहर तथा बैराज-बांध के अंतर और एचकेबी के गेटों के संचालन को लेकर आमजन को गुमराह किया गया। जल विशेषज्ञ होने के नाते, तथ्यों को सार्वजनिक मंच पर लाकर भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए मैंने इस लेख के माध्यम से कोशिश की है। आइए बिंदुवार तथ्यों पर गहराई से गौर करें-

हरियाणा सरकार ने दोनों नहरों में पानी क्यों नहीं छोड़ा?

सबसे पहले हमें नदी और नहर के बीच बुनियादी अंतर को समझना होगा।नदी ताजे पानी का एक प्राकृतिक व्यापक प्रवाह है जो भूमि से बहकर समुद्र में जाता है।जबकि नहर पानी का एक लंबा, पतला विस्तार है जो मानव निर्मित संरचना है जिसका उपयोग जल को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक ले जाने के लिए किया जाता है।अतः यमुना विस्तृत क्षेत्र में पानी के प्राकृतिक प्रवाह के लिए एक नदी है और नहर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक पानी ले जाने के लिए सीमित चौड़ाई की मानव निर्मित चैनल है।

आगे बढ़ने से पहले, मैं यह स्पष्ट कर दूं कि 12 मई, 1994 के समझौते के अनुसार यमुना जल को पांच राज्यों - हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को आवंटित किया गया है।

हथनीकुंड बैराज पर यमुना नदी से दो नहरें निकलती हैं। पहली पश्चिमी यमुना नहर (डब्ल्यूवाईसी)- इस नहर से यमुना का पानी हरियाणा को सिंचाई के लिए और दिल्ली को पीने के लिए दिया जाता है। इस नहर की क्षमता 20000 क्यूबिक फीट प्रति सेकंड (क्यूसेक) है। दूसरी पूर्वी यमुना नहर (ईवाईसी)- यह नहर यमुना के पानी को सिंचाई के लिए यूपी में ले जाती है। इस नहर की क्षमता 7000 क्यूसेक है। दोनों नहरों की कुल क्षमता 27000 क्यूसेक है। 11 जुलाई 2023 को एचकेबी से प्रवाहित अधिकतम जल 360000 क्यूसेक की तुलना में यह केवल 7% है। अतः यह आरोप कि यदि हरियाणा ने इन दोनों नहरों में पानी छोड़ा होता तो दिल्ली में बाढ़ के हालात नहीं बनते, सरासर झूठ है। यह स्पष्ट है कि यदि दोनों नहरों के गेट खोल भी दिए जाते, तब भी बड़ा हिस्सा यानी 333000 क्यूसेक पानी दिल्ली में जाता। इसलिए मीडिया के माध्यम से निहित समूहों द्वारा बनाई गई धारणा तथ्यों पर आधारित नहीं है।

हरियाणा सरकार एचकेबी में पानी का भंडारण क्यों नहीं करती?

सबसे पहले हमें बैराज और बांध के बीच के अंतर को समझना होगा। बैराज नदी से पानी को नहर प्रणालियों में मोड़ने की एक संरचना है। बैराज में भंडारण नहीं होता है। इसका उपयोग नहरों में पानी की मांग के अनुसार पानी के मोड़ को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। जबकि बांध नदी पर बनी एक दीवार जो नदी के प्रवाह को रोकती है और पानी को जलाशय में एकत्रित करती है। इससे यह स्पष्ट होता कि एचकेबी एक बैराज है जिसका मुख्य कार्य यमुना के पानी को डब्ल्यूवाईसी और ईवाईसी नहरों की ओर मोड़ना है। यहाँ पानी जमा करने के लिए कोई बांध नहीं है। एचकेबी में पानी की मांग को पूरा करने के लिए दोनों नहरों में पानी को मोड़ने के बाद अपस्ट्रीम बेसिन से पानी के प्रवाह को डाउनस्ट्रीम नदी प्रणाली में भेज दिया जाता है। बैराज का उपयोग ऊपर से गुजरने वाले डिस्चार्ज को मापने के लिए भी किया जाता है ताकि बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए निचले क्षेत्रों को चेतावनी जारी की जा सके। इसलिए यह कहना गलत है कि हरियाणा ने जानबूझकर एचकेबी में पानी जमा नहीं किया है जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया गया है, बैराज में भंडारण की सुविधा नहीं होती है।

क्या हरियाणा ने जानबूझकर दिल्ली में बाढ़ की स्थिति पैदा की?

हरियाणा ने एचकेबी पर यमुना जल को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के दिशानिर्देशों का पालन किया है। एचकेबी में यमुना जल का प्रवाह दो परिस्थितियों में नियंत्रित होता है- सामान्य और मानसून के दौरान बाढ़।

क) सामान्य स्थितिः यदि एचकेबी में यमुना का प्रवाह 1 लाख क्यूसेक से कम होता है तो हरियाणा, दिल्ली और यूपी की पानी की मांग को पूरा करने के लिए दोनों नहरों में पानी मोड़ दिया जाता है और बचा हुआ पानी निचली नदी प्रणाली में प्रवाहित कर दिया जाता है।

बी) बाढ़ की स्थितिः यदि एचकेबी में पानी का प्रवाह 1 लाख क्यूसेक (पहले यह 70000 क्यूसेक था) से अधिक होता है, तो बाढ़ के पानी को डब्ल्यूवाईसी और ईवाईसी नहरों की ओर नहीं मोड़ा जा सकता है, क्योंकि भारी मात्रा में गाद नहरों में जमा हो सकती है और बड़ी मात्रा में लुढ़क कर आए पत्थर नहरों की लाइनिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अतः एचकेबी से यमुना नदी के प्रवाह को नदी प्रणाली के निचले हिस्से में प्रवाहित कर दिया जाता है।

मजेदार बात यह है कि बाढ़ का यह पानी दिल्ली पहुंचने से पहले हरियाणा के कई जिलों से होकर गुजरता है। जिससे हरियाणा के कई जिलों में भी बाढ़ आती है। लाख टके का सवाल यह है कि दिल्ली में बाढ़ लाने के लिए हरियाणा अपने क्षेत्र में बाढ़ का जोखिम क्यों उठाएगा? इसलिए, दिल्ली द्वारा पेश की गई कहानी का कोई मतलब नहीं है। दोषारोपण का यह खेल अपनी जिम्मेदारी दूसरे पक्ष पर डालने के लिए राजनीतिक है। कोई भी वास्तविक मुद्दों को समझना नहीं चाहता और व्यवहार्य समाधान खोजने की कोशिश नहीं करता।

तो सवाल उठता है कि फिर दिल्ली में बाढ़ क्यों आयी?

यमुना नदी के अपस्ट्रीम जलग्रहण क्षेत्र में थोड़े समय में भारी वर्षा के परिणामस्वरूप पूरे उत्तर भारत में बाढ़ की स्थिति बनी। हालांकि, दिल्ली में केवल भारी बारिश के कारण बाढ़ नहीं आई है, बल्कि राजनैतिक दलों द्वारा प्रायोजित माफियाओं और निजी माफियाओं द्वारा बाढ़ क्षेत्रों में भूमि कब्जा, बड़े पैमाने पर मूल पथ पर अतिक्रमण और अवैध खनन के कारण भी बाढ़ आई है। इस अतिक्रमण ने यमुना के प्रवाह क्षेत्र को कम कर दिया है जिसके कारण दिल्ली क्षेत्र में जल स्तर में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। 13 जुलाई, 2023 को ओल्ड रेलवे ब्रिज पर यमुना का उच्चतम जल स्तर 208.66 मीटर था, जो 45 साल पहले 1978 में 207.49 मीटर के पिछले रिकॉर्ड उच्च स्तर को पार कर गया। यमुना के जल स्तर में इस अभूतपूर्व वृद्धि के कारण जल निकासी प्रणाली में पानी का प्रवाह बाधित हुआ और इसके परिणामस्वरूप दिल्ली में स्थानीय क्षेत्रों में जल जमाव और बाढ़ आ गई। इस वर्ष यमुना ने अपना पूरा स्वरूप और आकार प्राप्त कर लिया और वह वर्षों बाद अपने मूल बाढ़ क्षेत्र में बही। ऐसा कहा जाता है कि नदी (पानी) की एक स्मृति होती है।

जन्म-मृत्यु निबंधन विशेष अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी अधिकारी, मुखिया व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। जिला जनसंपर्क कार्यालय कोडरमा के सौजन्य से कोडरमा प्रखंड के बेकोबार पंचायत भवन के समीप जन्म-मृत्यु निबंधन विशेष अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजन किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सांख्यिकी अधिकारी कृष्णामूर्ति, मुखिया सुषमा देवी अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में बताया कि उन्होंने कहा कि जन्म व मृत्यु का निबंधन जरूर करवाएं ताकि इसके जरिए योजनाओं का लाभ लें सकें और कोई भी कार्यों से वंचित न रहे। जिले में 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जन्म व मृत्यु निबंधन विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि छूटे हुए लोग का जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत हो सके। बेकोबार पंचायत की मुखिया सुषमा देवी ने अपने पंचायत के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जन्म व मृत्यु निबंधन विशेष अभियान लाभ उठायें और निबंधन करायें। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा जन्म व मृत्यु निबंधन पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इधर कार्यशाला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री कृष्ण मूर्ति द्वारा जन्म व मृत्यु निबंधन की महत्ता व उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि आगामी 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक राज्य में जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर कोविड-19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए घटनाओं के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य में जन्म-मृत्य निबंधन से जुड़े निबंधकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहिया, सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। 05 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों की सूची विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। सूची में डुप्लीकेसी की जांच प्रखंडों व जिला स्तरपर की जाएगी। इस अभियान में 100 फीसदी निबंधन का कार्य पूर्ण किया जाना है। कार्यशाला में विभिन्न समयावधि में निबंधन हेतु आवेदन करने पर लगने वाले शुल्क और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गयी। अपंजीकृत बच्चों की पहचान और बच्चों की लंबित सूची अभियान प्रारम्भ होने के 15 दिनों में तैयार करना एवं इन बच्चों को चिन्हित करने के लिए विभिन्न चैनल बनाना। आगनवाड़ी केन्द्र क्षेत्र के शून्य से पाँच वर्ष आय तक के बच्चों में अपंजीकृत बच्चों का सर्वेक्षण कर उनकी सूची तैयार करना (आंगनवाडी सेविका (घोषित सूचक) अपंजीकृत बच्चे जिनका जन्म घर में हुआ हो या आगनवाड़ी क्षेत्र के अन्दर किसी निजी संस्थान में जन्म हुआ है तो उसकी जन्म रिपोर्ट फॉर्म-1 भरकर आवश्यक कार्रवाई करेगी।) प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर जन्म एवं नृत्य निबंधन की प्रक्रियाओं का प्रदर्शित की जायगी। आंगनबाड़ी सेविका को उपलब्ध करायो जायगी। प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में विशेष अभियान के दौरान होने वाले निबंधन का पयवेक्षण महिला पयवेक्षिका द्वारा किया जायगा एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। अठट चैनल स्वास्थ्य उपकेन्द्रों/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ रेफरल अस्पताल/ अनुमंडलीय अस्पताल/ सदर अस्पताल में पदस्थापित द्वारा विगत पाँच वर्षों में उपयुक्त संस्थागत केन्द्रों में जन्म लिए हुए बच्चों का सर्वेक्षण कर अपंजीकृत बच्चों की सूची तैयार करना। (उपयक्त जन्म लिए हुए बच्चों का निबंधन उस संस्थान के निबंधक के द्वारा ही किया जाना है। इसलिए अठट द्वारा तैयार की गई सूची के अनुसार जन्म रिपोर्ट फॉर्म-1 तैयार कर अपने संस्थान के निबंधक से निबंधन की प्रक्रिया को पूर्ण करायी जाएगी। सहिया (घोषित सूचक) जन्म रिपोर्ट फॉर्म-1 के अनुसार जन्म पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगी।

21 दिनों से लेकर 1 वर्ष से अंदर तक के विलंब वाले मामले

आंगनवाड़ी कायकर्ता, एएनएम और स्कूल के प्रधानाध्यापक जो घोष सूचक हैं, उनके द्वारा जन्म रिपोर्ट फॉर्म-1 भरकर तथा संबंधित लाभुक के अभिभावक से स्व घोषित शपथ पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्राप्त करेंगे साथ ही साथ प्रमाणपत्र बनाने हेतु आवश्यक जांच प्रतिवेदन भी दर्ज करेंगे। उपयुक्त सूचक के द्वारा तैयार किय गय सभी जन्म रिपोर्ट फॉर्म-1 तथा आवश्यक जांच प्रतिवेदन को सूचीबद्ध करते हुए सामूहिक रूप से सभी आवेदनों को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी से जन्म निबंधन हेतु अनुमोदन प्राप्त प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उपयुक्त घोषित सूचक के सत्यापन के आधार पर विलम्ब से प्राप्त आवेदनों को जन्म निबंधन हेतु अनुमोदन करेंगे। अनुमोदन के बाद रजिस्ट्रार उन मामलों का आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर ऑनलाईन कर पंजीकृत कर प्रमाणपत्र निर्गत कर संबंधित सूचक को उपलब्ध करायगे। प्राप्त सभी प्रमाणपत्रों को सूचक संबंधित लाभुकों को उपलब्ध करायगे। इस मौके पर एपीआर ओ अविनाश कुमार, उप मुखिया, जनसंपर्क कार्यालय से अशोक कुमार, अरविंद कुमार, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, नुक्कड़ नाटक के कलाकार, भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित साभागर में 20 सूत्री की बैठक सम्पन्न

नवप्रदेश, मरकच्चो। प्रखंड मुख्यालय स्थित साभागर में गुरुवार को 20 सूत्री अध्यक्ष रिंकू उर्फ रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में 20सूत्री की मासिक बैठक आयोजित किया गया। वहीं बैठक में मुख्यरूप से प्रखंड बिकाश पदाधिकारी पप्पू रजक, अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद के आलावे प्रखंड और अंचल के साथ साथ अन्यकई विभाग के पदाधिकारी गन मौजूद थे। वहीं बैठक की कार्रवाही के सुरुवात में 20सूत्री अध्यक्ष रिंकू उर्फ रवि कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित 20 सूत्री उपाध्यक्ष केदार राणा के साथ साथ सभी सदस्यों और पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत किये । ततपश्चात बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों और पदादिकारियों ने अपनी अपनी परिचय बताने का कार्यकिये । वहीं 20सूत्री अध्यक्ष ने प्रखंड के ग्राम सिमरिया स्थित जनबीतरन प्रणाली की दुकान में ग्रामीण लाभुकों को कम राशन दियेजाने की लिखित शिकायत आने पर सम्बंधित पदाधिकारी एमओ को मामले का जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई कर इसकी जानकारी अगले महीने के बैठक में पेश करने का आदेशजारी कियागया । वहीं इसी क्रम में अध्यक्ष महोदय ने बताया की प्रखंड के मध्य पँचायत के ग्राम पांडेयडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सरिता देवी द्वारा पोषक क्षेत्र के लोगों का जन्म प्रमाणपत्र बनाने के कार्य में दो हजार रुपये करके अबैध वसूली किये जाने। सामुदायिक स्वास्थ्यकेन्द्र मरकच्चो में महिलाओं के प्रसव के दौरान प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने, मरकच्चो दरगाह मुहल्ले के बीच सड़क पर वहां के लोग अपने घरों के नाली के पानी को सीधा बिच सड़क पर निकासी कियेजाने और ओभर लोड हाइवा के परिचालन से स्कूल आने जानेवाले छात्र छात्राओं को हो रही परेशानी को लेकर अध्यक्ष महोदय ने नाराजगी व्यक्त करतेहुवे सम्बंधित पदाधीकारियों को ऊक्त मामले का जांच पड़ताल कर उचित कदम उठातेहुवे इसकी रिपोर्ट अगले महीने के बैठक पेश करने की बात बताए । वहीं इस दौरान 20सूत्री सदस्य गोपी यादव ने बताया की मरकच्चो प्रखंड के पदादिकारियों की स्थिति इतनी बदली हुई है की प्रखंड और अंचल के पदाधिकारी लोग यहां के जनता को कोई भी कार्य के लिए इतना अधिक परेशान करने में लगेहुवे हैं की ऐसा प्रतीत होता है की जैसे यहां के पदाधिकारी ही मालिक और जनता उसके कार्यकर्ता नजर आते है। इसलिए पदाधिकारी लोग अपने आप में सुधार लावें अन्यथा वैसे पदादिकारियों पर कार्रवाई निश्चित रूप से होगी। वहीं इस दौरान अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद ने बताया की पाण्डेयडीह आंगनबाड़ी में जन्म प्रमाणपत्र के नामपर अबैध वसूली का जो मामला उजागर हुवा है। उसपर निश्चित रूप से जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई होगी।

माले ब्रांच कमेटी का किया गया गठन

गांवों में कमेटी बनाकर पीड़ितों की लड़ाई को किया जाएगा तेज: मुन्ना

नवप्रदेश, जयनगर। प्रखंड के कटहाडीह में 8 सदस्यी कमिटी का गठन किया गया सर्वसम्मति से जैनुल खान को सचिव चुना गया, बैठक में मुख्य रूप से जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी उपस्थित थे। बैठक में असलम खान मोहम्मद नईम खान, सलीम खान, अब्दुल कादिर, तसव्वर खान, शोएब खान, नेजाम खान, शाहबाज खान, सोहेल खान, मजीद खान कई लोग उपस्थित थे। इरगोबाद में असगर अंसारी के अध्यक्षता में 9 सदस्यी ब्रांच कमेटी का गठन किया गया महेश सोनी को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया। कमेटी में केदार पासवान, नेजमअंसारी, मनीर अंसारी, जाकिर हुसैन, यकबुल अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, जागेश्वर साव ,सलामत अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे। मुन्ना यादव व असगर अंसारी ने कहा सभी गांवों में कमेटी बनाकर किसान मजदूरों शोषित पीड़ितों की लड़ाई को तेज किया जाएगा। भाजपा के नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के शासनकाल में भाजपा के विधायक सांसद मोदी जी का गुणगान कर रहे हैं अपना काम उनका जमीन पर कहीं कुछ दिखाई नहीं दे रहा है मोदी जी के नाम पर ए लोग जुमलेबाजी कर जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन जनता जान चुकी है इनके झांसे में आने वाली नहीं है।खरइयओडईह ब्रांच कमेटी का पुनर्गठन प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में किया गया सर्वसम्मति से रूपलाल दास सचिव मनाया गया। कमेटी में संदीप कुमार दास, विजय ठाकुर, रामचंद्र यादव, उमा शंकर दास, मुंशी पंडित, किशन दास, रामचंद्र शर्मा शामिल हैं।

मतदाता सूची में सुधार के लिए पर्यवेक्षकों व बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण

सतगावां। प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर पर्यवेक्षक और बीएलओ की बैठक हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रखंड के सभी पर्यवेक्षकों बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में सभी बीएलओ को 21 जुलाई से 21 अगस्त तक अपने मतदान केंद्र अंतर्गत सभी घरों का घर घर जाकर सत्यापन कार्य करने संबंधित विस्तार से बताया गया। सभी बीएलओ को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए बीएलओ रजिस्टर एवं करेक्शन स्लिप दिया गया। साथ ही बीएलओ रजिस्टर एवं करेक्शन स्लिप में कार्य करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।प्रत्येक बीएलओ को बताया गया कि जब वह घर घर सत्यापन कार्य करेंगी। उस दौरान अपने साथ बीएलओ रजिस्टर एवं करेक्शन स्लिप को साथ में लेकर जाएंगी एवं संबंधित मतदाता से सत्यापित और हस्ताक्षर करा लेंगी। मौके पर बताया गया कि सभी बीएलओ के बीच घर-घर सत्यापन के दौरान प्रत्येक घरों में चिपकाने हेतु स्टीकर भी दिया गया एवं उसके बारे में जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव ने कहा की अभियान की सफलता के लिए बीएलओ को सही तरीके से प्रशिक्षित कर बारीकी से प्रपत्र में भरे। जाए। साथ ही प्राप्त आंकड़ों की ऑनलाइन प्रविष्टि भी त्रुटिरहित हो।अपने-अपने क्षेत्र में सुपरवाइजर और बीएलओ के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग व निर्देशित करेंगे। इसके अलावा मतदान केंद्रों और क्लस्टर भवनों की भौतिक व मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन कर प्रतिवेदित करने के लिए भी निर्देशित किया।

सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार को बुके शॉल व पगड़ी पोशी कर किया सम्मानित

मेदिनीनगर पलामू। इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन पलामू के अध्यक्ष अनवर अहमद के नेतृत्व में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार को बुके शॉल एवंम पगड़ी पोशी करके सम्मानित किया गया ! सदर थाना क्षेत्र में इनका कार्य शैली और आम जनों से मधुर सम्बन्ध रहे है लेकिन अपराधियों के लिए इनके नाम का खौफ देखा जा सकता है। मुहर्रम इन्तेजामिया कमिटी खनवां के जेनरल खलीफा कमरुद्दीन अंसारी ने आने वाले पर्व मुहर्रम के बारे में बताया इस क्षेत्र में बड़ी धूम धाम और आपसी एकता और सौहार्द के साथ हिन्दू मुस्लिम मिलकर मनाते हैं थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा की सदर थाना हमेशा आपलोगों की सेवा और शांति कायम रखने के लिए तत्पर हैएसोसिएशन के अध्यक्ष अनवर अहमद ने कहा की किसी भी मामले में संगठन मजबूती के साथ प्रशासन के साथ खड़ी है यहां तक के किसी को ब्लड की आवश्यकता पड़ जाए तो संगठन को याद किया जा सकता है। इस मौके पर इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन के नसीम अहमद खान दीपू चौरसिया मोहमद कलीम अजमल हुसैन मोहमद ओस्ताज बदरुद्दीन अंसारी मोहम्मद शहाबुद्दीन तेजू साव उपस्थित रहे प्रभारी गौतम कुमार ने हौसला अफजाई के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया और जलपान की व्यवस्था की।

आंदोलनकारी मोर्चा के प्रदर्शन की तैयारी पूरी, प्रदर्शन आज

कोडरमा। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की प्रदर्शन की सफलता के लिए आंदोलनकारियों से जनसंपर्क अभियान के दौरान मणिपुर में 2 महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने पर रविंद्र शांडिल्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा के नेतृत्व में सतगावा प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव खवासडीह में मुख्यमंत्री बी नरेन सिंह का पुतला दहन किया गया इस अवसर पर भोला यादव प्रभु राय दुल्हन राय दीनानाथ राय माघे राय किशन राय केदार राय धनेश्वर राय चेतलाल राय महेंद्र राय बसंती देवी उपेंद्र राय गिरजा देवी विजय राय केंदार राय कविता देवी सविता देवी मीना देवी सोनिया देवी गुड़िया देवी उषा देवी सुनीता देवी भुनेश्वर राय पार्वती देवी रेखा देवीआदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। शांडिल्य ने डोमचांच प्रखंड के ढोढाकोला जानपुर लेम्बुईया एवं सतगावा के पचाने हदहदवा जोगीडीह एवं खवासडीह जनसंपर्क अभियान चलाया और हजारों की संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की आयोजित प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की मांगे पूरी नहीं होने पर, 1 अगस्त से हड़ताल पर जाने को होंगे बाध्य

डोमचांच। कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की आपातकालीन बैठक दिन गुरुवार को बुलाई गई इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डोमन मेहता ने किया वहीं जिलाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल की उपस्थिति भी रही जिसमें गोपाल कुमार गौतम द्वारा सरकार से 10 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई एवं 10 सूत्री मांगों की विस्तृत जानकारी दीजिए जिसमें रेगुलर एनएफएसए कमीशन पीएमजीकेवाईए 10 माह का कमीशन करोना काल में दिए गए जूट का बोरा का भुगतान 60 वर्ष से ऊपर के अनुकंपा का बहाल मनोदय कमीशन में बढ़ोतरी ई पोस मशीन को 2 से 4 में बदलना इत्यादि मांगे व्याप्त जिसमें झारखंड सरकार द्वारा इन मांगों को पूरा नहीं करती है तो सभी डीलर बंधु 1 अगस्त 2023 से 1 अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे जिसमें डोमचांच प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं में डोमन नेता मनोज कुमार अशोक दास महेश्वर मेहता रणधीर सिंह भोलाराम मंजू देवी सुद्धनिया देवी संजय साहू संतोष सिंह सहदेव प्रसाद मेहता राजेश कुमार सहदेव मोदी मंटू साहू चंदन कुमार संतोष यादव इत्यादि विक्रेताओं की उपस्थिति में जिनमें डीलर संघ जिंदाबाद डीलर एकता जिंदाबाद हमारी मांगे पूरी करो इत्यादि के जोरदार नारे लगाए गए।

एक नजर

एम के डीएवी में आईआईटी एवं नीट में सफल विद्यार्थी को किया गया सम्मानित

मेदिनीनगर पलामू। डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जेपी शूर डायरेक्टर पी एस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एम के डीएवी पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज के प्रांगण में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में दो छात्र रत्नों का सम्मान किया गया। हर्षित राज सुपुत्र संजय कुमार ने जेईई एडवांस में अखिल भारतीय स्तर पर 241 वे स्थान प्राप्त किया। इन्हें ओबीसी श्रेणी में 26 वां स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे छात्र कृष सुपुत्र मनोज कुमार सिंह ने 632/720 अंक प्राप्त किया है। इन दोनों छात्रों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एन. खान ने सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. खान ने कहा कि दोनों बच्चों ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इन छात्रों ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय, अपने माता-पिता सहित पूरे पलामू का मान बढ़ाया है। इस विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक नई ऊंचाई को छू रहे हैं।मैं सभी छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। अपने उद्बोधन में छात्र हर्षित एवं कृष ने विद्यालय के छात्रों को सफलता के तरीकों की चर्चा करते हुए कहा कि मंच पर आने का अनुभव शानदार है। हम इसे प्राप्त करने के लिए लगातार परिश्रम कर रहे थे। आज हमारा सपना पूरा हुआ। हमारे सम्मुख खड़े छात्रों को भी यह अवसर मिले, ईश्वर से यही कामना है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शैलेंद्र कुमार, एस. मैत्री, आलोक कुमार, अभिषेक पांडे, एस के पांडे, जितेंद्र तिवारी, सी एस पांडे, करण सिंह, तुषार घोष उपस्थित थे।

आदिवासी महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना के खिलाफ प्रधानमंत्री व गृह मंत्री का पुतला दहन

मेदिनीनगर पलामू। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय छः मुहान चौक पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया एवं भाजपा सरकार के विरोध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार शर्म करो और गद्दी छोड़ो लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री अमित शाह के सह पर मणिपुर राज्य मे घटना पर घटना हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री एवं देश के गृह मंत्री चुप्पी साधे हुए हैं जो बड़ा ही दुर्भाग्य है इस देश के लिए आदिवासी महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना देश को शर्मसार किया है। ऐसी घटना भाजपा शासन में क्यों हो रहा है भाजपा में सिर्फ सत्ता पाने का लालसा है और लोगों को लड़ाने में विश्वास रख रही है देश कभी इन सब को माफ नहीं करेगा। मणिपुर के मुख्यमंत्री को तत्कालीन इस्तीफा दे देना चाहिए और सभी घटना पर प्रेस वार्ता करके लोगों को संबोधित करें देश के प्रधानमंत्री कार्यक्रम में प्रमुख रूप वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी विनोद तिवारी शमीम अहमद राइन ईश्वरी प्रसाद सिंह मिथिलेश कुमार सिंह नफीस खान सत्येंद्र सिंह विद्या सिंह चेरो रिजवान खान नसीम खान सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता जितेंद्र कमलापुरी नसीम हैदर विभूति नारायण पाठक सच्चिदानंद मिश्रा अशोक पासवान इमरान सिद्दीकी अरविंद अग्रवाल देवांग शुक्ला दयाशंकर तिवारी संतोष गुप्ता अमुक प्रियदर्शी अशोक पासवान खुर्शीद अंसारी मनोज चंद्रवंशी रविंद्र कुमार सोनू सिंह अनिल सिंह साकेत सिंह राजेश चौरसिया अभय पांडे अजय पांडे सुनील पासवान कलावती देवी उर्मिला देवी उदय यादव उमेश यादव संजय बैठा मुख्तार अंसारी काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

भाजपा शिष्टमंडल ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र के भाजपा का एक शिष्टमंडल भाजपा के वरिष्ट नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह के नेतृव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात की, शिष्टमंडल ने प्रदेश कार्यालय में उनसे मिलकर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया, रविंद्र कुमार सिंह ने कहा की बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश में भाजपा और मजबूत होगी। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव और विधान सभा चुनाव में पूरे प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल करेगी। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को हुसैनाबाद आने का न्योता दिया। मौके पर भाजपा के वरिष्ट नेता रामप्रवेश सिंह, हुसैनाबाद उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता शामिल थे।

धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटने से एक युवक की हुई मौत



जयनगर। धनबाद गया रेलखंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटने से एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। मृतक का पहचान चितरंजन कुमार दास पिता स्वर्गीय किशोर दास ग्राम चोपनाडीह थाना मरकच्चो जिला कोडरमा के रूप में पहचान हुई है। बताते चलें कि इससे पहले कई बार पूर्व में भी यात्री ओवर ब्रिज से प्लेटफार्म के द्वारा नहीं बदलते हैं और यात्री प्लेटफार्म से रेलवे लाइन पर उतर कर परफॉर्म चेंज करते हैं जिसके कारण अचानक ट्रेन आ जाने के कारण ट्रेन यात्रियों को अपने चपेट में ले लेता है और जिसके कारण लोगों को अपना जान गवाना पड़ता है। मालूम हो कि यात्रियों की सुविधा के लिए परसाबाद रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया गया है परंतु अधिकतर लोग ओवर ब्रिज का प्रयोग ना करके लाइन से इस पर उस पार होते हैं जिसके कारण यात्रियों को अपना जिंदगी खोना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार युवक परसाबाद रेलवे स्टेशन धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस से कोडरमा जाने के लिए परसाबाद रेलवे स्टेशन आया था। अगल बगल लोगों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक विपरीत दिशा से प्लेटफार्म बदल रहा था अचानक ट्रेन आ गया और ट्रेन युवक को अपने चपेट में ले लिया जिससे युवक का घटनास्थल पर ही मौत हो गया। वहीं युवक के मां ने अपने बेटे को ट्रेन से कटते हुए देखकर जोर जोर से रोने लगी।

15 अक्टूबर तक नदी से बालू उठाव कानूनन अपराधः आनंद कुमार

मेदिनीनगर पलामू। अवैध बालू खनन भंडारण एवं परिवहन पर रोक को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा कार्रवाई की गयी एवं सदर थाना क्षेत्र के अमानत नदी के समीप अलग-अलग स्थलों पर रखे गए 30 हजार सीएफटी अवैध बालू को जप्त किया गया एवं बालू भंडारित स्थल के भूमि मालिक समेत अज्ञात अवैध बालू भंडारितकर्ता,वाहन मालिक एवं चालक के खिलाफ सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी एवं चिहिंत करते हुए सभी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई सदर थाना क्षेत्र के अमानत नदी के समीप अवैध रूप से बालू भंडारित की सूचना मिली थी जिस पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा थाना प्रभारी गौतम कुमार के साथ गुरूवार को 10:15 बजे छापेमारी की गयी,छापेमारी के दौरान मौजा सिंगरा खुर्द के अमानत नदी के समीप अलग-अलग दो स्थलों पर 15-15 हजार सीएफटी बालू भंडारित पाया गया। जिसके बाद जेम्स पोर्टल पर जांच किया गया।

कांग्रेस जिला सचिव बने छोटू, नेताओं ने दी बधाई

नावा बाजार। पलामू जिला कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार उर्फ छोटू सिंह को जिला अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक के द्वारा छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का सह प्रभारी बनाया गया है। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के द्वारा नावा बाजार छोटू सिंह के कार्यकाल को देख कर उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। छोटू सिंह ने नावा बाजार पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी के जिला अध्यक्ष द्वारा जो मुझे जिम्मेवारी दी गई है उसे अच्छी तरह से निर्वाह करने का काम करूंगा। और पार्टी के निति व सिद्धांत को गांव गांव तक पहुंचाने का काम करूंगा। उन्होंने ने कहा कि युवा को पार्टी से जोड़ने का काम करूंगा। ताकि पार्टी बुथ स्तर पर जितना मजबूत हो सके। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही गरीब गुरबों, दलित व पिछड़ों के आवाज को उठाने का काम किया है। वही छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के सह प्रभारी बनाए जाने पर नावा बाजार कांग्रेस पार्टी आरिज आलम, बिपिन यादव, अजय यादव कुनील कुमार पासवान, हिरालाल पासवान मनोज सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी।

हुसैन कमिटी के द्वारा अंजुमन के सदस्यों को सम्मानित किया गया

मेदिनीनगर पलामू। मुहर्रम का चाँद अंजर आते ही युवाओं में हुसैनी जूनून देखने को मिलने लगता है। जगह जगह कमिटियों द्वारा सम्मान समारोह, डेगफातेहा और कर्बला में फातेहाख्वानी का कार्यक्रम शुरू हो जाता है। जो पूरे 10 दिनों तक जारी रहता है। पहाड़ी मुहल्ला स्थित शेरे खुदा या हुसैन कमिटी के द्वारा अंजुमन इसलाहुल मुस्लेमिन के सदर व तमाम सदस्यों को एक अलग ही अंदर में सम्मानित किया गया। कमिटी के लोगों ने अपने मुबाइल का फ्लैश आन कर के पुरजोश के साथ स्वागत किया। शेर खुदा या हुसैन कमिटी के सदस्यों ने अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन के सदर मुस्तफा कमाल, मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के पूर्व जनरल जीशान खान, इसराइल आजाद उर्फ मिंटू, झामुमो जिला सचिव सन्नु सुद्दीकी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, कर्बला हुसैन कमिटी के खलीफा महताब आलम उर्फ पिंटू राइन, नवजवान कमिटी सब्जी मार्केट के सदर मोनू राइन, मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के पूर्व मीडिया प्रभारी राशिद बक्शी, सोनू शाह, जफर महबूब, सैफ खान, शमशेर खान, मो. राजा और लड्डू खान समेत कई सदस्यों को पगड़ी पोशी व माला पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर कमिटी के सदर शमशाद अंसारी, खलीफा मो मंटू, खजांची राजा खान, इंतियाज हबीबी, बब्लू, मिक्कु, आलमगिर, साहिल, सिन्टू, रौनक, शब्बन नन्हे जियाइ, चुंचुन, सोनू, राजा, बब्लू, इरफान, सोनू खान, रौशन रिजवान, शाहिद इराकी, कमरान फलक और दानिश समेत कई लोग उपस्थित थे।

32वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी स्व ब्रजनंदन प्रसाद

सतगावां। प्रखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी स्व ब्रजनंदन प्रसाद के 32वां पुण्यतिथि गुरुवार को उनके पैतृक आवास नंदूडीह में मनाई गई। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र विकाश सिन्हा के द्वारासर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विकास सिन्हा के द्वारा श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए हैं स्वतंत्रता सेनानी का जीवन परिचय कराया गया और उनके जीवन के बारे में बताया गया, अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में संघर्ष करने वाले ब्रजनंदन प्रसाद एक नजर से लगाए थे स्वयं एक आंदोलन थे। वे भारत के सच्चे सपूत थे उनकी सेवाओं के लिए याद किया जाएगा।इसलिए स्वतंत्रता सेनानी के सपनों को पूरा करने को लेकर संकल्प लेने की आवश्यकता है। स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों ने जिस देश और समाज का सपना देखा था, उन सपनों को पूरा करना है तो हमें संकल्प लेना होगा। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान से देश का गौरव बढ़ेगा। स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करना हमारा दायित्व बनता है। ब्रजनंदन प्रसाद ने भारत के स्वतंत्रता लड़ाई में हैं अहम भूमिका निभाई है। और अपने प्राणों की आहुति दी। साथ ही उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। मौके नंदूडीह ग्राम के ग्रामीण और समाजसेवी उपस्थित थे।

एक नजर

रविंदर वर्मा ने भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ अभियान में राजीव गांधी का संदेश पत्र किया समर्पित

पुटकी। बुधवार को को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार पुटकी एवं सियालगुदड़ी क्षेत्र में प्रदेश महासचिव रवींद्र वर्मा ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान के तहत धनबाद जिला में जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व संजय सिंह चौधरी की धर्म पत्नी वीणा देवी उनके पुत्र एवं पुराने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम कुमार चौधरी के आवास पहुंच करके भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के द्वारा दिये गए संदेशपत्र को समर्पित किया गया।साथ ही मोदी सरकार के 9 वर्षों के विफलताओं को बताया कि कैसे ये सरकार आम जनता की अनदेखी करते हुए कारपोरेट मित्रों को फायदा पहूंचाने के लिए देश को मंहगाई, बरोजगारी एवं निजीकरण करते हुए सारे सरकारी उपक्रमों को अपने मित्रों के हाथों बेच रही है। इस अवसर पर अक्षयवार प्रसाद सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख भानु प्रताप चौधरी, दीपक सिंह, राजू सिंह चौधरी, शुभ्रण तिवारी, जितेंद्र शर्मा, शाहरुख खान, सुभाष सिंह भास्कर झा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

पहला कदम के मूक बधिर और दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम

धनबाद। गुरुवार को जगजीवन नगर स्थिति नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम के मूक बधिर और बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा ओजोन गैलेरिया, सरायढेला में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जो बेटी बचाओ थीम पर महत्वपूर्ण संदेश था। आज भी कई क्षेत्रो में बेटी को जन्म होते ही मार दिया जाता है। या जन्म ही लेने नही दिया जाता है। बच्चों द्वारा थीम पर बहुत ही सुंदर भावपूर्ण प्रस्तुति की गई। साथ ही झारखंड के लोक नृत्य की प्रस्तुति भी सराहनीय थी। ओजोन गैलेरिया में इस प्रस्तुति को बहुत ही प्रोत्साहित किया गया। इस प्रस्तुति के बाद फूड फैक्ट्री के द्वारा बच्चों के लिए टेबल मैनर्स सिखाने के साथ ही स्वादिष्ट लन्च का इंतजाम किया गया था जिसका लुत्फ दिव्यांग बच्चों ने उठाया जिससे बच्चो के चेहरों में एक गजब मुस्कान आई जिसका कोई वर्णन नही किया जा सकता। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया फूड फैक्ट्री के मालिक और सारे स्टाफ द्वारा प्राप्त हार्दिक सहयोग के लिए सभी बच्चों के साथ साथ पहला कदम परिवार भी आभार प्रकट करता है। गुरुवार को पहला कदम स्कूल में बैंक ऑफ बड़ौदा के 116 स्थापना दिवस के अवसर पर गौरवपूर्ण यात्रा के यादगार उत्सव को मनाने के लिए बैंक के अधिकारियों के द्वारा स्टेशनरी कीट और अल्पाहार का वितरण किया गया जो सराहनीय था। समाज के हर वर्ग हर लोग के द्वारा अगर इसी तरह का सहयोग प्राप्त होता रहा तो दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। सचिव अनिता अग्रवाल ने अपील की सभी उनके साथ मिल कर इस मुहिम में सहयोग प्रदान करे।

भाजपा नेता अशोक कुमार सिंह ने मेहरमा प्रखंड बलिया लोहचिंता, सोनागुझि आदि गांवों का किया दौरा

गोड्डा। महागामा गोड्डा भाजपा नेता अशोक कुमार सिंह ने मेहरमा प्रखंड के बलिया, लोहचिंता, सोनागुझि आदि गांवों का दौरा किया और लोगों से मुलाकात की अशोक कुमार सिंह ने लोगों को केंद्र सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धि को बताया साथ ही केंद्र की चलने वाली कई योजनाओं से लोगों को रूबरू करवाया साथ ही उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। स्थानीय लोगों के द्वारा पेय जल की समस्याओ को लेकर कहना था जो कहने के लिए तो झूठ का सरकार चापाकल का खाना पूर्ति कर रही हैं पर यह पर आम लोग पेय जल को लेकर त्रस्त हैं कुछ चापाकल भी हैं वो भी कई बरसों से खराब हैं उस को भी मरमत के लिए कोई नही सुनता। किसानों को नहर में पानी नहीं होने से समय पर फसल का रोपनी नहीं कर सकते जब की सरकार के यहां तो कहने के लिए यहां नहर हैं पर नहर में पानी बिलकुल नहीं आता उन लोगों के द्वारा दर बदर भटक के थक गए हैं पर यहां के लोगों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नही है। साथ ही वहां के बच्चों का खेल के मैदान का भी समस्याओं के बारे मे स्थानीय युवाओं के द्वारा बताया गया जो इस प्रखंड में कोई अच्छा खेल का मैदान नहीं हैं। जिस से वहा के बच्चो का शारीरिक विकास नहीं हो पाता है। और भी कई अन्य समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई समस्या का निराकरण को लेके सिंह ने वहां के लोगों को आश्वाशन दिये वो हर संभव मदद करने के लिए त्यार हैं और इस संदर्भ में वो प्रशासन में बैठे लोगों से भी बात करेंगे। और मदद दिलवाएंगे।

भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ: संतोष सिंह

धनबाद। धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज भारत जोड़ो की बात आम जनों के तहत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में जोड़ाफाटक रोड में दुकानदारों के बीच संघन अभियान चलाया तथा इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष बीएन सिंह से जोड़ाफाटक स्थित इंडस्ट्री एंड कॉमर्स कार्यालय में उनसे चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ का उद्देश्य देश में व्याप्त बढ़ती बेरोजगारी, स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय पर मोदी सरकार द्वारा सैकड़ों रुपए बहाने के बावजूद देश में कुशल कामगारों की संख्या दो फीसदी होना। गिरती अर्थव्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, बढ़ती महंगाई कच्चे तेलों के दामों में कमी होने के बावजूद आम जनों को राहत ना देना। देश में पेट्रोल डीजल की कीमतें कम ना करना आदि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक कर भाजपा सरकार की विफलताओं एवं राहुल जी कि देश को बचाने नफरत कि आग को मोहब्बत के पैगाम से मिटाने के लिए 4000 हजार किलोमीटर की पदयात्रा के उद्देश्यों को एवं भाजपा के 9 साल जनता बे हाल से संबंधित मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाना ताकि आगामी 2024 के चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना एवं देश की जनता को राहत देकर राहुल जी के सपनों को साकार करना है इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह योगी उपाध्यक्ष नवनीत नीरज उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका दिनेश सिंह इरफान खान चौधरी अरविंद सैनी आदि थे ।

झरिया विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण



धनबाद। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 के तहत निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 41-झरिया-सह-अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता की अध्यक्षता में झरिया अकेडमी में सभी बीएलओ व सुपरवाइजरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर समाहर्ता कमलाकांत गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ व सुपरवाइजरों को प्री रिवीजन एक्टिविटीज तथा रिवीजन एक्टिविटीज के संबंध में अवगत कराया। प्रशिक्षण में बताया गया कि 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर का दो बार भ्रमण किया जाना है। प्रत्येक घर के भ्रमण के बाद उस घर में स्टीकर चिपकाना है। जिसमें मतदान केंद्र संख्या तथा प्रथम भ्रमण की तिथि तथा द्वितीय भ्रमण की तिथि अंकित किया जाना है।

पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का प्रभावी तरीके से करें अनुपालन: उपायुक्त

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज प्री-कनसेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स (पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट) के जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का प्रभावी तरीके से अनुपालन सुनिश्चित करें। किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर में इस एक्ट का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। साथ ही लाइसेंस रिन्यूअल एवं नए लाइसेंस के लिए प्राप्त आवेदनों की सूक्ष्मतापूर्वक जांच कर समय पर उसका निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदा जाता है एवं उसका केंद्र में प्रयोग किया जाता है। साथ ही पुरानी मशीन को कई बार बाय- बैक-पॉलिसी के तहत कंपनी को बेच दिया जाता है। वहीं कई बार उसका केंद्रों में भी प्रयोग किया जाता है। इस पर समिति ने निर्णय लिया कि नई मशीनों की खरीद की सूचना पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के नियमों के तहत समिति को दी जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पुरानी मशीन का स्टेटस किया है एवं इस संबंध में कंपनी से मशीन प्राप्ति की सूचना की एक प्रति प्राप्त कर ली जाए। पुराने फॉर्म बी को वापस लेकर उन्हें अद्यतन फॉर्म बी (अनुमति पत्र) प्रदान किया जाए। यही व्यवस्था अल्ट्रासाउंड केंद्र के चिकित्सक के योगदान व चिकित्सक के कार्य व्यवस्था में किसी प्रकार की तब्दीली होने पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरकारी संस्थान में अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित करने, अल्ट्रासाउंड केंद्रों द्वारा अन्य चिकित्सकों के योगदान, मशीनों की सूचना एवं स्वीकृति तथा रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल एवं स्थान परिवर्तन के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, एपीपी (सिविल कोर्ट) मोहम्मद जे.बी. हुसैन, डॉ विकास कुमार राणा, डॉ शम्स तबरेज आलम, डॉ मेजर चंदन, डॉ संध्या विश्वकर्मा, डॉ सुनील कुमार वर्मा, डॉ सैयद मशीर आलम, नीता सिन्हा, पूजा रत्नाकर, एपीआरओ आलोक मिश्रा, डॉ आर के श्रीवास्तव सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

ईसीआरकेयू की मंडल रेल प्रबंधक के साथ स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक संपन्न

चिकित्सा व विद्युत संबंधित मामलों पर हुई चर्चा



धनबाद। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की मंडल रेल प्रबंधक धनबाद के साथ स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक गुरूवार को मंडल रेल प्रबंधक सभागार में शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा तथा संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार ने किया। संचालक समन्वय मंडल कार्मिक अधिकारी आर आर लकड़ा ने किया। यूनियन पक्ष का नेतृत्व अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल पीएनएम इंचार्ज मो ज्याऊद्दीन ने किया। नीतिगत मामलों पर विचारों के आदान प्रदान करने के लिए मंडलीय स्तर पर गठित इस सर्वोच्च फोरम की बैठक में रेलकर्मियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के दरमियान यूनियन पक्ष ने कई समस्याओं और परेशानियों को गंभीरता से उठाते हुए रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने स्पष्ट रूप से यह बात रखी कि जिन मामलों का समाधान फंड की कमी के कारण समाधान नहीं हो पा रहा है उससे अलग उन मुद्दों पर गंभीरता से प्रयास होना चाहिए जिनका निराकरण बिना फंड के भी हो सकता है। प्रशासन और कर्मचारियों के बीच मानवीय संबंधों की प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इसके अभाव में किसी संस्था की प्रगति नहीं हो सकती है। यूनियन ने बैठक में गोमो कालोनी में बिजली आपूर्ति व्यवस्थित करने, पाथरडीह मार्शलिंग यार्ड में मास्ट लाईट लगाने, धनबाद, गोमो, बरकाकाना, पतरातु, टोरी तथा पाथरडीह रेलवे कालोनियों के स्ट्रीट लाइट को ठीक करने, भुरकुंडा तथा रांची रोड में नये बने आवासों में विद्युत व्यवस्था करने, बरकाकाना रेलवे क्लब में पेयजल आपूर्ति के लिए मोटर उपलब्ध कराने, विद्युत विभाग के कर्मचारियों को ओवरटाइम के लंबित मामलों का निष्पादन करने, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को मकान किराया का भुगतान करने, चिकित्सकों और कार्य व विद्युत अभियंताओं को छोटे कार्यों के लिए इम्प्रेस्ट कैश स्वीकृति करने, चोपन क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए वाराणसी के हेरिटेज तथा हजारीबाग कोडरमा क्षेत्र के लिए हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल से रेफरल अनुबंध करने, चोपन, बरकाकाना एवं धनबाद अस्पताल में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने, लंबे समय से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे रेलकर्मियों के मामले का जल्द निराकरण करने, रेफरल अस्पताल-अशर्फी एवं मेडिका में उम्मीद कार्ड पर आऊटडोर इलाज की स्थिति में सी जी एच एस दर की सुविधा उपलब्ध कराने सहित कई समस्याओं को संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष उठाया गया। जिसपर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया है। स्थाई वार्ता तंत्र की वर्तमान वर्ष की इस तृतीय बैठक में ईसीआरकेयू के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, केन्द्रीय संगठन मंत्री पी के मिश्रा, उमेश कुमार सिंह, आर एन चौधरी, अजीत कुमार, महेन्द्र प्रसाद महतो, बी बी सिंह, बसंत कुमार दूबे, बी के साव, आई एम सिंह, नेताजी सुभाष, आर के सिंह, चंदन कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

गुमला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुशांत गौरव की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ई.सी.आई. से प्राप्त गाइडलाइन के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में चर्चा हुई। जिसमें मुख्यरूप से पोलिंग बूथों में प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्ध कराना, मतदाता सूची को अपडेट करना लोगों को मतदान सूची से जोड़ने एवं जागरूकता कार्यक्रम आदि जैसे विषय शामली थे। आगमी चुनाव में कमसे कम 80 प्रतिशत वोटिंग हो उसके लिए युद्ध स्तर पर स्वीप कोषांग के द्वारा तैयारी करने का निर्देश दिया।उन्होंने बूथ वाइज प्लान तैयार करने की बात कही। सभी मतदान केन्द्रों में शौचालय, पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उपलब्ध वोटर लिस्ट का मिलान करते हुए वोटर लिस्ट में सुधार करने का निर्देश। जिसके लिए उन्होंने डोर टू डोर सर्वे करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि वैसे वोटर कार्ड धारी जिनका वोटर लिस्ट में नाम है परंतु वे जिले में नहीं रहते उनका नाम सुनिश्चित तौर पर वोटर लिस्ट से हटाने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने नए मतदाताओं को चिन्हित करते हुए उनका नाम वोटर लिस्ट से जोड़ने को कहा। उन्होंने जिले के सभी दिव्यंगों का प्राथमिकता के आधार पर वोटर लिस्ट बनवाने की बात कही।

74वां वन महोत्सव का आयोजन

गुमला। वन प्रमंडल गुमला के तत्वावधान में जिला स्कूल मैदान में 74वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुमला विधायक भूषण तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल गुमला थंगा पांडयन व उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि हमारे झारखंड राज्य में जंगल और झाड़ इतने हैं कि इसे देखते हुए राज्य का नाम ही झारखंड रख दिया गया।जो हमारी पहचान है झारखंड की संस्कृति यहां पेड़-पौधे, धरती और सुरज-चांद की पूजा करने जुड़ी है।परंतु हमारे समक्ष प्रदूषण और जलवायु परिवर्त्तन के रूप में एक बड़ी समस्या है। यह समस्या पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण उत्पन्न हुई है। विकास की दौड़ में जंगल के जंगल काटकर हटा दिये गये. जिसके परिणाम स्वरूप जलवायु परिवर्त्तन हो रहा है और इसका खामियाजा हर एक इंसान से लेकर पशु और पक्षियों तक को भुगतना पड़ रहा है. उन्होंने हर व्यक्ति एक पेड़ लगाने का संदेश दिया। साथ ही प्रदूषण के को कम करने हेतु भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने को कहा। विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल गुमला थंगा पांडयन ने कहा कि किसी देश में शुद्ध पानी की समस्या है तो कोई देश प्रदूषण की समस्या झेल रहा है। यह समस्या पेड़ों की कमी के कारण हो रही है। ऐसे देश अन्य देशों के लिए एक सबक है। यदि पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस रूप से काम नहीं किया जाता है तो आने वाले समय में अन्य देश भी उस समस्या से जुझेंगे। उपायुक्त सुशांत गौरव ने विद्यार्थियों से कहा कि आज हम सबों को पेड़ की छांव के नीचे होना चाहिये। परंतु हम सभी इस टेंट की छाया में शरण ले रहें है। ऐसे समय में हम सबों में पेड़ की महत्ता समझने की आवश्यकता बढ़ जाती है। पेड़ हमारी संस्कृति है। जो हमें हमारी सादगी की याद दिलाता है। पेड़ हमारी जरूरत है। इसके बावजूद भी कुछ लोग महज चंद रुपयों के कारण पेड़ को काटकर बेच देते हैं। जबकि पेड़ निःस्वार्थ भाव से अपना सबकुछ देती है। लोगों को इस बात को समझने की जरूरत है कि पेड़ है तो जीवन है। पुलिस अधीक्षक गुमला डॉक्टर एहतेशाम वकारीब ने कहा कि जीवन और धरती के लिए वन महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बात को बच्चों को स्कूल से ही सिखाया जाता है. परंतु इसे सिर्फ सीखने की नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारने की भी जरूरत है। वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला अहमद बेलाल अनवर ने कहा कि यह सभी जानते हैं कि पेड़ और जंगल महत्वपूर्ण हैं। परंतु इसके संरक्षण के प्रति लोगों में गंभीरता कम है. पेड़ और जंगलों के संरक्षण के लिए यदि आज हम एक छोटा कदम उठाते हैं तो आने वाले समय में यही एक बड़ा कदम बनेगा और पेड़ों की कमी के कारण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या से निजात मिलेगा। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को हो रही क्षति के बारे में भी जानकारी दिया और कपड़ा का थैला उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जिला वन प्रमंडल अधिकारी ने बताया कि इस वन महोत्सव के अवसर पर जिले भर के लगभग 450 एकड़ भूमि पर 4.5 लाख वृक्षारोपण करने का अभियान चलाया जाएगा। जो पर्यावरण संरक्षण को दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। कार्यक्रम को उपविकास आयुक्त हेमंत सती, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा एवं उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने भी संबोधित किया।

नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, मायके वाले ने जमकर काटा बवाल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरवा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना पर मृतका के मायके हरली बीसोडीह से भी लोग सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। सदर अस्पताल परिसर में मायके के तरफ से आए मृतिका के परिजन के द्वारा जमकर हंगामा किया गया। घटना की सूचना मिलते हैं एसपी प्रवीन पुष्कर दल बल के साथ सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे एवं उनके द्वारा मायके वालों को न्याय मिलने का भरोसा दिला कर शांत किया गया। महिला की पहचान तमन्ना खातून उम्र 19 वर्ष पति मुशर्रफ अंसारी के रूप में हुई है। महिला के मायके वालों ने बताया कि 5 मई 2023 को तमन्ना खातून का निकाह भांडरवा में हुआ था।

जेल में बंद साथी को छुड़ाने के लिए लूट की वारदात, पांच अपराधी गिरफ्तार

मेदिनीनगर पलामू। सेंट्रल जेल में बंद एक साथी को छुड़ाने के लिए एवं बेरोजगारी के कारण लूट की वारदात को अंजाम देने वाले पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गिरो में शामिल एक अपराधी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही मेदिनीनगर शहर एवं चैनपुर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई लूट एवं गोलीकांड की कई घटनाओं का उदभेदन हुआ है। पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है। गुरुवार को एसपी कार्यालय में सहायक पुलिस अधीक्षक गर्ग ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि सारे आरोपी बेरोजगार रहने और जेल में बंद अपने एक साथी आनन्द कुमार को छुड़ाने के लिए कोर्ट कचहरी में होने वाले वर्ष जुटाने के लिए चैनपुर और शहर थाना क्षेत्र में पिछले कुछ महीने से लूट की लगातार वारदात को अंजाम दे रहे थे। 15 दिनों में मामले के उदभेदन के लिए एक विशेष टीम का गठन गिरफ्तार आरोपियों में सदर थाना क्षेत्र के लहसुनिया किया गया। इस दौरान पांच अपराधी पकड़े गए के मिथाय चैनपुर के सोनार मुहल्ला के उनके पास से लूट में इस्तेमाल एक देसी कट्टा अभिषेक सोनी उर्फ गोलू अजय मालाकार बाइक, मोबाइल आदि बरामद किया गया है। के कजरी के मदीप कुमार उर्फ मुन्ना एवं शहर थाना क्षेत्र के मट्टी के विपुल कुमार सिंह शामिल है। एएसपी ने बताया कि 5 जनवरी 2023 को बंधन बैंक के रिलेशन ऑफिसर से चैनपुर के गंगरदाहा स्थित शिव मंदिर के पास दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर 30 हजार नगर स्मार्टफोन बायोमेट्रिक डिवाइस आदि लूट लिया गया था। इसी तरह 18 मई को भिख मोड़ के पास तीन अपराधकर्मियों द्वारा एक व्यक्ति से पिस्टल का भय दिखाकर एक पल्सर बाइक, मोबाइल फोन एवं 25 सी रुपए नगद लूट लिया गया था।

मणिपुर की घटना को लेकर मोदी और अमित शाह का पुतला दहन

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा अध्यक्ष चैतु उरॉव की नेतृत्व में टावर चौक गुमला में मणिपुर राज्य के भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर अश्लील दुर्व्यवहार करने संबंधी वीडियो वायरल होने के खिलाफ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री अमित शाह जी का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया मौके पर अध्यक्ष चैतु उरॉव ने कहा कि मणिपुर राज्य में भाजपा शासित शासन चलाने में विफल है विगत ढाई माह से मणिपुर जल रहा है निर्दोष लोगों की हत्या हो रही है आदिवासियों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं वहां के आदिवासियों महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है इसको रोकने में भाजपा सरकार विफल है आज इस मामले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप है और गृह मंत्री अमित शाह भी इस दंगे को शांत करने में विफल है भाजपा के षड्यंत्र का परिणाम है कि वहां के आदिवासी लोगों को अत्याचार कर डरा धमका कर शांत करना चाहते हैं और वहां के लोगों के अधिकारों से वंचित रखना चाहते हैं सत्ता के नशे में चूर पूरे देश को शर्मसार किया है यह भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित करने एवं अपमानित करने की चरम सीमा को लांघ रहा है। भाजपा के आदिवासियों के प्रति नितकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम को पदार्फाश कर लोगों को बताना है की भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी है। भाजपा सरकार की कुकृत यही दिखा रहा है कि आदिवासी भाइयों को कुछ नहीं समझते हैं आज हम सभी इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी की एक ही आवाज है ऐसे लोगों पर पर कानूनी कार्रवाई कर ऐसे लोगों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए ताकि हमारा समाज को ऐसे लोगों से बचाए जा सके। पूरे देश में आदिवासियों को सिर्फ मतदाता के रूप में लोकलुभावन वादा करते हैं किंतु भाजपा के दिल में छूत का प्रतीक है इसका ताजा उदाहरण संसद भवन का उद्घाटन में माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू को नहीं बुलाया जाना इसका प्रतीक है साथ ही पूर्व राष्ट्रपति माननीय रामनाथ गोविंद को शिलान्यास के दौरान नहीं बुलाए जाना अनुसूचित जाति के छूत का प्रतीक है जहां-जहां भाजपा की सरकार हैं वहां पर आदिवासियों का शोषण एवं अत्याचार किया जा रहा है इस पर ना प्रधानमंत्री ना ही गृह मंत्री और ना भाजपा के नेता कार्यकर्ता कुछ बोलने को तैयार नहीं है इससे साफ जाहिर होता है कि यह सभी लोग आदिवासी विरोधी है मौके पर रमेश कुमार चीनी, दीप नारायण उरॉव, अखिल रहमान, खुदी भगत दुखी, आशिक अंसारी मुरली मनोहर, प्रसाद, विष्णु राम, सुधीर कुजुर, संतोष गुप्ता राजनिल तिग्गा, खालिद साह, फिरोज आलम, राजू कुमार महतो, तरूण गोप, बेल साजर, एजाज, नारायण उरॉव, सागिर अली, सदाब आलम, अमर कुजुर, अरुण गुप्ता, रुपेश सनी, रामकिशन बड़ाईक, विनोद उरांव रफी अली, दीपक कुमार, मनसुब अंशारी, रोहित उरांव, इबरार अंसारी, जासमीन लुगुन, क्रिस्टीना, सुनिता तिर्की, रेणु लकड़ा, अफरोज, सदाम अनवर, साहेब वशिम और काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकता उपस्थित थे।

टीबी मुक्त एवं एनीमिया मुक्ति को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



गुमला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे 2 महत्वपूर्ण अभियान टीबी मुक्त एवं एनीमिया मुक्ति के संबंध में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। टीबी मुक्त अभियान के तहत जिले में युद्ध स्तर पर टीबी मरीजों को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने जिले को टीबी मुक्त बनाने की ठानी है। जिसके तहत जिले के टीबी मरीजों को चिन्हित करते हुए उनका इलाज करवाने के साथ साथ उन्हें पोषण आहार मिले ये भी सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 16 टीबी के हॉट स्पॉट वाले गांव को चिन्हित किया गया है जहां सबसे अधिक मरीज मिल रहें हैं। उपायुक्त ने इन गांव में जांच अभियान को बढ़ाने का निर्देश दिया मरीज के सगे संबंधी एवं वे जिनके संपर्क में आए हैं उनका भी जांच कराने को कहा। चिन्हित टीबी मरीजों का मॉनिटर करते रहने की बात कही। नए निक्षय मित्रों को जोड़ने का निर्देश दिया। एनीमिया मुक्त के तहत उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के कॉन्टिजेंसी फंड से महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित एनीमिया अथवा कुपोषण से जुड़े तथ्यों का बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं का एनीमिया जांच एवं उनके बच्चों का भी जांच करने एवं नियमित समय सीमा तक उनका मॉनिटर करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ सदर, सिविल सर्जन, एसीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य डॉक्टर्स एवं कर्मी मौजूद थे।

जानें कब और कैसे शुरू हुआ बवाल, महिलाओं को नग्न कराकर घुमाने वाले कौन हैं?

महिलाओं से बर्बरता

मणिपुर में पिछले 83 दिनों से हिंसा जारी है। इस बीच, कुछ ऐसी वीडियो सामने आए हैं, जिसने पूरे देश को दहला दिया है। इस वीडियो में कुकी समुदाय की दो महिलाओं को नग्न करके सड़क पर घुमाते हुए दिखाया जा रहा है। ये वीडियो पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले को स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र और राज्य सरकार को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस ने यहां तक कह दिया कि या तो सरकार कार्रवाई करे, नहीं तो हम खुद इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे।

क्यों भड़की हिंसा?

इसे समझने के लिए हमें मणिपुर का भौगोलिक स्थिति जानना चाहिए। इसके साथ ही हमें थोड़ा पीछे चलना चाहिए। दरअसल, मणिपुर की राजधानी इम्फाल बिल्कुल बीच में है। ये पूरे प्रदेश का 10% हिस्सा है, जिसमें प्रदेश की 57% आबादी रहती है। बाकी चारों तरफ 90% हिस्से में पहाड़ी इलाके हैं, जहां प्रदेश की 43% आबादी रहती है। इम्फाल घाटी वाले इलाके में मैतेई समुदाय की आबादी ज्यादा है। ये ज्यादातर हिंदू होते हैं। मणिपुर की कुल आबादी में इनकी हिस्सेदारी करीब 53% है। आंकड़ें देखें तो सूबे के कुल 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई समुदाय से हैं।

वहीं, दूसरी ओर पहाड़ी इलाकों में 33 मान्यता प्राप्त जनजातियां रहती हैं। इनमें प्रमुख रूप से नगा और कुकी जनजाति हैं। ये दोनों जनजातियां मुख्य रूप से ईसाई हैं। इसके अलावा मणिपुर में आठ-आठ प्रतिशत आबादी मुस्लिम और सनमही समुदाय की है। भारतीय संविधान के आर्टिकल 371ए के तहत मणिपुर की पहाड़ी जनजातियों को विशेष दर्जा और सुविधाएं मिली हुई हैं, जो मैतेई समुदाय को नहीं मिलती। 'लैंड रिफॉर्म एक्ट' की वजह से मैतेई समुदाय पहाड़ी इलाकों में जमीन खरीदकर बस नहीं सकता। जबकि जनजातियों पर पहाड़ी इलाके से घाटी में आकर बसने पर कोई रोक नहीं है। इससे दोनों समुदायों में मतभेद बढ़े हैं।

हिंसा की शुरुआत कब

मौजूदा तनाव की शुरूआत चुराचंदपुर जिले से हुई। ये राजधानी इम्फाल के दक्षिण में करीब 63 किलोमीटर की दूरी पर है। इस जिले में कुकी आदिवासी ज्यादा हैं। गवर्नमेंट लैंड सर्वे के विरोध में 28 अप्रैल को द इंडिजेनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने चुराचंदपुर में आठ घंटे बंद का ऐलान किया था। देखते ही देखते इस बंद ने हिंसक रूप ले लिया। उसी रात तुइबोंग एरिया में उपद्रवियों ने वन विभाग के ऑफिस को आग के हवाले कर दिया। 27-28 अप्रैल की हिंसा में मुख्य तौर पर पुलिस और कुकी आदिवासी आमने-सामने थे। इसके ठीक पांचवें दिन यानी तीन मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर ने 'आदिवासी एकता मार्च' निकाला। ये मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने के विरोध में था। यहीं से स्थिति काफी बिगड़ गई। आदिवासियों के इस प्रदर्शन के विरोध में मैतेई समुदाय के लोग खड़े हो गए। लड़ाई के तीन पक्ष हो गए। एक तरफ मैतेई समुदाय के लोग थे तो दूसरी ओर कुकी और नगा समुदाय के लोग। देखते ही देखते पूरा प्रदेश इस हिंसा की आग में जलने लगा। चार मई को चुराचंदपुर में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की एक रैली होने वाली थी। पूरी तैयारी हो गई थी, लेकिन रात में ही उपद्रवियों ने टेंट और कार्यक्रम स्थल पर आग लगा दी। सीएम का कार्यक्रम स्थगित हो गया। अब तक इस हिंसा के चलते 150 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। तीन हजार से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने क्या कहा

आज से संसद का मानसून सत्र शुरू हुआ। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मेरा हृदय पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले, कितने हैं-कौन हैं, यह अपनी जगह है, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। सभी मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वे माताओं-बहनों की रक्षा करने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं। अपने राज्यों में कानून व्यवस्था को और मजबूत करें। घटना चाहे राजस्थान की हो, छत्तीसगढ़ की हो या मणिपुर की हो, हम राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था और नारी के सम्मान का ध्यान रखें। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की इन बेटियों के साथ जो हुआ है, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता।'

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा

'हम सरकार को कार्रवाई करने के लिए थोड़ा समय देंगे नहीं तो हम खुद इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे। हमारा विचार है कि अदालत को सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि अपराधियों पर हिंसा के लिए मामला दर्ज किया जा सके। मीडिया में जो दिखाया गया है और जो दृश्य सामने आए हैं, वे घोर संवैधानिक उल्लंघन को दर्शाते हैं और महिलाओं को हिंसा के साधन के रूप में इस्तेमाल करके मानव जीवन का उल्लंघन करना संवैधानिक लोकतंत्र के खिलाफ है।'

हिंसा की तीन वजहें

1. मैतेई समुदाय के एसटी दर्जे का विरोध : मैतेई ट्राइब यूनियन पिछले कई सालों से मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा देने की मांग कर रही है। मामला मणिपुर हाईकोर्ट पहुंचा। इस पर सुनवाई करते हुए मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से 19 अप्रैल को 10 साल पुरानी केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय की सिफारिश प्रस्तुत करने के लिए कहा था। इस सिफारिश में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा देने का आदेश दे दिया। अब हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच केस की सुनवाई कर रही है।

2. सरकार की अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई : आरक्षण विवाद के बीच मणिपुर सरकार ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई ने आग में घी डालने का काम किया। मणिपुर सरकार का कहना है कि आदिवासी समुदाय के लोग संरक्षित जंगलों और वन अभयारण्य में गैरकानूनी कब्जा करके अफीम की खेती कर रहे हैं। ये कब्जे हटाने के लिए सरकार मणिपुर फॉरेस्ट रूल 2021 के तहत फॉरेस्ट लैंड पर किसी तरह के अतिक्रमण को हटाने के लिए एक अभियान चला रही है। वहीं, आदिवासियों का कहना है कि ये उनकी पैतृक जमीन है। उन्होंने अतिक्रमण नहीं किया, बल्कि सालों से वहां रहते आ रहे हैं। सरकार के इस अभियान को आदिवासियों ने अपनी पैतृक जमीन से हटाने की तरह पेश किया। जिससे आक्रोश फैला।

3. कुकी विद्रोही संगठनों ने सरकार से हुए समझौते को तोड़ दिया : हिंसा के बीच कुकी विद्रोही संगठनों ने भी 2008 में हुए केंद्र सरकार के साथ समझौते को तोड़ दिया। दरअसल, कुकी जनजाति के कई संगठन 2005 तक सैन्य विद्रोह में शामिल रहे हैं। मनमोहन सिंह सरकार के समय, 2008 में तकरीबन सभी कुकी विद्रोही संगठनों से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन यानी एसओएस एग्रीमेंट किया। इसका मकसद राजनीतिक बातचीत को बढ़ावा देना था। तब समय-समय पर इस समझौते का कार्यकाल बढ़ाया जाता रहा, लेकिन इसी साल 10 मार्च को मणिपुर सरकार कुकी समुदाय के दो संगठनों के लिए इस समझौते से पीछे हट गयी। ये संगठन हैं जोमी रेवुलुशनरी आर्मी और कुकी नेशनल आर्मी। ये दोनों संगठन हथियारबंद हैं। हथियारबंद इन संगठनों के लोग भी मणिपुर की हिंसा में शामिल हो गए और सेना और पुलिस पर हमले करने लगे।

महिलाओं को नग्न कराकर घूमाया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वायरल वीडियो में जिन दो महिलाओं को नग्न करके घुमाया जा रहा है, वो कुकी समुदाय की हैं। यह वीडियो चार मई का बताया जा रहा है, जब हिंसा शुरूआती चरण में थी। महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का आरोप मैतई समुदाय के लोगों पर लगा है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात हथियारबंद बदमाशों के खिलाफ थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन में अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज किया है। उधर, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी मामले की जांच के लिए अलग टीम गठित कर दी है। केन्द्र सरकार ने भी मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

महिला आयोग ने ट्विटर से वीडियो हटाने को कहा

नई दिल्ली : मणिपुर में महिलाओं से बर्बरता को लेकर पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। सभी जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ से लेकर तमाम नेताओं ने हैवानियत भरी वारदात की निंदा की है। इस बीच महिला आयोग ने ट्विटर इंडिया के पब्लिक पॉलिसी हेड से कहा है कि वह प्लेटफॉर्म पर सर्कुलेट हो रहे बर्बरता के वायरल वीडियो को हटाएं।

एक आरोपी गिरफ्तार

इससे पहले पुलिस ने गुरुवार की सुबह एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसका नाम हुइरेम हेरोदास मैतेई बताया जा रहा है और उसकी उम्र 32 वर्ष बतायी गयी है। वह पेची अवांग लीकाई का है। वीडियो में यही शख्स मुख्य अपराधी लग रहा था, जिसने हरे रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी और महिला को पकड़ रखा था। वीडियो वायरल होने के बाद उसकी पहचान की गई और गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।

राज्यपाल ने किया डीजीपी को फोन

वायरल वीडियो पर मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने कहा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मेरे राज्य में इस तरह की घटना हुई है। मैं जानना चाहती हूं कि महिलाओं की शिकायत पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? मैंने आज अपने राज्य के डीजीपी को फोन किया।

दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना ने 140 करोड़ लोगों को शर्मसार किया है। इस क्रूर घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि इस मामले में कानून सख्ती से एक के बाद एक कदम उठाएगा।

मई से ही हालात खराब

मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में तब से अब तक कम से कम 150 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

48 दिन बाद एफआईआर, 77 दिन बाद गिरफ्तारी

नई दिल्ली : मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार को जब इस हैवानियत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सरकार लेकर आम लोगों तक सभी के होश उड़ गए। किसी को अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हो रहा था। मानवता शर्मसार हो रही थी। हालांकि, ये घटना चार मई को हुई, जबकि इसकी एफआईआर करीब डेढ़ महीने बाद 21 जून को दर्ज हुई। वहीं गुरुवार सुबह मामले में पहला आरोपी गिरफ्तार हुआ है। एक ओर जहां इसे घटना की देशभर में निंदा की जा रही है, वहीं अब इसको लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

मणिपुर में चार मई को क्या हुआ

पहाड़ी राज्य मणिपुर पिछले कुछ समय से जातीय हिंसा की चपेट में है, लेकिन अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिलाओं को नग्न करके घुमाया जा रहा है। यह घटना राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 35 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले के गांव बी. फीनोम में हुई। ग्राम प्रधान द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत के मुताबिक, चार मई को शाम लगभग तीन बजे 900-1000 की संख्या में कई संगठनों से जुड़े लोग बी. फीनोम गांव में जबरदस्ती घुस आए। इनके पास एके राइफल्स, एसएल.आर इंसास और 303 राइफल्स जैसे अत्याधुनिक हथियार थे। हिंसक भीड़ ने सभी घरों में तोड़फोड़ की और फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, कपड़े, अनाज सहित नकदी को लूटने के बाद सभी चल संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया।

रोड ब्लॉक कर ग्रामीणों को छुड़ा लिया

इसके अलावा पांच ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए जंगल की ओर भाग गए। बाद में उन्हें नॉनपाक सेकमाई पुलिस टीम द्वारा बचाया गया और वे नोंगनोक सेकमाई थाने के रास्ते में थे। इस बीच उन्हें रास्ते में एक भीड़ ने रोक दिया और नोंगपोक सेकमाई थाने से लगभग दो किलोमीटर दूर और 33 एआर सोमरेई चौकी से लगभग तीन किलोमीटर दूर भीड़ ने उन्हें पुलिस टीम की सुरक्षा से छीन लिया। इसके अलावा एक 56 साल के व्यक्ति की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी गई।

बहन को बचाने आये भाई को मार डाला

प्रधान ने बताया कि इसी दौरान भीड़ द्वारा तीन महिलाओं को उनके कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया और भीड़ के सामने निर्वस्त्र कर दिया गया। घटना से जुड़े वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुरुष असहाय महिलाओं के साथ लगातार छेड़छाड़ कर रहे हैं, जो रो रही हैं और उनसे छोड़ने की गुहार लगा रही हैं। हैवानियत यहीं सीमित नहीं रही, एक 21 साल की लड़की का दिन दहाड़े बेरहमी से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जब 19 वर्षीय छोटे भाई ने अपनी बहन की अस्मिता और जान बचाने की कोशिश की, तो भीड़ में शामिल लोगों ने उसकी मौके पर ही हत्या कर दी। हालांकि, पीड़िता कुछ लोगों की मदद से मौके से भागने में सफल रहीं।

केस किन धाराओं में दर्ज हुआ

घटना के एक महीने से अधिक समय बाद 21 जून को एफआईआर दर्ज की गई थी। मामला आईपीसी की धारा 153ए, 398, 427, 436, 448, 302, 354, 364, 326, 376 और 34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1सी) के तहत दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा दर्ज इस एफआईआर में भीड़ में शामिल करीब 1,000 लोगों पर कई आरोप लगाए गए हैं। इसमें विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, घातक हथियार के साथ डकैती करना, आग लगाना, घर में जबरन घुसना, हत्या के लिए अपहरण करना, क्षति पहुंचाना, दुष्कर्म, हमला, गंभीर चोट पहुंचाना और आग्नेयास्त्र का उपयोग करके एक इरादे से हत्या करना।

अब तक इस मामले एक्शन क्या हुआ

इस घटना को लेकर जीरो एफआईआर कांगपोकपी जिले की सैकुल पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। बाद में इसे थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन को रेफर कर दिया गया। मामला दर्ज होने के करीब एक महीने बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा कि वीडियो सामने आने के तुरंत बाद राज्य सरकार ने वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर पुलिस ने कार्रवाई कर आज पहली गिरफ्तारी की है। मुख्य अपराधी को आज सुबह एक पुलिस ऑपरेशन में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय हुइरेम हेरोदास मैतेई के रूप हुई है जो पेची अवांग लीकाई का रहने वाला है।

अब आगे क्या?

मुख्यमंत्री की मानें तो फिलहाल मामले में गहन जांच चल रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिसमें मृत्युदंड की संभावना पर भी विचार किया जाए। इस बीच मणिपुर पुलिस ने भी बयान जारी कर कहा, 'महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के वायरल वीडियो के संबंध में पुलिस दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।'

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 21 जुलाई, 2023

मेष : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-9

मिथुन : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। शुभांक-2-6-8

कर्क : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। दूसरों के सहयोग से काम पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-3-5-8

कन्या : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनंददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-6-9





एशियाई खेल 2022 : चयन ट्रायल में छूट के खिलाफ विरोध कर रहे जूनियर पहलवानों के समर्थन में उतरीं अंशू मलिक

नई दिल्ली (हि. स.)। भारतीय पहलवान अंशू मलिक ने गुरुवार को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल से विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को छूट दिए जाने का विरोध करते हुए जूनियर पहलवानों का समर्थन किया है। अंशू मलिक ने ट्विटर पर लिखा,"एक एथलीट का सबसे बड़ा सपना ओलंपिक और एशियाई खेलों में देश के लिए खेलना और पदक जीतकर देशवासियों को गौरवान्वित करना है। लेकिन क्या होगा अगर उन खिलाड़ियों का हक मार दिया जाए?" उन्होंने आगे लिखा, "जूनियर खिलाड़ियों द्वारा चयन ट्रायल (एशियाई खेलों के लिए) की मांग बिल्कुल सही है, और यह उनका अधिकार है। मैं जूनियर पहलवानों की मांग का समर्थन करती हूं।" अंशू ने 2021 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं की 57 किलोग्राम स्पर्धा में रजत पदक जीता, और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। बता दें कि मौजूदा अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल सहित कई पहलवानों ने "अनुचित" चयन ट्रायल छूट पर सवाल उठाए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने मंगलवार को विनेश (53 किग्रा) और बजरंग (65 किग्रा) को 2022 एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल से छूट दे दी, जबकि अन्य पहलवानों को 22 और 23 जुलाई को चयन ट्रायल से गुजरना होगा। गौरतलब है कि पंघाल और रैंकिंग सीरीज के स्वर्ण पदक विजेता और एशियाई अंडर-23 चैंपियन सुजीत कलकल ने निष्पक्ष सुनवाई की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है।

आगामी सीजन से पहले पंजाब एफसी ने तीन युवा खिलाड़ियों के साथ किया करार

मोहाली (हि.स.)। राउंडग्लास स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाले पंजाब एफसी ने आगामी 2023-24 सीजन के लिए तीन युवा फॉरवर्ड सैमुअल जेम्स किन्शी, मिडफील्डर किंग्सली फर्नांडीस और डिफेंडर नितेश दार्जी के साथ अनुबंध किया है। 23 वर्षीय सैमुअल शिलांग लाजोंग एफसी के माध्यम से आए और रियल कश्मीर एफसी के साथ एक शानदार आई-लीग सीजन के बाद ये खिलाड़ी पंजाब एफसी के साथ जुड़े हैं।, जहां उन्होंने 6 गोल दागकर लीग के संयुक्त सर्वोच्च भारतीय गोल स्कोरर बनकर उभरे हैं। वहीं गोवा के दिग्गज क्लब चर्चिल ब्रदर्स गोवा एफसी के साथ पिछले तीन सीजन बिताने के बाद किंग्सली फर्नांडीस अब पंजाब एफसी का हिस्सा बन गए हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले 2019-20 सीजन के दौरान एफसी गोवा के साथ आईएसएल लीग शील्ड जीती थी और एक सीजन से पहले उन्होंने गोवा प्रोफेशनल लीग में एफसी गोवा के रिजर्व पक्ष का नेतृत्व किया था। दूसरी ओर, युवा नितेश दार्जी रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग में मजबूत और लचीले प्रदर्शन के बाद आरजीपीएफसी का हिस्सा बने हैं, जहां उनकी टीम सुदेवा दिल्ली एफसी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रही। नए अनुबंधों के बारे में बोलते हुए, पंजाब एफसी के तकनीकी निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, "क्लब में इन युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। हमें विश्वास है कि वे पंजाब एफसी के भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा साबित होंगे क्योंकि हम एक क्लब के रूप में बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ रहे हैं।"

एशिया कप में पाकिस्तान से 3 बार के संभावित मुकाबले पर द्रविड़ ने कहा-हम एक समय में एक ही मैच पर फोकस करेंगे

नई दिल्ली (हि.स.)। एशिया कप 2023 के शेड्यूल की घोषणा बुधवार को की गई। टूनार्मेंट 30 अगस्त को शुरू होगा, जिसके पहले मैच में पाकिस्तान का सामना मुल्तान में नेपाल से होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला 2 सितंबर को कैंडी में होगा। इस बात की प्रबल संभावना है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना तीन बार हो, यदि टीमें सुपर 4 के लिए अर्हता प्राप्त करती हैं, तो वे 10 सितंबर को भिड़ेंगी, और संभवतः फाइनल में भी। एशिया कप में पाकिस्तान से तीन बार खेलने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर भारत के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि वह एक समय में एक मैच पर ध्यान देना चाहते हैं और अगले मैचों के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहते हैं। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में संवाददाताओं से कहा,"शेड्यूल आ गया है, आपको पाकिस्तान से तीन बार खेलने के लिए सुपर फोर्स के लिए अर्हता प्राप्त करनी होगी। मुझे पता है कि हम पहले दो मैचों में पाकिस्तान और नेपाल से खेलेंगे, इसलिए हमें उस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। हमें वे मैच जीतने होंगे और देखना होगा कि टूनार्मेंट कहां जाता है। अगर हमें उनके साथ तीन बार खेलने का मौका मिले तो यह शानदार है। इसका मतलब होगा कि हम टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचेंगे और उम्मीद है कि पाकिस्तान भी फाइनल में पहुंचेगा।" राहुल द्रविड़ ने आगे कहा कि टीम एशिया कप जीतने और शानदार लय के साथ विश्व कप में जाने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा,"यह एक शानदार प्रतियोगिता होगी और हम निश्चित रूप से फाइनल तक खेलना और जीतना चाहते हैं। लेकिन हमें ऐसा करने के लिए पहले दो कदम उठाने होंगे।" बता दें कि एशिया कप 2022 में भारत का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा क्योंकि टीम पाकिस्तान और श्रीलंका से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गई थी। श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

इंग्लिश बल्लेबाज नट साइवर ब्रंट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए छह हजार रन

टॉनटन (हि.स.)। इंग्लैंड की बल्लेबाज नट साइवर ब्रंट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छह हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि महिला एशेज श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में हासिल की। ब्रंट की 129 रनों की एक और शानदार पारी के साथ, इंग्लैंड ने समरसेट के टॉनटन में श्रृंखला के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 69 रनों (डीएलएस पद्धति) से हरा दिया। ब्रंट ने 217 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 6100 रन बनाए। उन्होंने नौ टेस्ट मैचों में 590 रन जबकि वनडे के 97 मैचों में 3280 रन बनाए हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में, उन्होंने 111 मैचों में 2230 रन बनाए हैं। तीसरे वनडे में जीत के साथ ही इंग्लैंड ने वनडे सीरीज 2-1 से जीत ली है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने फिर भी एशेज बरकरार रखी क्योंकि यह बहु-प्रारूप श्रृंखला 8-8 से बराबरी पर समाप्त हुई। यह स्टार ऑलराउंडर नताली साइवर-ब्रंट ही थीं, जो एशेज के दौरान एक बार फिर इंग्लैंड के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनीं, 30 वर्षीय खिलाड़ी ने श्रृंखला के दौरान किसी भी अन्य खिलाड़ी (404) की तुलना में अधिक रन बनाए और पांच विकेट भी लिए।

यूएई, इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए काइल जैमीसन की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

ऑकलैंड (हि.स.)। न्यूजीलैंड ने अगले महीने यूएई और इंग्लैंड के टी20 दौरों के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में अनकैप्ड बल्लेबाजी ऑलराउंडर डीन फॉक्सक्रॉफ्ट और लेग स्पिनर आदि अशोक नए चेहरे हैं, जबकि ऑलराउंडर काइल जैमीसन की वापसी हुई है। न्यूजीलैंड को 17, 19 और 20 अगस्त को यूएई के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलने हैं, इसके बाद 30 अगस्त से 5 सितंबर तक इंग्लैंड में चार टी20 मैच खेलने हैं। पिछले साल जून में इंग्लैंड में पीठ में गंभीर चोट लगने के एक साल से अधिक समय बाद जैमीसन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर, फॉक्सक्रॉफ्ट और अशोक ने हाल के सीजन में न्यूजीलैंड ए का प्रतिनिधित्व करने और प्रभावशाली घरेलू फॉर्म के कारण अपना कॉल-अप अर्जित किया। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे फॉक्सक्रॉफ्ट 2016 में न्यूजीलैंड चले गए थे। वह टीम के लिए एक नए योग्य खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में आईसीसी से पात्रता अनुमोदन प्राप्त किया है। 25 वर्षीय फॉक्सक्रॉफ्ट को मार्च में वार्षिक पुरस्कारों में एनजेडसी के घरेलू खिलाड़ी का ताज पहनाया गया था, जो सुपर स्मैश में अग्रणी रन-बनाने वाले बल्लेबाज थे, उन्होंने 131.26 की स्ट्राइक-रेट से 424 रन बनाये थे। उन्होंने गेंद से सात से कम की प्रभावशाली इकॉनमी रेट से नौ विकेट भी लिए। पूर्व अंडर-19 खिलाड़ी अशोक ने पिछले सीजन में सुपर स्मैश में सात विकेट लेकर कुछ महत्वपूर्ण स्पैल किए थे। कोच गैरी स्टीड ने कहा, "ब्लैककैप माहौल में नए खिलाड़ियों को पेश करना हमेशा रोमांचक होता है और खासकर तब जब वे युवा टीम में हों, जैसे कि आदि और डीन हैं। डीन घरेलू स्तर पर वास्तव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी रहा है और मार्च में उसे मिले पुरस्कारों से इसकी पुष्टि हुई है। वह एक प्रतिभाशाली और अनुकूलनीय बल्लेबाज है जो उपयोगी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी भी करता है - इसलिए यह हमारे स्पिनिंग स्टॉक में शामिल होगा जिसे सफेद गेंद वाले क्रिकेट में हमेशा महत्व दिया जाता है।" यूएई और इंग्लैंड टी20 के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार हैः टिम साउदी (कप्तान), फिन एलन (इंग्लैंड), आदित्य अशोक (यूएई), चाड बोवेस (यूएई), मार्क चैपमैन, डेन क्लीवर (यूएई), डेवोन कॉनवे (इंग्लैंड), लॉकी फर्ग्यूसन, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (यूएई), मैट हेनरी (इंग्लैंड), काइल जैमीसन, कोल मैककोन्ची (यूएई), एडम मिल्ने (इंग्लैंड), डेरिल मिशेल (इंग्लैंड), जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स (इंग्लैंड), रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, टिम सीफर्ट, हेनरी शिपली (यूएई), ईश सोढ़ी (इंग्लैंड), विल यंग (यूएई)।

नेशनल वुशु जजेस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कोर्स

राँचीः सरला बिरला यूनिवर्सिटी में आयोजित किये जा रहे सेमिनार के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने वीडियो एनालिसिस सिस्टम से तकनीकों का अध्ययन किया। गुरुवार सानदा कोर्स इंस्ट्रक्टर आरिफ सी पी और ताऊलू कोर्स इंस्ट्रक्टर पी बेहरा और अभिलाष सक्सेना ने तकनीकी परिवर्तन की जानकारी दी । इसके साथ साथ उन्होंने सरला बिरला यूनिवर्सिटी का भ्रमण किया और रजिस्ट्रार डॉ विजय कुमार सिंह से मुलाकात की। कल सेमिनार का चौथा दिन है और दिनाँक 22 को इनकी परीक्षा की जाएगी जिसके आधार पर इन्हें ग्रेड दिया जाएगा।

झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस 4 अगस्त से साहिबगंज में

रांची : प्रथम झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आगामी 4 से 6 अगस्त तक साहेबगंज में आयोजित किए जाएंगे यह जानकारी सचिव समरजीत सिंह ने दी उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रतियोगिता चांद भैरव इंदौर स्टेडियम साहिबगंज में आयोजित की जाएगी जिसमें बालक वर्ग में अंडर 11,13,,15,17,19 और पुरुषों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जबकि महिला वर्ग में अंडर 11,13.15,17.19 और महिला एकल की प्रतियोगिता होंगी इस प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टि की अंतिम तिथि 28 जुलाई रखी गई है खिलाड़ियों को रहने मुफ्त व्यवस्था की गई है विशेष जानकारी के लिए आयोजन सचिव जय किशन शर्मा से संपर्क कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची जिला की इच्छुक खिलाड़ी जिला सचिव सुदीप्तो मुखर्जी से आगामी 25 जुलाई तक संपर्क कर सकते हैं, प्रतियोगिता में आयोजित होने वाली सभी वर्गों के लिए 22 प्रतिभागी भाग लेंगे विशेष जानकारी के लिए सुदीप्तो मुखर्जी 94315 14 636 से संपर्क कर सकते हैं।

रोइंग फेडरेशन ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, ट्रेनिंग सेंटर खोलने की मांग

लखनऊ (हि.स.)। रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ की उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव ने गोरखपुर के रामगढ़ताल की सराहना की। इसके साथ ही कहा कि रामगढ़ताल में साई के माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में रोइंग ट्रेनिंग सेंटर खोला जाय और वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज में रोइंग प्रशिक्षण की शुरूआत हो। रोइंग फेडरेशन के सदस्यों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक पत्र दिया। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें केआईयूजी रोइंग काफी टेबल बुक और स्मृति चिन्ह भी सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के सचिव व खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रोइंग स्पर्धा के कंप्टीशन मैनेजर सुधीर शर्मा, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हरीश शर्मा व राकेश शुक्ला, संयुक्त सचिव एसएम भट्ट व संदीप अरोड़ा संयुक्त सचिव और एमएस और कार्यकारिणी सदस्य सुमन चौधरी भी मौजूद थे। पत्र में यूपी सरकार को उत्तर प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के शानदार आयोजन के लिए बधाई देते हुए राजलक्ष्मी सिंह देव ने कहा कि इस सफलतम आयोजन को लेकर रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य विशेष रूप से अभिभूत हैं। रोइंग प्रतियोगिता को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रथम बार सम्मिलित किया गया और आपके मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता के लिए गोरखपुर के रामगढ़ताल और इसके समीपस्थ अतुलनीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के चयन ने इसे अविस्मरणीय बना दिया, सिर्फ फेडरेशन ही नहीं, बल्कि देश के अलग-अलग प्रांतों से आए युवा खिलाड़ियों ने अत्यंत हर्ष के साथ इसे हृदय तल से स्वीकार किया है। इसके साथ ही रामगढ़ताल में सफलतापूर्वक हुई खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स रोइंग प्रतियोगिता ने उत्तर प्रदेश, खासकर गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस विशेष जलक्रीड़ा के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार भी खोले हैं। रोइंग फेडरेशन आफ

यूएस ओपनः अल्कराज, स्विएटेक प्रवेश सूची में शीर्ष पर; जोकोविच 2021 के बाद लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली (हि.स.)। वर्तमान विश्व के नंबर 1 पुरुष और महिला टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और इगा स्विएटेक यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट 2023 के लिए संबंधित प्रवेश सूची में शीर्ष पर हैं। यह सूची टूनार्मेंट के आयोजक यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस संगठन द्वारा जारी की गई है।

इस साल का यूएस ओपन 28 अगस्त से 10 सितंबर तक फ्लशिंग, न्यूयॉर्क में यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में होने वाला है।

अल्कराज और स्विएटेक दोनों टूनार्मेंट में अपने खिताब की रक्षा के लिये उतरेंगे।

इस साल के यूएस ओपन में पुरुष एकल के लिए मुख्य ड्रॉ कटऑफ रैंकिंग 96 है जबकि महिला एकल के लिए यह 100 है।

तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच भी दो साल में पहली बार यूएसए लौटने के लिए तैयार हैं। वह वैक्सीन प्रोटोकॉल के कारण पिछले साल के संस्करण से चूक गए थे। प्रोटोकॉल के तहत, अंतरराष्ट्रीय

यात्रियों को कोविड-19 टीकाकरण की अनिवार्यता होती है। उनके साथ पूर्व चैंपियन डेनियल मेदवेदेव भी शामिल होंगे। साथ ही कैस्पर रूड, होल्गर रून, स्टेफानोस सितसिपास और अमेरिकी जोड़ी टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियाफो भी हिस्सा लेंगे। संरक्षित रैंकिंग के साथ प्रवेश करने वाले अन्य उल्लेखनीय पुरुष एकल खिलाड़ियों में 2014 यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच केई निशिकोरी, गेल मोनफिल्स और मिलोस राओनिक हैं। पूर्व विश्व नंबर 4 निशिकोरी, जो 2021 से बाहर थे, ने जून में प्यूर्टो रिको में एटीपी चैलेंजर इवेंट जीतकर आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में वापसी की।

महिला एकल में, स्विएटेक के साथ, एलेना रयबाकिना और आर्यना सबालेंका शामिल हैं। उनके साथ शीर्ष अमेरिकी, जेसिका पेगुला और कोको गॉफ और वर्तमान विंबलडन चैंपियन, मार्केटा वोंद्रोसोवा भी शामिल होंगी।

2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट जेनिफर ब्रैडी, जो इस सप्ताह कनाडा के ग्रांबी में लगभग पूरे दो वर्षों में अपना पहला टूनार्मेंट खेल रही हैं, के 2021 में रोलैंड गैरोस के बाद अपना पहला बड़ा टूनार्मेंट खेलने की उम्मीद है। सूची में चार बार के विजेता राफेल नडाल का नाम नहीं है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान लगी कूल्हे की चोट के कारण वह बाहर हैं। इसी तरह, 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानु को सूचीबद्ध नहीं किया गया है क्योंकि उनके दोनों हाथों और टखनों की सर्जरी हुई थी।

बैडमिंटन चैम्पियनशिप 21 जुलाई से

लखनऊ (हि.स.)। जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप की शुरूआत 21 जुलाई से शुरू होगा। इसमें 350 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में होने वाली यह चैम्पियनशिप 23 जुलाई तक चलेगी। यह जानकारी जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी ने दी। उन्होंने कहा कि इस चैम्पियनशिप में 11 वर्ष से 19 वर्ष तक बालक-बालिका एवं पुरुष-महिला एकल, युगल व मिश्रित युगल स्पर्धा होगी। इस चैम्पियनशिप के आधार पर जिला बैडमिंटन टीम का चयन होगा, जो प्रदेश एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं एवं चैम्पियनशिप में भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. आर.पी. सिंह, (खेल निदेशक, उ.प्र.) करेंगे। विशिष्ट अतिथि अखिलेश कालरा (एडवोकेट), अरुण कक्कड़, (उपाध्यक्ष उ.प्र. बैडमिंटन संघ), राममोहन अग्रवाल (अध्यक्ष) व संदीप अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), कैलाश चन्द्र पाण्डेय (एडवोकेट), आलोक सरन (एडवोकेट) आदि होंगे।

बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान और क्रिकेट के दिग्गजों ने मिलकर की विश्व कप अभियान की शुरूआत

मुंबई (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस साल के अंत में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले "इट टेक्स वन डे" नामक नए अभियान का शुभारंभ किया है।

"इट टेक्स वन डे" अभियान इस साल के विश्व कप के पहले मैच से सिर्फ 77 दिन पहले गुरुवार को मुंबई में लॉन्च किया गया।

इस अभियान का लक्ष्य दुनिया भर के प्रशंसकों को "नवरसा" से जोड़ना है, जो क्रिकेट मैच के दौरान प्रशंसकों द्वारा सबसे अधिक अनुभव की जाने वाली नौ भावनाओं का प्रतीक है।

प्रसिद्ध क्रिकेटरों जेपी डुमिनी, शुभमन गिल, दिनेश कार्तिक, वर्तमान विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन, मुथैया मुरलीधरन, जोंटी रोड्स और जेमिमाह रोड्रिग्स के साथ बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की एक फिल्म अभियान लॉन्च के साथ रिलीज हुई। यह अभियान एक दिन में खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों द्वारा सामूहिक रूप से अनुभव की गई भावनाओं की यात्रा को प्रदर्शित करता है, जिसमें फिल्म नौ "नवरसा" भावनाओं - पीड़ा, बहादुरी, महिमा, खुशी, जुनून, शक्ति, गर्व, सम्मान और आश्चर्य को दशार्ती है।

आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस इस अभियान को लॉन्च करने से रोमांचित थे और 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में विश्व कप के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एलार्डिस ने कहा,"यह अभियान एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सच्चा उत्सव है और यह प्रत्याशा की भावना पैदा करता है कि जब आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 भारत में वापस आएगा तो

हम क्या उम्मीद कर सकते हैं। "वन डे मैच के दौरान प्रशंसकों और खिलाड़ियों द्वारा भावनाओं, या नवरसा को समान रूप से महसूस किया जाता है और यह अभियान उस साझा अनुभव को जीवंत करता है।"

उन्होंने कहा,"क्रिकेट और सिनेमा भारतीय मानस के केंद्र में हैं, और हमने दूर-दूर तक अपील पैदा करने के लिए इन दोनों को शामिल किया है। क्रिकेटरों की एक असाधारण श्रृंखला के साथ बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की भागीदारी हमें इस देश में हमारे संपर्क को गहरा करने में मदद करेगी, साथ ही दुनिया भर का ध्यान आकर्षित करेगी।"

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, "रोमांचक क्षण, गहन लड़ाई और अप्रत्याशित परिणाम देने की अपनी क्षमता के कारण वनडे प्रारूप अद्वितीय महत्व रखता है जो वास्तव में विश्व स्तर पर प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। जैसे ही हम इस यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं, हमें पुरुष क्रिकेट विश्व कप अभियान के शुभारंभ और दुनिया भर में इस आयोजन के लिए वास्तविक उत्साह पैदा करने पर गर्व है।" उन्होंने कहा,"हम एक विश्व स्तरीय कार्यक्रम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं जो नई पीढ़ी के नायकों के जन्म का गवाह बनेगा, प्रशंसकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगा और हमारा मानना है कि अभियान ऐसा करता है। भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 क्रिकेट उत्कृष्टता, सांस्कृतिक विविधता और खेल की एकीकृत भावना का उत्सव होगा।"

पाकिस्तान ने श्रीलंका को पहले टेस्ट में 4 विकेट से हराया,डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत के साथ शीर्ष पर पहुंचा

गाले (हि.स.)। पाकिस्तान ने गुरुवार को पहले टेस्ट में श्रीलंका को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में भारत के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया है। मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए धनंजय डिसिल्वा (122) के शानदार शतक और एंजेलो मैथ्यूज (64) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 312 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 461 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 149 रनों की बढ़त हासिल की। पाकिस्तान के लिए पहली पारी में सऊद शकील ने 208 रनों की नाबाद दोहरी शतकीय पारी खेली। शकील के अलावा आगा सलमान ने 83 रन बनाए। दूसरी पारी में श्रीलंका ने धनंजय डिसिल्वा (82) और निशन मदुसका (52) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 279 रन बनाए और पाकिस्तान को 131 रनों का लक्ष्य दिया। 131 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के टीम ने इमाम उल हक (नाबाद 50) के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अभियान की शानदार शुरूआत की। इस जीत के बाद पाकिस्तान नए चक्र में एक-एक मैच के बाद 100 प्रतिशत जीत-प्रतिशत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। सोमवार को कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट शुरू होने पर पाकिस्तान अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखना चाहेगा।

विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप : इटली ने जीता मिश्रित 4७1500 मीटर ओपन वॉटर रिले का खिताब

फुकुओका (हि.स.)। इटली ने गुरुवार को यहां विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में मिश्रित 4७1500 मीटर ओपन वॉटर रिले का खिताब जीत लिया है। ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी की अगुवाई में इटली ने एक घंटे, 10 मिनट और 31.20 सेकंड में रिले जीती। हंगरी 1:10:35.30 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहा और ऑस्ट्रेलिया ने 1:11:26.70 के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं के दोहरे स्वर्ण विजेता लियोनी बेक के नेतृत्व में जर्मनी 1:11:26.90 के साथ चौथे स्थान पर रहा। फ्लोरियन वेलब्रॉक, जिन्होंने पुरुषों की 5 किमी और 10 किमी दोनों स्पधाएं जीतीं, रिले रेस में शामिल नहीं हुए, जो फुकुओका वर्ल्ड्स में अंतिम ओपन वॉटर इवेंट था।

सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने दो साल के लिए डूरंड कप के विशेष प्रसारण अधिकार हासिल किए

मुंबई (हि. स.)। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएन) ने 2023 और 2024 के बीच भारत में डूरंड कप के प्रसारण के लिए विशेष मीडिया अधिकार हासिल कर लिए हैं। साझेदारी के हिस्से के रूप में, अगले दो वर्षों में,ब्रॉडकास्टर भारत के साथ-साथ उपमहाद्वीपः अफगानिस्तान, मालदीव, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में अपने खेल चैनलों पर इस प्रसिद्ध फुटबॉल टूनार्मेंट को जो कि अपने 132वें संस्करण के लिए तैयार है, में प्रसारित करेगा।

डूरंड कप का 132वां संस्करण 3 अगस्त 2023 को शुरू होगा और इसमें 24 टीमों के बीच कुल 43 हाई-वोल्टेज मैच खेले जाएंगें, बता दें कि पिछले साल 20 टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई थी। फाइनल 3 सितंबर 2023 को निर्धारित है। दर्शक टूनार्मेंट को सोनी स्पोर्ट्स टेन 2चैनलों पर लाइव देख सकते हैं और मैच लाइवस्ट्रीमिंग के लिए विशेष रूप से एसपीएन के प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म, सोनीलिव पर भी उपलब्ध होंगे।

पहली बार 1888 में खेला गया डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूनार्मेंट है। भारत सरकार के तत्कालीन विदेश सचिव सर हेनरी मोर्टिमर डूरंड द्वारा शुरू किया

गया था, डूरंड कप भारत का एकमात्र टूनार्मेंट है जो सभी इंडियन सुपर लीग (भारतीय शीर्ष डिवीजन) टीमों को शीर्ष आई-लीग (द्वितीय डिवीजन) और अन्य डिवीजन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करवाता है । इस कप में सशस्त्र बलों की टीमें भी एक दूसरे कि विरुद्ध मैच खेलती हैं।

प्रतिष्ठित टूनार्मेंट डूरंड फुटबॉल टूनार्मेंट सोसाइटी (डीएफटीएस) द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसके अध्यक्ष चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होते हैं एवं सेना, वायु सेना और नौसेना के सेवा प्रमुख इसके उपाध्यक्ष होते हैं। भारतीय सेना द्वारा तीनों सेनाओं की ओर से आयोजित इस टूनार्मेंट का संचालन वर्तमान में पूर्वी कमान द्वारा किया जा रहा है। यह इस मायने में भी अनोखा है कि यह विजेताओं को तीन चमचमाती ट्रॉफियां, डूरंड कप (एक रोलिंग ट्रॉफी और मूल पुरस्कार), शिमला ट्रॉफी (एक रोलिंग ट्रॉफी और 1904 में शिमला के निवासियों द्वारा दी गई) और प्रेसिडेंट कप (स्थायी रूप से बनाए रखने के लिए और 1956 में भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किया गया) से पुरस्कृत करता है।

132वें संस्करण की 24 टीमों को चार-चार टीमों के छह समूहों में विभाजित किया गया है। इनमें से तीन समूह कोलकाता में अपने मैच खेलेंगे, जबकि असम के गुवाहाटी और कोकराझार क्रमशः दो और एक समूह की मेजबानी करेंगे। गुवाहाटी और कोकराझार भी एक-एक क्वार्टर फाइनल की मेजबानी करेंगे, जबकि बाकी नॉकआउट मैच कोलकाता में खेले जाएंगे। इस साल के टूनार्मेंट में 27 साल के अंतराल के बाद विदेशी टीमों की भी भागीदारी देखने को मिलेगी, साथ ही नेपाल और बांग्लादेश की सेना टीमों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

पिछले 131वें संस्करण में, भारतीय दिग्गज सुनील छेत्री ने अपना पहला डूरंड कप जीता था, एक टूनार्मेंट जहां उन्हें शुरूआत में देखा गया था, जब उनके बेंगलुरु एफसी ने कोलकाता के विवेकानंद युबा भारती क्रीरंगन (वीवाईबीके) में एक हाई-वॉल्ट्ज फाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया था।

केंद्र ने गैर-बासमती चावल के निर्यात पर लगाई रोक, अधिसूचना जारी

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्र सरकार ने गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगा दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी है। डीजीएफटी की ओर से गुरुवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक गैर-बासमती सफेद चावल (अर्ध-मिल्ड या पूरी तरह से मिल्ड चावल, चाहे पॉलिश किया हुआ हो या नहीं) की निर्यात नीति को मुक्त से प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि अधिसूचना में कहा गया है कि इस चावल की खेप को कुछ शर्तों के तहत निर्यात करने की अनुमति दी जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक जिन्हें ये अनुमति दी गई है, उसमें पहले से जहाज पर चावल की लदान शुरू होना शामिल है। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की मंजूरी और अन्य सरकारों के अनुरोध पर निर्यात की भी अनुमति दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि देश में पिछले कुछ समय से खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेजी आई है। खासतौर पर गेहूं, चावल, दूध और सब्जियों की कीमत तेजी से बढ़ी है। पिछले दस दिन में देशभर में चावल की कीमत में 20 फीसदी का इजाफा हुआ है।

जून तिमाही में इंफोसिस का मुनाफा 11 फीसदी बढ़कर 5,945 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली (हि.स.)। देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस ने चालू वित वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। इंफोसिस का जून तिमाही में मुनाफा 11 फीसदी बढ़कर 5,945 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 5,362 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि वित वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 11 फीसदी बढ़कर 5,945 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 5,362 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बहरहाल, कंपनी ने वृहद अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजस्व वृद्धि अनुमान 3.5 फीसदी कर दिया है। इंफोसिस ने बताया कि वित वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान कंपनी की आमदनी 10 फीसदी बढ़कर 37,933 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 34,470 करोड़ रुपये रही थी। इसके अलावा कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन 20.8 फीसदी रहा है।

एनसीएलटी ने फ्यूचर रिटेल की दिवाला प्रक्रिया पूरी करने की समय-सीमा 17 अगस्त तक बढ़ाई

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी कंपनी फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया पूरी करने की समय-सीमा 17 अगस्त तक बढ़ा दी है। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने एफआरएल को कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से 33 दिन के लिए बाहर रखने की अनुमति दे दी है। इसके तहत एफआरएल की सीआईआरपी को पूरा करने की अंतिम तिथि 17 अगस्त है। इससे पहले एनसीएलटी की पीठ ने सीआईआरपी को पूरा करने के लिए 15 जुलाई तक 90 दिन की छूट दी थी। ऋण चूक के बाद 20 जुलाई, 2022 को एनसीएलटी ने एफआरएल के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू की गई थी। गौरतलब है कि सीआईआरपी आरंभ होने की तारीख से इसे 180 दिनों के भीतर पूरा करना होता है।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों पर दबाव

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा था। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार के सूचकांक मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए थे। एशियाई बाजारों में आमतौर पर दबाव की स्थिति नजर आ रही है।

कंपनियों के शानदार तिमाही नतीजों के कारण अमेरिकी बाजार में लगातार उत्साह बना हुआ है। डाउ जॉन्स लगातार आठवें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। ये सूचकांक 109.28 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 35,061.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,565.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 14,358.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीयन मार्केट में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। एफटीएसई इंडेक्स 134.51 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,588.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,326.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर डीएएक्स इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,108.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर दबाव की स्थिति बनी नजर आ रही है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। जबकि तीन बाजारों के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,001.73 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,176.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,864.70 अंक के स्तर तक पहुंच चुका है। दूसरी ओर गिफ्ट निफ्टी 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,809 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स भी अभी तक के कारोबार में 370.80 अंक यानी 1.13 प्रतिशत लुढ़क कर 32,525.23 अंक तक गिर चुका है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स भी 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,268.61 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.21 प्रतिशत कमजोर होकर 2,602.75 अंक के स्तर पर सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत टूट कर 1,534.73 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.33 प्रतिशत कमजोर होकर 3,188.44 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

शुरूआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार ने फिर बनाया तेजी का नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला आज लगातार चौथे कारोबारी दिन भी जारी रहा। शुरूआती कारोबार में बाजार में कुछ गिरावट जरूर आई, लेकिन पहले घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद ही बाजार पर एक बार फिर खरीदार हावी हो गए। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज एक बार फिर रिकॉर्डों की झड़ी लगा दी। कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी तो तेजी का रिकॉर्ड बनाते रहे, लेकिन ब्रॉडर मार्केट में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसकी वजह से निवेशकों को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो गया।

सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ने कारोबार की शुरूआत लाल निशान में की थी। इसके बावजूद ओपनिंग के मामले में इन दोनों सूचकांकों ने आज भी अभी तक का सबसे ऊंचा ओपनिंग लेवल हासिल किया। दिन के कारोबार में ये दोनों सूचकांक लगातार ऊपर चढ़ते गए। कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स और निफ्टी ने ऑल टाइम हाई का एक बार फिर नया रिकॉर्ड कायम किया। इसके बाद दोनों सूचकांकों ने अभी तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बंद होकर ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी रिकॉर्ड बना लिया। कारोबार में सेंसेक्स 67,500 अंक के ऊपर जाकर बंद हुआ। निफ्टी 20 हजार अंक के काफी करीब पहुंचकर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.71 प्रतिशत और निफ्टी 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, एफएमसीजी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में करीब 1 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और ऑटोमोबाइल इंडेक्स में भी तेजी बनी रही। दूसरी ओर टेक, आईटी, पावर और कंज्यूमर ड्युरेबल्स सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में बने दबाव के बावजूद बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स ने भी 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

ब्रॉडर मार्केट में हुई बिकवाली के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लग गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 304 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 304.53 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 53 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,512 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,767 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,604 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 141 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,034 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,032 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,002 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर बढ़त के साथ और 9 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 23.10 अंक की कमजोरी के साथ 67,074.34 अंक के स्तर पर खुला। कमजोरी के बावजूद सेंसेक्स की ओपनिंग का ये अभी तक का सबसे ऊंचा स्तर है। शुरूआती कारोबार में बाजार में बिकवाली का दबाव भी बना जिसकी वजह से ये सूचकांक 266.06 अंक लुढ़क कर 66,831.38 तक पहुंच गया, लेकिन पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद बाजार में विदेशी निवेशकों ने चौतरफा खरीदारी शुरू कर दी, जिससे कुछ ही देर में इस सूचकांक ने न केवल रिकवरी कर ली, बल्कि तेजी से ऊपर चढ़ने लगा। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 3 बजे के थोड़ी देर बाद 521.73 अंक की मजबूती के साथ 67,619.17 अंक के नए शिखर पर पहुंच गया। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 474.46 अंक की बढ़त के साथ 67,571.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 1.45 अंक की मामूली कमजोरी के साथ ओपनिंग नया रिकॉर्ड बनाते हुए 19,831.70 अंतर से कारोबार की शुरूआत की। पहले 1 घंटे के कारोबार में ये सूचकांक 19,758.40 अंक तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 158.70 अंक की बढ़त के साथ अभी तक के सर्वोच्च शिखर 19,991.85 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि इसके बाद मामूली मुनाफावसूली की वजह से ये सूचकांक थोड़ा नीचे फिसल कर 146 अंक की मजबूती के साथ 19,979.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आईटीसी 2.78 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 2.64 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.28 प्रतिशत, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज 2.26 प्रतिशत और सिप्ला 2 प्रतिशत की तेजी के साथ के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज 7.81 प्रतिशत, इंफोसिस 1.73 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.26 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.13 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

ईपीएफओ से मई महीने में 16.30 लाख सदस्य जुड़े

नई दिल्ली, (हि.स.)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से इस वर्ष मई महीने में 16.30 लाख सदस्य जुड़े हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है।

श्रम मंत्रालय की ओर गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि इस साल मई में 16.30 लाख सदस्य जुड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक मई महीने में 3,673 प्रतिष्ठानों ने अपने कर्मचारियों को ईपीएफओ के सामाजिक सुरक्षा दायरे में शामिल किया है। मंत्रालय के मुताबिक मई में ईपीएफओ से करीब 8.83 लाख नए सदस्य जुड़े हैं, जो पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है।

मंत्रालय के मुताबिक नए अंशधारकों में से 56.42 फीसदी हिस्सेदारी 18 से 25 वर्ष के उम्र समूह के कर्मचारियों की है। हालांकि, मई में करीब 11.41 लाख अंशधारक ईपीएफओ से हटे, लेकिन वे दोबारा इससे जुड़ भी गए। आंकड़ों के मुताबिक मई में पहली बार ईपीएफओ का हिस्से बनने वाले 8.83 लाख नए कर्मचारियों में से करीब 2.21 लाख संख्या महिलाओं की थी। श्रम मंत्रालय के मुताबिक राज्यों के स्तर पर महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा और गुजरात शुद्ध अंशधारकों के मामले में आगे रहा है। इन पांच राज्यों की महीने में शुद्ध रूप से जुड़े अंशधारकों में हिस्सेदारी 57.85 फीसदी रही। यह संगठित रोजगार में आई तेजी को दशार्ता है।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 79.53 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.06 डॉलर यानी 0.08 फीसदी उछलकर 75.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

नई दिल्ली (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में पिछले 5 दिनों से जारी रिकॉर्ड तोड़ तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लगता नजर आ रहा है। मुनाफावसूली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार ने आज गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि खरीदारों ने लिवाली कर-के बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव अधिक होने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ज्यादातर समय लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सन फार्मास्यूटिकल्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 8.17 प्रतिशत से लेकर 1.36 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,134 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 799 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 9 शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।



बीएसई का सेंसेक्स 23.10 अंक की कमजोरी के साथ 67,074.34 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक में लगातार गिरावट आती चली गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश की, जिससे ये सूचकांक कुछ देर के लिए हरे निशान में भी आया। लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से वापस नीचे लुढ़क गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 173.71 अंक की कमजोरी के साथ 66,923.73 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी 1.45 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 19,831.70 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार से ही बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन गई। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 19,758.40 अंक तक पहुंचा। हालांकि बीच-बीच में हो रही लिवाली के कारण निफ्टी कुछ देर के लिए हरे निशान में भी आया। लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से गिरकर दोबारा लाल निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 44.75 अंक की गिरावट के साथ 19,788.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार ने सपाट स्तर पर कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 15.14 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की तेजी के साथ 67,112.58 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 11.60 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,844.80 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 302.30 अंक यानी 0.45 प्रतिशत मजबूत होकर 67,097.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 83.90 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,833.15 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

संसद का मानसून सत्र सदन के हंगामे की भेंट चढ़ने की आशंका, पहले दिन दोनों सदनों में मणिपुर का छाया रहा मामला

सरकार के पास 17 दिन, दिल्ली के अध्यादेश समेत 31 बिल कराना है पास

नई दिल्ली : संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। 11 अगस्त तक चलने वाला ये सत्र हंगामेदार हो सकता है। इसमें मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने का मामला छाया पर रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्र की शुरुआत से पहले ही इस मामले पर बयान दे दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए इस पूरे मामले पर सख्त प्रतिक्रिया दी। दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए भी कहा। उधर, विपक्षी दल मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं। ऐसे में इस मानसून सत्र के भी हंगामे की भेंट चढ़ने की आशंका है। हालांकि, ऐसे में हंगामे के बीच सरकार के सामने कई अहम बिल पास कराने की चुनौती है। 17 दिन चलने वाले संसद के इस सत्र में सरकार ने 31 अहम बिलों को पास कराने की तैयारी की है।

सरकार क्या चाहती है?

संसद के मानसून सत्र के दौरान सरकार की तरफ से 31 बिल को पेश किए जाएंगे। सरकार कोशिश करेगी कि इन सभी को संसद के सदनों से जल्द से जल्द से पास कराकर कानून का रूप दिया जाए। सरकार जानती है कि मणिपुर की घटना को लेकर काफी हंगामा होने वाला है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद सत्र की शुरुआत से पहले ही इस घटना पर दुख और आक्रोश व्यक्त कर दिया। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की बात भी कही है। हालांकि, विपक्ष मुख्यमंत्री वीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। इसको लेकर संसद के दोनों सदनों में जबरदस्त हंगामा हो सकता है। फिलहाल लोकसभा और राज्यसभा दोनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

कौन-कौन से बिल पास कराना चाहेगी सरकार?

1. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक : ये केंद्र सरकार की सबसे प्रमुख बिल है। इसी को लेकर दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद चल रहा है।
2. प्रोविजनल कलेक्शन ऑफ टैक्सेज बिल
3. इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड एंड बैंक बिल
4. डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल
5. पोस्टल सर्विसेज बिल
6. जन विश्वास बिल
7. ड्रग्स, मेडिकल डिवाइसेज एंड कॉस्मेटिक्स बिल
8. द सिनेमेटोग्राफ (संशोधन) बिल 2019
9. डीएनए टेक्नोलॉजी (यूज एंड एप्लीकेशन) रेगुलेशन बिल 2019
10. द मिडिएशन बिल 2021
11. द बॉयोलॉजिकल डायवरसिटी (संशोधन) बिल 2022
12. द मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसायटीज (संशोधन) बिल
13. द रीअपिलिंग एंड अमेंडिंग बिल, 2022
14. द फॉरेस्ट (कंजर्वेशन) अमेंडमेंट बिल 2023
15. द कंस्टीट्यूशन (शेड्यूल ट्राइब्स) ऑर्डर (तीसरा संशोधन) बिल 2022 (हिमाचल प्रदेश के लिए)
16. द कंस्टीट्यूशन (शेड्यूल ट्राइब्स) ऑर्डर (पांचवा संशोधन) बिल 2022 (छत्तीसगढ़ के लिए)
17. द नेशनल कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी बिल, 2023
18. द नेशनल डेंटल कमिशन बिल, 2023
19. द नेशनल नर्सिंग एंड मिडवाइफी कमिशन बिल, 2023
20. द रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ (संशोधन) बिल, 2023
21. द जम्मू कश्मीर रिजर्वेशन (संशोधन) बिल, 2023
22. द सिनेमेटोग्राफ (संशोधन) बिल 2023
23. द प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पिरीयोडिकल बिल, 2023
24. द एडवोकेट्स (संशोधन) बिल 2023
25. द माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) संशोधन बिल 2023
26. द रेलवे (संशोधन) बिल 2023
27. द नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल, 2023
28. द कंस्टीट्यूशन (जम्मू कश्मीर) शेड्यूल कास्ट ऑर्डर (संशोधन) बिल 2023
29. द कंस्टीट्यूशन शेड्यूल कास्ट ऑर्डर (संशोधन) बिल 2023
30. द कंस्टीट्यूशन (जम्मू कश्मीर) शेड्यूल ट्राइब्स ऑर्डर (संशोधन) बिल 2023
31. द प्रोविजनल कलेक्शन ऑफ टैक्सेज बिल 2023

डीयू में कॉम्पिटेंस एन्हांशमेंट स्कीम के तहत पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली विश्वविद्यालय ने अप-स्किलिंग, री-स्किलिंग और लाइफलोंग लर्निंग को सक्षम करने के लिए शताब्दी वर्ष में घोषित कॉम्पिटेंस एन्हांसमेंट स्कीम (सीईएस) की शुरूआत शैक्षणिक सत्र 2023-24 से कर दी है। सीईएस के तहत पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने गुरुवार को बताया कि विश्वविद्यालय की इस अनूठी योजना के तहत किसी भी उम्र का व्यक्ति कोई व्यक्ति किसी भी उम्र में कोई भी पाठ्यक्रम पढ़कर अपने ज्ञान का विस्तार कर सकता है। इस योजना का उद्देश्य उद्यमियों के व्यवसाय को बढ़ाना, प्रबंधकीय कौशल में सुधार करना, शैक्षिक सपनों को पूरा करना, वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाना, कारीगर कौशल को उन्नत करना, विद्यार्थियों के साथ सीखने के माध्यम से आत्मविश्वास का निर्माण करना, विश्वविद्यालय के संसाधनों का उपयोग करना, विद्यार्थी गतिशीलता को बढ़ावा देना और समाज के अनुकूलन के लिए व्यावसायिक आवश्यकताओं के सक्षम बनाना है। डीयू का इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग इस योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल संस्थान होगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो किसी मौजूदा पाठ्यक्रम के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व-आवश्यकताएं, यदि कोई हो, पूरी करता है, तो सीटों की उपलब्धता के अधीन, उस पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण करवा सकता है। गैर वरिष्ठ नागरिकों का प्रवेश योग्यता के आधार पर किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रवेश योग्यता और उम्र के आधार पर होगा, जहां योग्यता और उम्र को क्रमशः 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत का महत्व दिया जाएगा। पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या उस पाठ्यक्रम की कक्षा की कुल क्षमता का अधिकतम 10 प्रतिशत या 6 सीटें, जो भी कम हो, होगी। किसी पाठ्यक्रम में सीईएस के तहत इन सीटों को अतिरिक्त माना जाएगा।

तेलंगाना में ए रेवंत रेड्डी निभाएंगे प्रदेश चुनाव समिति के अध्यक्ष की भूमिका

नई दिल्ली (हि.स.)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी को पार्टी आलाकमान ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की पूरी कमान सौंप दी है। पार्टी ने उन्हें चुनाव समिति का भी अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी को आगामी विधानसभा चुनाव-2023 के लिए प्रदेश चुनाव समिति के गठन का प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है। इस समिति का तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी को चेयरमैन बनाया है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना कांग्रेस में इस वक्त सबसे बड़े नेता रेवंत रेड्डी हैं। खम्मम में राहुल गांधी की लाखों की भीड़ वाली रैली उनके ही नेतृत्व में हुई थी।

रक्सौल-काठमांडू का रेल मार्ग तय, अंतिम सर्वे पर नेपाल की हरी झण्डी के बाद शुरू होगा निर्माण कार्य

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत के सीमावर्ती शहर से नेपाल की राजधानी काठमांडू को जोड़ने वाले विद्युतीय रेलमार्ग की अंतिम सर्वे रिपोर्ट नेपाल को सौंप दी गई है। गेटवे ऑफ नेपाल के नाम से चर्चित बिहार के रक्सौल से काठमांडू तक के रेल मार्ग की फाइनल लोकेशन सर्वे रिपोर्ट नेपाल सरकार के रेलवे विभाग को सौंप दी गई है। नेपाल की हरी झण्डी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। आर्थिक, व्यापारिक और रणनीतिक दृष्टि से नेपाल के लिए अति महत्वपूर्ण रहे इस विद्युतीय ब्रॉडगेज रेलमार्ग का फाइनल सर्वे भारत सरकार के ही आर्थिक सहयोग से कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने किया है। नेपाल का रेल विभाग इस प्रतिवेदन का अध्ययन कर रहा है और जल्द ही अपने सुझाव के साथ इस प्रतिवेदन को भारत सरकार को सौंपने वाला है। नेपाल रेल विभाग के महानिदेशक रोहित कुमार बिसुराल ने बताया कि 140.79 किलोमीटर लम्बे इस रेलमार्ग में 41 किमी. लम्बी सुरंग बनाने का प्रस्ताव सर्वे में किया गया है। बिसुराल के मुताबिक रक्सौल से काठमांडू तक के रेलमार्ग में कुल 101 बड़े पुल और 122 छोटे पुल बनाए जाने की आवश्यकता प्रतिवेदन में बताई गई है। इसमें 18 पुलों को भौगोलिक दृष्टि से अत्यन्त ही कठिन माना गया है। कोंकण रेलवे द्वारा तैयार की गई अंतिम प्रतिवेदन में रक्सौल से काठमांडू तक कुल 12 स्टेशन बनाने का प्रस्ताव है। भौगोलिक और इंजीनियरिंग रूप से अत्यन्त ही जटिल रहे इस विद्युतीय रेलमार्ग के निर्माण पर कुल 2390 करोड़ रुपये लागत का अनुमान है। रेलमार्ग सहित अन्य भौतिक संरचना के निर्माण पर कुल 4 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। नेपाल रेलवे विभाग के महानिदेशक रेहित कुमार बिसुराल ने कहा कि इस रेलमार्ग के बनने के बाद ना सिर्फ दोनों देशों के यात्रियों को काठमांडू तक आने जाने में सुविधा होगी बल्कि व्यापारिक दृष्टि से भी यह परियोजना काफी लाभदायक रहने वाली है। नेपाल का 70 प्रतिशत व्यापार आयात निर्यात सब भारत से ही होता है। नेपाल उद्योग वाणिज्य संघ के अशोक टेमानी का कहना है कि इस रेल मार्ग के बन जाने के बाद नेपाल का व्यापार घाटा तो कम होगा ही महंगाई भी बहुत हद तक कम होने से भी लोगों को राहत मिलेगी। नेपाल को पर्यटन की दृष्टि से भी इस रेलमार्ग से काफी लाभ मिलने वाला है।

मेरठ के मंदिर में साधु बनकर रह रहे गुल्लू खान की असलियत आई सामने, गिरफ्तार

मेरठ (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के दौराला थाना क्षेत्र के मटौर गांव स्थित ओम शिव शनि मंदिर में पिछले सात महीने से साधु बनकर रहने वाले गुल्लू खान की असलियत अब सामने आई है। पुलिस गुल्लू खान को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ में जुटी है। इससे पहले बिहार में भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय गुल्लू खान ओम शिव शनि मंदिर में सात महीने से साधु बनकर रह रहा था। वह मूल रूप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। गुल्लू खान ने मटौर में आकर नाथ संप्रदाय के साधु गुर्जर नाथ महाराज के रूप में अपना परिचय कराया था। उसकी वेशभूषा देखकर मंदिर समिति ने उसे पुजारी बनाकर रख लिया। उसने भगवान गणेश की आरती याद की हुई थी। उसने मंदिर समिति और हिन्दू संगठनों के लोगों को झांसे में रखकर मंदिर में जगह पा ली। सीओ दौराला अभिषेक पटेल के अनुसार पूरे मामले की पड़ताल के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। मामले की गहन जांच की जाएगी। मटौर गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अजय चौहान बताते हैं कि मंदिर में गुल्लू सुबह उठकर सफाई करता था और भक्तों से बातचीत भी करता था। गुल्लू का ध्यान कभी पूजा में नहीं दिखाई दिया। उसने मंदिर में कभी हवन नहीं किया। जब भी लोग उससे हवन आदि करने को कहते तो वह इधर-उधर की बातें करके टाल देता था। इससे भी ग्रामीणों को उस पर शक हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज चौहान बताते हैं कि शक होने पर उससे पूछा कि कुंभ में सबसे पहला स्नान किसका होता है। इसका जवाब भी वह ठीक नहीं दे पाया था। गुल्लू खान के कारनामे का खुलासा मुजफ्फरनगर निवासी कपिल राज ने किया। वह कपिल गुल्लू को जानता था। एनएच-58 हाइवे से गुजरते समय कपिल ने मंदिर में गुल्लू खान को भगवा कपड़ों में देखा तो चौंक गया। कपिल ने यह जानकारी मटौर के लोगों को दी। इससे आश्चर्य में आए लोगों ने गुल्लू खान से धार्मिक प्रश्न किए तो वह जवाब नहीं दे पाया। शारीरिक जांच में गुल्लू का खतना किया हुआ पाया गया तो उसकी पोल खुल गई। इसका खुलासा होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस पूछताछ में गुल्लू ने बताया कि मंदिर में लोग उसके पैर छूकर दक्षिणा देते थे। मंदिर में फल और मेवे खाने को मिल रहा था। इससे वह खुश था और मंदिरों में साधु बनकर रहने लगा। खुलासा होने के बाद पुलिस ने उस पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगलाने में जुटी है। गुल्लू खान द्वारा खुद को नाथ संप्रदाय का दीक्षित साधु बताया था। पुलिस को गुल्लू के पास से मिले आधार और पैन कार्ड से उसके मुस्लिम होने का पता चला। अब पुलिस मुजफ्फरनगर एवं पानीपत जाकर गुल्लू की पड़ताल करेगी। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के जिलाध्यक्ष अमन सिंह, अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारी पुरुषोत्तम ने मंदिर में गुल्लू खान से पूछताछ की थी। उसके मुस्लिम होने की पुष्टि होते ही कार्यकताओं ने वहां पर जमकर हंगामा किया था। अब हिन्दू संगठनों ने मंदिरों में रहने वाले पुजारियों की पूरी पहचान कराने की ठानी है। इसके लिए पुलिस से भी सत्यापन कराने की तैयारी की जा रही है। हिन्दूवादी नेता शीलेंद्र चौहान ने इस पूरे प्रकरण का मंदिर जिहाद का एक रूप बताया है। हिन्दू नेताओं के मुताबिक हिन्दू लड़कियों और महिलाओं को मुस्लिम युवकों द्वारा नाम बदलकर अपने जाल में फंसाने के लव जिहाद के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही हिन्दुओं को भयभीत करके उनके मकान और जमीन खरीदने का लैंड जिहाद भी चलाया जा रहा है। इससे भी कहीं आगे बढ़कर अब मुस्लिम वर्ग के लोग साधु बनकर मंदिरों में भी प्रवेश कर गए हैं। यह मंदिर जिहाद है।

तेज रफ्तार कार ने भीड़ को कुचला

पुलिस कांस्टेबल सहित 9 की मौत, 10 से ज्यादा घायल

अहमदाबाद, 20 जुलाई (हि.स.)। अहमदाबाद के इस्कॉन ब्रिज पर देर रात राजपथ क्लब की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़ी भीड़ को रौंद दिया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक पुलिस कांस्टेबल और एक होमगार्ड का जवान भी शामिल है। 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार की टक्कर इतनी भयंकर थी कि इसकी चपेट में आने वाले लोगों का शरीर 25 से 30 फीट दूर तक उछल गया।

जानकारी के मुताबिक बुधवार देर रात शहर के इस्कॉन ब्रिज पर जा रहे डम्पर के पीछे कार जा टकराई थी। देर रात दुर्घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान

कर्णावती क्लब की ओर से करीब 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही कार ने वहां खड़ी भीड़ को कुचल दिया। हादसे में कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह समेत 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को सोला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतकों में नीरव (चांदलोडिया), अक्षय चावडा (बोटाद), रोनक विहलपरा (बोटाद), धर्मेन्द्र सिंह (पुलिस कांस्टेबल), कृणाल कोडिया (बोटाद), अमन कच्छी (सुरेन्द्रनगर), अरमान वढवानिया (सुरेन्द्रनगर) समेत अन्य शामिल हैं।

घटना के संबंध में ट्रैफिक विभाग के एसीपी एसजे मोदी ने बताया कि घटना में 6 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अन्य लोगों को सोला सिविल अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना करने वाली कार का चालक भी घायल हुआ है। उसे सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के समय ब्रिज पर स्ट्रीटलाइट बंद थी और कार की स्पीड 170 किमी प्रति घंटा थी। कार में लाउड म्यूजिक बजने के साथ छह लोग सवार थे। इनमें तीन युवतियां भी थीं। इस मामले में पुलिस ने आरोपित सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। घटना पर मुख्यमंत्री भूपेश पटेल ने दुख जताते हुए मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को पचास हजार रुपये देने का ऐलान किया है। वहीं मृतकों के परिजनों ने आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया दुख

घटना को लेकर गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के आश्रितों को चार लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की। राज्य के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी घायलों का हालचाल लेने अहमदाबाद के अस्पताल पहुंचे। इसके अलावा मंत्री ऋषिकेश पटेल भी अस्पताल पहुंचे। सहायता राशि पर परिवारजनों ने असंतोष जताते हुए मंत्री से आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उन्हें पैसा की जरूरत नहीं, हम सरकार को 8 लाख देंगे, लेकिन आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई पुलिस करे। इस मामले में पुलिस अब तक कार चालक तथ्य पटेल, उसके पिता प्रज्ञेश पटेल और तीन युवतियों सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अर्जेंटीना का एचएएल से हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा एक कदम आगे बढ़ा

एचएएल के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन के साथ एलओआई पर हुए हस्ताक्षर

अर्जेंटीना ने तेजस में 16 ब्रिटिश मूल के हिस्सों को बदलने की भी शर्त रखी

नई दिल्ली (हि.स.)। अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना की चार दिवसीय भारत यात्रा के दौरान चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए और एलसीएच प्रचंड खरीदने का सौदा लगभग फाइनल होता दिख रहा है। इस बारे में अर्जेंटीना गणराज्य के रक्षा मंत्रालय ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ अपने सशस्त्र बलों के लिए हल्के और मध्यम हेलीकॉप्टरों के अधिग्रहण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एचएएल ने गुरुवार को खुलासा किया कि अर्जेंटीनियाई सशस्त्र बलों के लिए हल्के और मध्यम उपयोगिता वाले हेलीकॉप्टरों के उत्पादक सहयोग और अधिग्रहण पर एक आशय पत्र (एलओआई) पर सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन और अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना ने हस्ताक्षर किये हैं। इस मौके पर अर्जेंटीना के अंतरराष्ट्रीय मामलों के सचिव फ्रांसिस्को कैफिएरो, भारत में अर्जेंटीना के

राजदूत ह्यूगो जेवियर गोब्बी, अर्जेंटीना में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एलओआई पर हस्ताक्षर के बाद अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री ने इस दिन को यादगार और एचएएल के साथ लगातार बढ़ते मजबूत सहयोग की दिशा में एक कदम बताया।

अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री और वायुसेना प्रमुख ने एयरो इंडिया-2023 में तेजस में उड़ान भरकर इस विमान को खरीदने की इच्छा जताई थी। इसीलिए भारत दौरे पर उन्होंने बेंगलुरु जाकर एचएएल के तेजस प्लांट का दौरा किया और इसके बारे में विस्तृत जानकारी ली। सूत्रों का कहना है कि अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री ने एलसीए तेजस में 16 ब्रिटिश मूल के हिस्सों को बदलने की भी शर्त रखी है, जिस पर एचएएल के सीएमडी पहले ही कह चुके हैं कि हमारे पास कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हमने पहले से ही प्रतिस्थापन का चयन कर लिया है और अगर हमें ऑर्डर मिलता है, तो इन्हें आसानी से बदल दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि अर्जेंटीना अब चाहता है कि भारत 16 तेजस लड़ाकू विमानों के प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए एक औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत करे।

अर्जेंटीना में भारतीय राजदूत दिनेश भाटिया ने पिछले महीने एचएएल के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ 'मेक इन इंडिया' रक्षा उत्पादन क्षमताओं विशेष रूप से तेजस और ध्रुव उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) का प्रदर्शन करने के लिए रक्षा मंत्री तायाना के साथ-साथ अर्जेंटीना वायु सेना प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जेवियर इसाक से मुलाकात की थी। एकल इंजन वाला तेजस लड़ाकू, ध्रुव हेलीकॉप्टर, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली उन प्रमुख हथियार प्रणालियों में से हैं, जिन्हें भारत मित्र देशों को निर्यात करने की कोशिश कर रहा है।

अर्जेंटीना की नजर 290 किलोमीटर की दूरी वाली ब्रह्मोस मिसाइलों पर भी है। अपने भारत दौरे के दूसरे दिन अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस का दौरा करने के साथ दिल्ली में शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत भी की है। इसी दिन उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर व्यावहारिक विचार-विमर्श किया था। भारत का हथियारों और रक्षा प्रौद्योगिकियों का निर्यात 2022-23 वित्तीय वर्ष में 16 हजार करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने 2024-25 तक रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में 35,000 करोड़ रुपये के निर्यात सहित 1,75,000 करोड़ रुपये का घरेलू कारोबार हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

अमेरिकी संसद में ऐलान: चीन से निपटने को भारत के साथ मिलकर युद्धक वाहन बनाएगा अमेरिका

वाशिंगटन (हि.स.)। चीन से निपटने के लिए अमेरिका ने भारत के साथ मिलकर लंबी दूरी की तोपों सहित युद्धक वाहनों के निर्माण का फैसला किया है। अमेरिका के हिंद प्रशांत मामलों के सहायक रक्षा सचिव एली रैटनर ने अमेरिकी संसद को यह जानकारी दी। अमेरिकी संसद में चीन के मसले पर हो रही चर्चा के दौरान रैटनर ने बताया कि भारत की परिचालन जरूरतों को देखते हुए भारत और अमेरिका ने युद्धक वाहनों के निर्माण में हाथ मिलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को पुख्ता करने में जुटा है। अमेरिकी संसद में चीन को लेकर यह चर्चा ऐसे

समय पर हो रही है, जब अमेरिका और चीन के संबंधों में ताइवान और मानवाधिकार के मुद्दे पर तनाव गहराया हुआ है।

रैटनर ने कहा कि हमले का जवाब देने की क्षमता को वापस पाने में जापान की भी मदद अमेरिका कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर मिसाइलों और हथियारों की निर्माण क्षमता को विकसित कर रहा है। अमेरिका भारत के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और सह-निर्माण कर रहा है। साथ ही दक्षिण एशियाई देशों को चीन के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मजबूत कर रहा है। रैटनर ने कहा कि हम अपने भारतीय सहयोगियों के साथ लंबी दूरी की तोपों और युद्धक वाहनों के सह-निर्माण की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

सोने की तस्करी में शामिल चीनी गिरफ्तार

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल में सोने की तस्करी में शामिल होने के आरोप में एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल के आव्रजन विभाग ने त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चीनी नागरिक जेक्यूयांग लिन को गिरफ्तार किया है। नेपाल के एयरपोर्ट से करीब 100 किलो सोना पकड़े जाने के बाद इसमें शामिल चीनी नागरिक गुरुवार को चीन के लिए उड़ान भरने वाला था। पुलिस ने उसे सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया कि वह काठमांडू से भागने की कोशिश कर रहा था।

संक्षिप्त

मुंबई के भायंदर में तीन मंजिला इमारत गिरी, चार घायल

मुंबई (हि. स.)। मुंबई से सटे भायंदर शहर में गुरुवार को तीन मंजिली इमारत अचानक ढह जाने से चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल भायंदर स्थित पंडित भीमसेन जोशी (टेंभा) अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड के जवान तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव अभियान चलाया। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने गुरुवार को विधानसभा में दी। पवार ने सदन में बताया कि गुरुवार को भायंदर पूर्व में स्थित नवकीर्ति इमारत का एक हिस्सा अचानक ढह गया। इस घटना में इंद्रजीत शर्मा (उम्र 48), जॉर्ज फर्नांडिस (55), हरिशंकर मौर्य (55), आबिद अली (22) घायल हो गए हैं। मीरा -भायंदर नगर निगम के कर्मी और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया है। अजीत पवार ने बताया कि इस इमारत को स्थानीय नगर निगम ने पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था और इसमें कोई नहीं रहता था। इमारत की ग्राउंड पर दुकानें थी, इसी वजह से चार लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल पर मलबा हटाने का काम चल रहा है।

कोयला और मवेशी तस्करी मामले की जांच में शामिल सीबीआई अधिकारियों का तबादला

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित कोयला और मवेशी तस्करी मामले की जांच कर रही सीबीआई के कोलकाता जोन के संयुक्त निदेशक एन वेणुगोपाल का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह राजेश प्रधान को कोलकाता भेजा गया है। वेणुगोपाल को फिलहाल हैदराबाद जोन का ज्वाइंट डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। आरोप लग रहे थे कि सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के साथ तालमेल कर सीबीआई के अधिकारी काम कर रहे थे, जिसकी वजह से ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। उनकी जगह लेने वाले राजेश प्रधान 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अगले पांच सालों के लिए उन्हें कोलकाता जोन का जॉइंट डॉयरेक्टर नियुक्त किया गया है। सीबीआई के डीआईजी पद पर वह नियुक्त हैं। एन वेणुगोपाल के साथ-साथ ज्वाइंट डायरेक्टर (रूल) अमित कुमार का भी तबादला किया गया है। दोनों को पिछले ही साल कोलकाता में नियुक्त किया गया था। उसके पहले पंकज श्रीवास्तव ज्वाइंट डायरेक्टर थे।

इराक ने स्वीडिश राजदूत को किया निष्कासित, स्वीडन से बुलाया वापस

बगदाद(हि.स.)। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एक व्यक्ति द्वारा कुरान के अपमान का मामला गंभीर होता जा रहा है। इराक की राजधानी बगदाद में स्वीडिश दूतावास पर हमले, आगजनी व विरोध प्रदर्शन

के बाद स्वीडन के दूतावास को बंद कर दिया गया है। इराक ने स्वीडन के राजदूत को निष्कासित करने के साथ स्वीडन से इराकी राजदूत को वापस बुला लिया है। स्वीडन में कुरान के अपमान के विरोध में इराक की राजधानी बगदाद स्थित स्वीडन के दूतावास पर जोरदार प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने स्वीडिश दूतावास पर हमला कर दिया, परिसर में घुसकर आग लगा दी और हंगामा खड़ा कर दिया। प्रदर्शनकारी प्रभावशाली इराकी शिया मौलवी और राजनीतिक नेता मुक्तदा अल-सद्र को दशार्ने वाले झंडे लहरा रहे थे। भारी संख्या में लोग परिसर में दाखिल हुए और आग लगा दी। आग बुझाने के लिए फायरब्रिगेड की गाड़ी को बुलाना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस भी प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित नहीं कर सकी। इसके बाद स्वीडन की ओर से इराक स्थित दूतावास आगंतुकों के लिए बंद करने की घोषणा कर दी गयी। इस घटनाक्रम के बाद इराक ने स्वीडन के राजूद को निष्कासित कर दिया है। स्वीडन में तैनात इराक के कार्यवाहक राजदूत को वापस बुला लिया गया है। इराकी सरकार ने बुधवार को ही स्वीडन को बता दिया था कि कुरान के अपमान के मसले पर इराक निश्चित रूप से स्वीडन से राजनयिक संबंध तोड़ देगा। इस बीच प्रधानमंत्री शिया अल-सुदानी ने इराकी अधिकारी आगजनी करने वालों पर भी मुकदमा चलाएंगे।

भारत का नेतृत्व मॉडल अहंकार का स्वरूप नहीं बल्कि विश्व गुरु का है : बीआर शंकरानंद

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद ने कहा कि भारत का नेतृत्व मॉडल अहंकार का स्वरूप नहीं बल्कि विश्व गुरु का है। शंकरानंद दिल्ली विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा शुरू किए गए एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) नामक नए प्रोग्राम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के इंटरनेशनल बिजनेस (आईबी), ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट (एचआरडी) और बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के नए दाखिल हुए एमबीए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

शंकरानंद ने एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) प्रोग्राम के शुभारंभ को लेकर कहा कि इस प्रोग्राम के शुरू करने में नेतृत्व का अहम योगदान है। उन्होंने भारतीय संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि आज हम दुनिया को नेतृत्व देने की अवस्था में पहुंच गए हैं। विद्यार्थियों को इस बात का भान होना चाहिए। भारत को भारतीय रूप में दुनिया के सामने लाने के लिए भी नेतृत्व बहुत महत्वपूर्ण है। आज के समय में भारत का नेतृत्व दुनिया को चमकने वाला है। शंकरानंद ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विकसित राष्ट्र होगा और आप सबका भी यही संकल्प होना चाहिए। आने वाले 25 वर्षों में हमें श्रेष्ठ भारतीय नेतृत्व देते हुए इस सपने को साकार करना है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र होगा। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय और इसके विद्यार्थियों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि उस समय तक या तो आप लोग नेतृत्व की स्थिति में होंगे या फिर बहुत ही महत्वपूर्ण पदों पर होंगे। ऐसे में यह नया प्रोग्राम एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) एक बहुत ही प्रासंगिक प्रोग्राम है। कुलपति ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमारी प्रति व्यक्ति आय वर्तमान से छः गुना अधिक होनी चाहिए। इसके लिए हमें अगले 25 वर्षों तक 9 प्रतिशत ग्रोथ रेट चाहिए। यह सब बिजनेस इन्वेंटर से ही संभव है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि टॉर्च इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट पीटीई लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक शौर्य डोभाल ने विद्यार्थियों से कहा कि अगले दो वर्षों में जब आप एमबीए की डिग्री लेकर निकलेंगे तो आपके सामने बहुत से अवसर होंगे। आज जिस बिन्दु पर आप हैं वहां देश पहले नहीं था।

एरिस इंडिया के अध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि मानव मस्तिष्क बहुत ही तेजी से विकसित हो रहा है। आज आईटी क्रांति का दौर है। जब क्रांतियां होती हैं तो अक्सर जॉब लॉस होता है। लगातार नई-नई तकनीकों का आविष्कार हो रहा है। यदि बदलते वक्त के साथ हमने खुद को नहीं बदला तो जॉब लॉस का खतरा अधिक होगा। इसलिए रीस्किलिंग की लगातार जरूरत है।

बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार सिंह ने बताया कि एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) को बिजनेस एनालिटिक्स के क्षेत्र में पेशेवर रूप से योग्य युवा विद्यार्थियों हेतु उद्योग और व्यवसाय की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता और उद्योग की उभरती मांगों की गहरी समझ के साथ सावधानीपूर्वक यह व्यापक एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) प्रोग्राम तैयार किया है। इसका उद्देश्य आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में नेतृत्व करने और सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण असाधारण व्यावसायिक पेशेवरों को तैयार करना है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)